

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919


नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 01 अंक: 282 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 20 जुलाई 2022 vatankiawaz@gmail.com पेज:12 मूल्य 05 रुपया


## अवैध खनन माफियाओं को किसी सूरत में बख्शा नहीं किया जाएगा: डीजीपी।

### शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंपा। डीजीपी ने पीड़ित परिवार को बंधाया ढाढस।

नूंह जुबैर खान अवैध खनन माफियाओं द्वारा तावडू के डीएसपी सुरेंद्र सिंह विश्नोई की डंपर चढ़ाकर की गई हत्या को लेकर हरियाणा पुलिस महानिदेशक पीके अग्रवाल नूंह के सरकारी अस्पताल पहुंचे। यहां पर उन्होंने डीएसपी के परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढाढस बंधाया और कहा कि पूरा पुलिस डिपार्टमेंट इस दुख की घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ा है। इस दौरान डीजीपी प्रशांत कुमार अग्रवाल ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि अवैध खनन माफियाओ को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। इतना ही नहीं जिले में हो रहे अवैध खनन को लेकर उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि अवैध खनन को लेकर पुलिस पूरी सख्ती से काम करेगी। जिन लोगों ने ये अपराध किया है उन पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। डीजीपी अग्रवाल ने कहा कि इस तरह के अपराधियों के लिए हरियाणा में कोई जगह नहीं है। जिन लोगों ने इस अपराध को अंजाम दिया है उनकी शिनाख्त कर गिरफ्तारी के लिए टीम लगी हुई है। जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



डीएसपी मृतक

फोटो केप्शन। पत्रकारों से बातचीत करते हुए डीजीपी

**वारदात को अंजाम देने वाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार: डीजीपी।**

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बताया कि इस घटना को अंजाम देने वाले आरोपियों में से पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। डीजीपी ने बताया कि पुलिस मुठभेड़ के दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया जहां उसके पैर में गोली लगने के कारण उसे मेवात के मेडिकल कॉलेज नलहड़ में एडमिट किया गया है। आरोपी की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में बचे अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

**नूंह के सिविल अस्पताल में हुआ पोस्टमार्टम।**

डीएसपी सुरेंद्र सिंह के शव का पोस्टमार्टम नूंह के सिविल अस्पताल में हुआ। इस दौरान उनके परिजन और रिश्तेदार भी मौजूद रहे। लगभग 4 घंटे तक चले पोस्टमार्टम के दौरान रेवाड़ी रेंज के आईजी रवि किरण, एसपी वरूण सिंगला,डीसी अजय कुमार, एएसपी ऊषा रानी, डएसपी अशोक कुमार, डीएसपी ममता खरब, सहित पुलिस प्रशासन का भारी अमला मौजूद रहा। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## वित्त मंत्री ने किया बड़ा ऐलान, आटा, दाल-चावल समेत इन 14 चीजों पर नहीं लगेगा कोई जीएसटी!

**केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज एक लिस्ट शेयर करते हुए बताया है कि लिस्ट में मौजूद सभी 14 चीजों को यदि खुला बेचा जाएगा, अर्थात बिना पैकिंग के बेचा जाएगा तो उन पर जीएसटी की कोई भी दर लागू नहीं होगी. इसमें दाल, गेहूं, बाजरा, चावल, सूजी और दही/लस्सी जैसी रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली कई महत्वपूर्ण चीजें शामिल हैं.**

जीएसटी बैठक के बाद वित्त मंत्री ने जानकारी दी थी कि 18 जुलाई से कई चीजों के दाम बढ़ जाएंगे. 18 जुलाई से तय की गई वस्तुओं के दाम में बदलाव भी हो गया है. लेकिन इस बीच आटा,चावल, डाल जैसी चीजों पर जीएसटी को लेकर लोगों में हुए कंफ्यूजन को दूर करते हुए वित्त मंत्री ने बड़ी जानकारी दी है.



**वित्त मंत्री ने दी जानकारी**

दरसल, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज एक लिस्ट शेयर करते हुए बताया है कि लिस्ट में मौजूद सभी 14 चीजों को यदि खुला बेचा जाएगा, अर्थात बिना पैकिंग के बेचा जाएगा तो उन पर जीएसटी की कोई भी दर लागू नहीं होगी. इसमें दाल, गेहूं, बाजरा, चावल, सूजी और दही/लस्सी जैसी रोजमर्रा में इस्तेमाल होने वाली कई महत्वपूर्ण चीजें शामिल हैं.

**पैकेज्ड फूड पर लगेगा जीएसटी**

गौरतलब है कि जीएसटी बैठक में अनाज, चावल, आटा और दही जैसी चीजों पर 5 फीसदी ञ्श्ळ की बात कही गई थी, लेकिन ये पैकेज्ड फूड पर था. सरकार के फैसले का बचाव करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि यह जीएसटी केवल उन्हीं उत्पादों पर लागू है जो प्री-पैक्ड और लेबल्ड हैं. बता दें कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की 47वीं चंडीगढ़ में हुई थी, जिसमें कई बड़े फैसले लिए गए थे.

**GST के फैसले पर पुनर्विचार करने की सिफारिश**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने ट्वीट्स की एक सीरीज पोस्ट करते हुए ने कहा, 'हाल ही में, जीएसटी परिषद ने अपनी 47 वीं बैठक में दाल, अनाज, आटा जैसे विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर जीएसटी लगाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की सिफारिश की है. हालांकि काफी गलतफहमियां फैली है. यहां तथ्यों को सामने लाने की कोशिश है.'

**यह पहली बार नहीं: वित्त मंत्री**

वित्त मंत्री ने आगे लिखा, क्या यह पहली बार है जब इस तरह के खाद्य पदार्थों पर कर लगाया जा रहा है? नहीं, राज्य सरकारें GST से पहले की व्यवस्था में खाद्यान्न से काफी राजस्व एकत्र कर रहे थे. अकेले पंजाब ने पर्चेज टैक्स के रूप में खाद्यान्न पर 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का संग्रह किया. यूपी ने ₹700 करोड़ जुटाए.'

## भागलपुर स्टेशन परिसर में देर रात एक बमनुमा वस्तु मिलने से इलाके में फैली सनसनी।

भागलपुर :----समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी ।

6 घंटे बीतने के बाद बम स्क्वायड की टीम पहुंचकर इसकी जांच की, फिलहाल पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है भागलपुर के स्टेशन परिसर में सोमवार की देर रात एक बमनुमा वस्तु मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। दरअसल यह बमनुमा वस्तु जीआरपी कार्यालय के बिल्कुल पीछे फुटओवर ब्रिज के नीचे वाहन पार्किंग की जगह में मिली। जिसे देखते ही पार्किंग वालों में अफरातफरी का माहौल बन गया। बता दें कि सोमवार के दोपहर ही स्टेशन परिसर में डीआरएम की अध्यक्षता में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया गया। जिसके बाद डीआरएम ने पूरे स्टेशन परिसर का निरीक्षण भी किया था।



इसके बावजूद स्टेशन परिसर के भीतर किसी विस्फोटक पदार्थ का मिलना अपने में ही एक बड़ा सवाल है। वहीं प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वे लोग पार्किंग के आसपास घूम रहे थे तभी उन्होंने रस्सी से लिपटे हुए उस वस्तु को देखा,जिसमें उन्हें बम होने की आशंका दिखी और उन्होंने फौरन रेलवे पुलिस बल को सूचित किया। जानकारी मिलने पर आरपीएफ इंस्पेक्टर रणधीर कुमार दल बल के साथ फौरन मौके पर पहुंचे हालांकि बम निरोधी दस्ता नहीं होने के कारण किसी ने भी उस वस्तु को हाथ नहीं लगाया, वहीं पूछे जाने पर इंस्पेक्टर ने बताया कि बम निरोधी दस्ता आने के बाद ही किसी चीज का पता लगाया जा सकता है। 6 घंटे बीतने पर बम स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंची और उस बमनूमे वस्तु का जांच किया जिसमें किसी तरह की बारूदी पदार्थ नहीं पाया गया, फिल्हाल पुलीस मामले की छानबीन कर रही है।

## निगरानी विभाग ने 40 हजार लेते दरोगा और ड्राइवर को दबोचा।

पूर्णिया/दैनिक समाज जागरण/प्रवीण भदौरिया

एकबार फिर निगरानी विभाग ने पूर्णिया में एक बड़ी कार्यवाई की है। बीते एक महीने में 3 घूसखोर अधिकारियों को घुस लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। मंगलवार सुबह सदर थाना परिसर के आगे चाय दुकान से सदर थाना में पदस्थापित एएसआई संतोष कुमार को निगरानी



विभाग ने 30 हजार घुस लेते हुए रंगे हाथ दबोचा। साथ ही थाना के प्राइवेट चालक मो.एनुल उर्फ सोनू को भी 10 हजार लेते हुए गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि सदर थाना कांड संख्या 463/22 में आरोपी बनाये गए एक शख्स का केस से नाम हटाने के एवज में पीड़िता वनिता कुमारी से केस के अनुसंधान कर्ता संतोष कुमार ने 30 हजार रुपया घुस माँगा था। वही पूरा काम कराने के एवज में थाना का प्राइवेट ड्राइवर 40 हजार मांगा था, जिसमें 30 हजार अनुसंधान कर्ता को देता और 10 हजार खुद रखता। वही पीड़िता विनीता कुमारी का कहना था कि उसके पति पूरी तरह निर्दोष है फिर पैसा क्यों दे।

वहीं निगरानी विभाग के इस रेड के प्रभारी संजय जायसवाल ने बताया कि लगातार पैसे की माँग से तंग आकर पीड़िता विनीता कुमारी ने निगरानी पटना में मामला दर्ज कराया। निगरानी ने जब मामले का सत्यापन किया तो मामला सत्य निकला। जिसके बाद थाना के आगे से एएसआई संतोष कुमार को 30 हजार और ड्राइवर मो.एनुल उर्फ सोनू को 10 हजार लेते रंगे हाथ हिरासत में लिया गया है। निगरानी विभाग सभी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनो को साथ पटना लेकर चली गई।

## रेल मंत्रालय ने आजादी के 75 वें महोत्सव के उपलक्ष्य में नुक्कड़ नाटक, सेनानियों की प्रदर्शनी लगाई

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-रेल मंत्रालय ने आजादी के 75 वें महोत्सव के उपलक्ष्य में पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर नुक्कड़ नाटक व तमाम स्वतंत्रता सेनानियों की प्रदर्शनी लगाई। प्रदर्शनी में भारत देश को आजादी दिलाने वाले स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष व यातनाओं को यात्रियों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिखाया गया। हमारी संवाददाता गीता स्वर्णकार ने बताया कि उक्त प्रदर्शनी स्टेशन पर 18से 23 जुलाई तक आयोजित की जा रही है।यात्री बड़ी ही उत्सुकता के साथ नुक्कड़ नाटक व प्रदर्शनी को देख रहे हैं। अनिरुद्ध कुमार एडीआरएम रेलवे ने बताया कि कार्यक्रम/प्रदर्शनी अगस्त क्रांति व स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस, सत्याग्रह एक्सप्रेस के अतिरिक्त कई मुख्य



रेलगाड़ियों में आयोजित की जाएगी। मेरठ रेलवे स्टेशन पर इस प्रकार प्रदर्शनी लगाई जाएगी। रेल मंत्रालय का उद्देश्य है कि जनता और युवाओं की भागीदारी भी इस आयोजन में सुनिश्चित की जाएं।स्कूल के बच्चे इस प्रदर्शनी व नुक्कड़ नाटक को देखें। इस मौके पर रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष विनय कुमार त्रिपाठी व पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन के प्रमुख आर पी पांडे व एडीआरएम अनिरुद्ध कुमार ने यात्रियों मौजूद जनसमुदाय को संबोधित किया। सीनियर डीपीओ मुकेश बहादुर सिंह व डीपीओ गुलशन अरोड़ा का भी सहयोग रहा।

## विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान मे मैगा वैक्सीनेशन सेंटर का उद्घाटन

(हरेश उपाध्याय) दिल्ली:-रामगढ़ के मनोहर होटल रेसिडेंशि के हाल में विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन के तत्वाधान में निःशुल्क मेगा वैक्सीन शिविर का शुभारंभ हजारीबाग लोकसभा की सांसद प्रतिनिधि इलारानी पाठक व चैम्बर ऑफ कॉमर्स एन्ड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष सुबोध पाण्डेय, विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्यता प्रभारी प्रदीप कुमार शर्मा व केन्टबोर्ड के मनोनीत सदस्य कीर्ती गौरव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर विधिवत किया गया।उद्घाटन के उपरांत विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश सचिव कमलनाथ चौधरी व रवि मिश्रा ने सभी सम्मानित अतिथियों को अंगवस्त्र व बुके देकर सम्मानित किया गया। प्रदीप शर्मा ने कहा कि थोड़ी सी लापरवाही इस वैश्विक



कोरोना महामारी को व्यापक रूप दे सकती है। कार्यक्रम का संचालन जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा व श्याम शर्मा ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नवीन पाठक ने पढ़ा। कमल शर्मा,पप्पू शर्मा, जय किशन शर्मा, कमलनाथ चौधरी, दीपक तिवारी , अजय पाठक , महेन्द्र दुबे,अजय कुमार मिश्रा, रवि मिश्रा, रोहित कुमार तिवारी, मुना मिश्रा, नवीन पांडे, बबलू पांडे, विकास शर्मा, दयाशंकर उपाध्याय, रामानन्द मिश्रा ,अमित बैलथरिया , हरिहरपाठक, संजय शर्मा, राहुल कुमार तिवारी,दिलीप मिश्रा,सूरज शर्मा,अशोक उपाध्याय सहित अनेक लोग उपस्थित रहें। मनोहर होटल में रोजाना बूस्टर डोज वैक्सीन लगाई जायेगी।

## कमीशन में हिस्सेदारी को लेकर हो गया बड़ा तमाशा, भिड़ गए मुखिया प्रतिनिधि और आवास सहायक।

नवादा ब्यूरो,(धर्म जीत सिन्हा) समाज जागरण

नवादा: जिले के पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र के ज्यूरी पंचायत के मड़वा गांव में मंगलवार गजब का तमाशा हुआ। जहां कमीशन को लेकर मुखिया प्रतिनिधि एवं आवास सहायक कौशलेंद्र कुमार आपस में भिड़ गए। कमीशन में बंटवारे को लेकर विवाद हुआ। मौका ए वारदात पुलिस को पहुंचना पड़ा। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति के उपरांत लाभुकों को दूसरी किश्त की राशि देने के पूर्व आवास सहायक मड़वा गांव में निमार्णाधीन आवास का फोटो करने को लेकर पहुंचे थे, तभी मुखिया के पुत्र एवं समर्थक वहां पहुंच गये। कमीशन में बराबर हिस्सा को लेकर आवास सहायक से उनलोगों का विवाद होने लगा। आवास सहायक कड़े तेवर में उनलोगों का विरोध करने लगे। विवाद हाथापाई तक पहुंच गई। सूचना मिली तो थानाध्यक्ष शिशुपाल पहुंच गए। उन्होंने मामले की जांच की। बताया कि दोनों पक्ष से आवेदन प्राप्त हुआ है। पुलिस जांच कर रही है। बता दें कि आवास सहायक के साथ इस तरह का मामला आम हो गया है। ज्यूरी ही नहीं प्रखंड के अन्य पंचायतों में भी लाभुकों से मोटी रकम वसूली हो रही है। नहीं देने पर लाभुकों को अगले किश्त की राशि नहीं भेजने की धमकी दी जाती है। जिले के कई प्रखंडों में पूर्व में आवास सहायकों और दलालों के खिलाफ एफआईआर भी हुआ है, फिर भी कमीशनखोरी बंद नहीं हुआ है।

शिकायत के बाद भी जांच और कार्रवाई नहीं की जाती है। नतीजा है कि मनमाना वसूली हो रही है। धमौल, डुमरावां सहित अन्य पंचायत का हाल भी ऐसा ही है। दलाल के माध्यम से राशि की वसूली होती है। तजा घटना के बाबत बीडीओ नीरज कुमार पूछे जाने पर कुछ भी बताने से परहेज किया

## मुठभेड़ में एक 25 हजार का इनामी गौ तस्कर गिरफ्तार

दैनिक समाज जागरण संभल । थाना नखासा क्षेत्र के गांव गुमसानी के निकट बाइक सवार बदमाश ने पुलिस पर फायरिंग की पुलिस की जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और बदमाश की गोली लगने से एक सिपाही भी घायल हुआ । घायल बदमाश सुलेमान निकला गौ तस्कर, गैंगस्टर एक्ट में वांछित और 25 हजार का इनामी, बदमाश से एक बाइक और कारतूस सहित तमंचा बरामद। जनपद के थाना नखासा प्रभारी



निरीक्षक अपनी टीम के साथ गांव गुमसानी के निकट वाहन चेकिंग कर रहे थे तभी सामने से एक बाइक सवार आता दिखाई दिया जिसे पुलिस ने रुकने का इशारा किया तो उसने पुलिस टीम पर तमंचा से फायर करना शुरू कर दिया उधर से पुलिस ने जबाबी फायरिंग कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया लेकिन दोनो ओर की फायरिंग में बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया और दूसरी ओर बदमाश की गोली से एक सिपाही राजेश भी घायल हो गया।मुठभेड़ की सूचना मिलने पर एएसपी आलोक कुमार जयसवाल भी भारी पुलिस फोर्स लेकर मौके पर पहुंच गए।घायल बदमाश और सिपाही को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां पर उनकी हालत ठीक बताई जा रही थी। एएसपी आलोक कुमार जयसवाल ने बताया की गिरफ्तार बदमाश का नाम सुलेमान निवासी जनपद रामपुर एक गौ तस्कर है जो गैंगस्टर एक्ट में थाना नखासा से वांछित चल रहा था जिसके ऊपर 25 हजार का इनाम घोषित था जिसकी पुलिस को काफी दिनों से तलाश थी । बदमाश से एक बाइक और कारतूस सहित एक तमंचा बरामद किया गया है। बदमाश के खिलाफ कार्यवाही करते हुए जेल भेजा जा रहा है।

## एनजीओ द्वारा गैर कानूनी तरीके से दुकानदारों से की जा रही है अवैध वसूली

### रसीद पर छत्तीसगढ़ कार्यालय का लिखा गया है पता

समाज जागरण विश्वनाथ त्रिपाठी

प्रतापगढ़ - आलापुर खाद्य सुरक्षा मानक प्रमाणन छपी रसीद पर छत्तीसगढ़ का कार्यालय पता दिखाकर ड्ड700 प्रति दुकानदार द्वारा की जा रही है वसूली वसूली कर रहे लोगों से पूछताछ पर पहले तो सरकारी योजना बताया परंतु जब उच्च अधिकारियों से वार्ता की गई तो मामला कुछ अलग निकला फिर गांव स्तर से लेकर देश स्तर पर एनजीओ द्वारा बड़े पैमाने पर गोरख धंधा किया जा रहा है कई बार मामला मीडिया में आने पर एनजीओ संचालक जेल भी जा चुके हैं तरह-तरह के हथकंडे अपनाकर नई नई नीत बनाकर लोगों के साथ ठगी करने का काम एनजीओ बखूबी कर रहे हैं जिला प्रशासन भी इस तरीके से कार्य कर रहे लोगों तक नहीं पहुंच पाता है जब मीडिया की सुर्खियां बनती है तो प्रशासन की आंखें खुलती हैं और इस तरह से एनजीओ का संचालन कर रहे हैं लोगों पर कार्यवाही हो पाती है आखिर इस तरह से गरीबों को एनजीओ के द्वारा कब तक ठगी की जाएगी गंभीरता से पूछताछ पर पता चला है कि एनजीओ का मास्टरमाइंड जनपद सुल्तानपुर का है जो उत्तर प्रदेश में दुकानदारों को प्रशिक्षण व प्रमाण पत्र दिलाने के नाम पर ड्ड700 प्रति दुकानदार एजेंट के माध्यम से वसूली करवा



रहे हैं समाज के जागरूक लोग भी इस तरीके से कार्य कर रहे हैं लोगों को नजरअंदाज कर देते हैं जबकि चाहिए की इस तरह से कार्य करने वालों की जानकारी स्थानीय थाना से लेकर जिला प्रशासन को तत्काल देनी चाहिए जिससे लोगों के साथ ठगी होने से रोका जा सके और गलत लोगों पर कार्यवाही हो सके




# साधना पथ (भाग 201)


देव मणि शुक्ल

साधकों मानस में प्रसंग आता है निषादराज गुह का । इस प्रसंग के माध्यम से हमें बहुत कुछ सीखने को प्राप्त होता है । जब भगवान श्रीराम




श्रृंगवेरपुर पहुंचे और निषादराज ने जैसे यह समाचार सुना उसकी प्रसन्नता का ठिकाना नही रहा । उसने तुरन्त अपने भाई बन्धुओ को एकत्र किया और थोडे.से फल फूल लेकर श्रीराम जी का दर्शन करने के लिये चल देता है । गुहराज प्रेम मग्न है , क्या श्रीराम मुझे अपनायेंगे ? श्रीराम मुझसे गले तो मिलेंगे नही ? मुझसे बात करेंगे ? चलिये कोई बात नही अगर वे मुझे एक बार देख भी लेंगे तो मेरा उद्धार हो जायेगा । ऐसी मन मे तरह तरह की कल्पना करता हुआ निषादराज भगवान श्रीराम के सम्मुख पहुँचा ।

साधकों -इस प्रसंग पर एक बात जरुर कहना चाहूँगा , रात दिन पुण्य का दावा करने से अच्छा है कि व्यक्ति यह कहे कि मै पापी हूँ । क्या हम अपने आपको पापी कह सकते है ? मन्दिर मे भले ही मन कहे कि मै पापी हूँ , दीन हूँ पर बाजार मे यदि कोई कह दे कि तुम पापी हो तो उस पर मानहानि का केश कर देंगे । संत इसलिये हमसे आगे हैं कि वे अपने आपको पापी कहने की छमता रखते है और पुण्य कहते हैं इसलिये पीछे हैं । हम किसी दिन व्रत रहें और उस दिन कोई हमसे पूँछे , भोजन किया ? तब उसे और उसके माध्यम से और लोगो को यह बताते हुये बहुत आनन्द आता है कि आज हमारा व्रत है । धन्य है गोस्वामी बाबा , सूर-दास ,जिन्होने लोगो के सामने यह कहा कि हम पापी हैं । जीवन मे एक बात जरुर मान ले कि

पाप को प्रकट करने एवं पुण्य को छिपाने से ही कल्याण होगा ।

दूसरा कोई रास्ता नही है ।

साधको - एक पापी प्रभु की शरण मे आ रहा हैं ।दूर से भगवान के चरणारविन्द मे दण्डवत प्रणाम किया -

करि दण्डवत भेंट धरि आगे ।
प्रभुहि बिलोकत अति अनुरागे।।

निषादराज के नेत्र सजल हो उठे । श्रीराम जी ने गुह की भाव दशा देखी - गुह हाँथ जोडकर कहता है - महराज ! मै तो पापी हूँ , भील हूँ । दुनिया कहती है कि जो गंगा स्नान करता है वह पवित्र हो जाता हैं , पर हम तो रोज स्नान करते हैं फिर भी गंगा हमे पवित्र नही करती । अब गंगाजी को भी पवित्र करने दूसरी गंगा आ गयी है , अतः अब सायद हमारा बेडा.पार हो जाय ।सजल नेत्रो से गुह राम दर्शन मे मग्न है ।उसका भावावेश देखकर राम जी ने उसे अपने पास हाथ पकडकर बैठाया -

सहज सनेह बिबस रघुराई ।
पूँछी कुशल निकट बैठाई ।।

गुह दण्डवत प्रणाम किये लेटा है , भगवान श्रीराम ने गुह का हाँथ पकडकर खडा. किया ।यह गुहराज की कल्पना के बाहर था । उसने सोचा था कि श्रीराम जी एक बार मेरी ओर देख ले यही बहुत है पर जब गुह को रामजी ने गले लगाया तब गुह देहभान भूल गया । आज गुहराज राम रुप बन गया ।

साधकों - गोस्वामी बाबा ने दिखाया कि यहीं से रामराज का उद्घाटन हुआ । रामराज की कल्पना करना है तो सबसे पहले झोपडी. मे बैठे हुये को बुलाने जाना चाहिये । रामराज के विषय मे सोचना भी हो तो जिसकी आँखो मे आंसू बहते हो उसे प्यार करो । श्रीरामजी यहाँ से पहला कदम रामराज का चले हैं ।

साधकों - हम ब्राम्ह्यण कुल मे जन्म लिये है तो इसका अर्थ यह नही कि हम दूसरो को नीच माने । तिलक लगाने वाले यह सोचें कि तिलक न लगाने वाले अपबित्र हैं ।कौन पवित्र , कौन अपबित्र ? कौन बडा., कौन छोटा ? इसका निर्णय जिसने जन्म दिया है उसे करने दो । ईश्वर का नियम अपने हांथ मे न लो । हमे क्या अधिकार है कि ईश्वर की सृष्टि को नीच गिनने का ? हमे तो सब एक लगते है ।

चतुराई चूल्हे पडी. धिकहि पड्यो आचार ।
तुलसी हरि भक्ति बिनु चारो बरन बिचार ।।

बस जीवन मे प्रेम चाहिये । राम कथा तो प्रेम प्रधान कथा है ।यह राग प्रधान ग्रन्थ है , विराग प्रधान नही ।

साधकों - आज निषादराज रामजी की भुजा मे बन्द हैं ।यह मनुष्य कितना भाग्यशाली है धीरे से प्रभु के हाँथ मे से निकला और उनके चरणों पर गिर पडा. ।रामजी गुहराज को बुलाते है , तब गुहराज इतना ही बोल सका - महराज ! मेरा आज आपने बेडा. पार कर दिया ।आज मेरी धरती पवित्र हो गयी ।सदियों से हमे कोई नही बुलाता प्तआज आपने पतितपावन नाम सच साबित कर दिया ।

साधकों यदि रामजी की संस्कृति को अपनाना है , हम श्रीराम जी के ही वंसज है यह सिद्ध करना है तो

छोटे से छोटे व्यक्ति को बुलाओ ।

बडे. धनाढ्य व्यक्ति को तो सभी बुलाते हैं , इसमे कौन सी बडी.बात है पर किसी गरीब , परेशान , निरीह व्यक्ति का सहारा बनो तो समझा जाय कि हम राम के वंशज है ।

राम जी ने तो पूरे जीवन काल मे उसी को अपनाया जिसे . संसार ने ठुकराया ।

गुहराज आनन्द विभोर होकर सीताजी एवं लक्ष्मण जी का वन्दन करते है । गुहराज भाव विभोर होकर कहते है - महराज !

देव धरनि धनु धाम तुम्हारा ।
मै जनु नीचु सहित परिवारा ।।

यह पृथ्वी , धन और घर सब आपका ही है । मै परिवार सहित आपका सेवक हूँ । महराज जिसे मै अपना मानता रहा , वह सब आपका ही है । ऐसी समर्पण भावना ही हमें प्रभु के सन्निकट कर सकती है ।

# यूक्रेन का साथ देने का परिणाम, यूरोपीय देशों में पेट्रोल डीजल के दाम चरम पर ।

यूरोपीय आर्थिक विकास परिषद के अध्यक्ष वल्दिस डोम्ब्रोबक्सी ने रूस यूक्रेन युद्ध के परिणाम स्वरूप यूरोपीय देशों में महंगाई 6.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.6% होने पर गहरी चिंता जताई है। यूरोपीय देशों के संघ के 19 सदस्य दल ने रूस द्वारा आवश्यक वस्तुओं यानी पेट्रोल डीजल और गैस के दामों में वृद्धि किए जाने और आपूर्ति बंद करने पर विशेष तौर पर जर्मनी,फ्रांस और इटली तथा अन्य देशों पर बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने की आशंका जताई है, पेट्रोल डीजल गैस की आपूर्ति बंद होने से इनकी कीमतें एक नई सीमा को छूने लगी हैं। गौरतलब है कि रूस आवश्यक वस्तु की आपूर्ति यूरोपीय देशों को अमेरिका की तुलना में कम दामों में दिया करता था किंतु रूसी यूक्रेन युद्ध में यूरोपीय देशों द्वारा यूक्रेन का समर्थन किए जाने पर रूस सरकार ने पेट्रोल डीजल गैस की सप्लाई यूरोपीय देशों को रोक दिए जाने के फलस्वरूप महंगाई में बहुत बड़ा इजाफा हुआ है इसके अलावा को-विड-19 के संक्रमण ने भी यूरोपीय देशों में अमेरिका सहित ब्रिटेन तथा इजराइल में महंगाई सीमा के पार पहुंचा दी है। यूरोपीय संघ ने भविष्य के प्रति चिंता जताते हुए विश्व के देशों को आगाह किया कि आवश्यक वस्तुओं की मूल्य वृद्धि इसी तरह बढ़ती रही तो विकासशील देशों पर इसका बहुत विपरीत प्रभाव पड़ेगा क्योंकि विकासशील देश कई मामलों में विकसित देशों पर निर्भर करते हैं। यूरोपीय देशों की तुलना में भारत में रूस द्वारा सस्ते दामों को पेट्रोल डीजल दिए जाने के कारण महंगाई बढी तो है पर यूरोपीय देशों की तुलना में मुद्रास्फीति थोड़ी कम प्रभावित हुई है । भारत में ही पूर्व समय की तुलना में महंगाई की वृद्धि बहुत ज्यादा हुई है ।आवश्यक वस्तुओं के मूल्य केरोसिन,गैस और पेट्रोल ,डीजल को छोड़कर अन्य चीजों कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कोई भी अत्यंत प्रभावी नियंत्रक कानून प्रचलन में नहीं है और जो वर्तमान में प्रचलित धाराएं हैं वह बढ़ती कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए पर्याप्त ना होकर काफी लचीली है। आवश्यक वस्तु अधिनियम को भी परिमार्जित करने की आवश्यकता प्रतीत होती है। यदि वर्तमान जैसा पर-िदृश्य लगातार चलता रहा तो महंगाई बेलगाम हो जाएगी और तमाम आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आम आदमी की पहुंच से बाहर होकर अनियंत्रित हो जाएगी' इसी लिए केंद्र को चाहिए इस संदर्भ में विचार मनन कर अत्यंत ही समीचीन कानूनों में परिवर्तन कर महंगाई और बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण लाने का प्रयास करें ' पिछले दो-तीन वर्षों में भारत में आवश्यक वस्तुओं से लेकर पेट्रोल, डीजल तथा अन्य सामग्रियों में कीमतें लगभग डेढ़ गुना हो गई है। भारत में महंगाई का स्तर अभूतपूर्व तरीके से अचानक उच्चतम सीमा से ऊपर हो गया है। मध्यम वर्ग तथा गरीब तबके का व्यक्ति इस महंगाई की आग में सबसे ज्यादा झुलस रहा है। आमदनी उतनी की उतनी ही है और महंगाई चरम सीमा पर है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ हिंदुस्तान में ही महंगाई का परचम भयानक तौर पर लहरा रहा है। पेट्रोल ,डीजल, गैस के दाम तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्रूड आयल के दाम बढ़ने से बढ़ते हैं, फिर अलग अलग राज्य सरकारें उस पर कर लगाकर दाम बढ़ाने का काम करती है पर मूल रूप से वैश्विक स्तर पर महंगाई करोना के भयानक संक्रमण और रूस यूक्रेन युद्ध की भयानक विभीषिका की परिणति ही है। रूस के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों ने तो महंगाई में आग ही लगा के रख दी है। रूस अब किसी भी कीमत पर यूरोपीय देशों तथा अन्य पश्चिमी देशों को पेट्रोल डीजल गैस देने की मनः स्थिति में नहीं है, उस पर रूस पर यूरोपीय तथा ने1टो देशों का प्रतिबंध भी महंगाई का बड़ा कारण है। रूस का अमानवीय तरीके से यूक्रेन पर आक्रमण और लगभग एक करोड़ यूक्रेन के नागरिक अन्य देशों में शरणार्थी बनकर रहने के कारण ही यूरोप में महंगाई बहुत बढ़ गई है। भारत के परिपेक्ष में महंगाई अब चरम सीमा पर है आम आदमी का जीना मुश्किल दर मुश्किल होता जा रहा है। पाकिस्तान, बांग्लादेश के अलावा श्रीलंका में तो महंगाई ने सरकार का तख्ता ही पलट दिया है। पाकिस्तान में भी सत्ता परिवर्तन का कारण महंगाई तथा बेरोजगारी ही रही है। रूस यूक्रेन युद्ध के इतने महीने बाद भी अमानवीय क्रूर विभीषिका थमने का नाम नहीं ले रही है। यूक्रेन के करोड़ों लोग बेघरबार हो गए हैं। यूक्रेन की अरबों रुपए की संपत्ति युद्ध की भेंट चढ़ चुकी है, यूक्रेन में नागरिकों का कोहराम मचा हुआ है। ऐसे समय में संयुक्त राष्ट्र संघ के महासचिव एंटोनियों गुतारेस की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से शांति बहाल हेतु शांति वार्ता मानवता के लिए सर्वाधिक सकारात्मक एवं अहम पहल है।

अब रूस, यूक्रेन युद्ध भयानक तथा क्रूरतम रूप ले चुका है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पूरी तरह अपनी सनक में आकर यूक्रेन को बबार्दी के अंतिम छोर पर पहुंचाना चाह रहे हैं। ऐसा नहीं है कि सिर्फ अड़ियल रवैया रूस ही दिखा रहा है बल्कि यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेन्सकी भी

ना जाने किस घमंड और गुमान पर अड़े हुए हैं, उन्हें अपने देश के एक करोड़ से ज्यादा विस्थापित नागरिक दिखाई नहीं दे रहे हैं एवं हजारों निर्दोष नागरिकों के साथ सैनिकों की मृत्यु तथा शव भी उन्हें युद्ध रोकने के लिए बाध्य नहीं कर पा रहें है। वैसे यह तो तय है कि रूसी राष्ट्रपति पुतिन यूक्रेन की आड़ में अमेरिका तथा नाटो देशों के सदस्यों को यह बताना चाह रहे हैं कि रूस अभी भी उतना ही शक्तिशाली है जितना वह उस 1990 में विघटन के पूर्व था। न्यूज एजेंसी के अनुसार यूक्रेन के मूल हथियार जो उसके पास पूर्व में थे सारे नष्ट हो चुके हैं, तमाम हवाई अड्डे नेस्तनाबूद कर दिए गए हैं, अब स्थिति यह है कि फ्रांस, इजराइल, कनाडा,न्यूजीलैंड, अमेरिका, ब्रिटेन, पोलैंड से आए हुए जहाज, टैंक और मशीन गनों के सहारे ही यूक्रेन में वर्तमान का युद्ध लडा जा रहा है। यूक्रेन के लगभग 20 से 25 हजार सैनिक और नागरिक मारे जाने की एजेंसियों द्वारा पुष्टि की गई है। और कीव ,बूचा, मारियोपोल मैं रूसी सैनिकों के साथ उनके कई सेना के अधिकारियों की मौत की भी पुष्टि की गई है। यूक्रेन के सरकारी प्रवक्ता ने बताया रूस के लगभग 15हजार सैनिक इस युद्ध में हलाक हुए हैं। और उनके लड़ाकू जेट ,पैटर्न टैंक, बख्तरबंद गाड़ियां तथा ड्रोन भारी मात्रा में नष्ट कर दिए गए हैं। रूस युद्ध में अरबों रुपए का नुकसान प्रतिदिन झेल रहा है। यूक्रेन को तो नाटो तथा अमेरिका लगातार आर्थिक तथा सामरिक मदद कर रहा है, जिसके फलस्वरूप यूक्रेन की स्थिति अभी तक मजबूत बनी हुई है।

इस युद्ध में मानवीय संवेदनाओं, मानवता ने यूक्रेन तथा रूस दामन लगभग त्याग दिया है। दोनों देशों के निष्ठुर कमांडरों ने मानवता को मूल नष्ट करने का मानों ठेका ही ले लिया है। यूक्रेन से लगभग एक करोड़ से ज्यादा यूक्रेन के निवासियों ने पोलैंड और यूरोपीय देशों में मजबूर शरणार्थियों की तरह पनाह ले ली है। इस युद्ध में रूस के राष्ट्रपति पुतिन उनके विदेश मंत्री लावरोव तथा रक्षा मंत्री सहित अन्य कमांडर अब मानसिक दबाव में आकर मानसिक असंतुलन की स्थिति में आ गए हैं। पुतिन के मानसिक असंतुलन की स्थिति का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि उसने चेचन्या के सबसे खतरनाक कमांडर रमजान को आक्रमण का जिम्मा दिया है इस कमांडर रमजान के बारे में बताया जाता है कि यह पुतिन का सबसे विश्वास पात्र एवं अत्यंत क्रूर सैन्य अधिकारी है जो केवल विरोधी सैनिकों की मृत्यु बनकर उन पर टूट पड़ता है। ऐसे में यूक्रेन एक बड़े नरसंहार केंद्र के रूप में तब्दील हो सकता है और इसकी परिणति वैश्विक अशांति की ओर अग्रसर हो कर विश्व युद्ध की संभावनाओं को और बढ़ा देगी ।

अब धीरे-धीरे पुतिन की योजनाओं से लगने लगा कि उनकी मानसिक स्थिति हिटलर की तरह पूरे विश्व को विश्व युद्ध की आग में झोंकने की हो गई है। कुल मिलाकर रूस यूक्रेन युद्ध ने मानवीय संवेदनाओं, मानवता को जिस तरह समूल नष्ट किया है, वह वैश्विक इतिहास वर्तमान संदर्भ में क्रूरतम माना जाएगा।


संजीव ठाकुर, लेखक, चिंतक, रायपुर छत्तीसगढ़

# आदि शंकराचार्य

**आदि शंकराचार्य** जन्म नामः शंकर, जन्मः 788 ई. - मृत्युः 820 ई.) अद्वैत वेदान्त के प्रणेता, संस्कृत के विद्वान, उपनिषद व्याख्याता और हिन्दू धर्म प्रचारक थे। हिन्दू धार्मिक मान्यता के अनुसार इनको भगवान शंकर का अवतार माना जाता है। इन्होंने लगभग पूरे भारत की यात्रा की और इनके जीवन का अधिकांश भाग उत्तर भारत में बीता। चार पीठों (मठ) की स्थापना करना इनका मुख्य रूप से उल्लेखनीय कार्य रहा, जो आज भी मौजूद है। शंकराचार्य को भारत के ही नहीं अपितु सारे संसार के उच्चतम दार्शनिकों में महत्व का स्थान प्राप्त है। उन्होंने अनेक ग्रन्थ लिखे हैं, किन्तु उनका दर्शन विशेष रूप से उनके तीन भाष्यों में, जो उपनिषद, ब्रह्मसूत्र और गीता पर हैं, मिलता है। गीता और ब्रह्मसूत्र पर अन्य आचार्यों के भी भाष्य हैं, परन्तु उपनिषदों पर समन्वयात्मक भाष्य जैसा शंकराचार्य का है, वैसा अन्य किसी का नहीं है।

**जन्म**

शंकराचार्य का जन्म दक्षिण भारत के केरल में अवस्थित निम्बूदरीपाद ब्राह्मणों के 'कालडी. ग्राम' में 788 ई. में हुआ था। उन्होंने अपने जीवन का अधिकांश समय उत्तर भारत में व्यतीत किया। उनके द्वारा स्थापित 'अद्वैत वेदांत सम्प्रदाय' 9वीं शताब्दी में काफी लोकप्रिय हुआ। उन्होंने प्राचीन भारतीय उपनिषदों के सिद्धान्तों को पुनर्जीवन प्रदान करने का प्रयत्न किया। उन्होंने ईश्वर को पूर्ण वास्तविकता के रूप में स्वीकार किया और साथ ही इस संसार को भ्रम या माया बताया। उनके अनुसार अज्ञानी लोग ही ईश्वर को वास्तविक न मानकर संसार को वास्तविक मानते हैं। ज्ञानी लोगों का मुख्य उद्देश्य अपने आप को भ्रम्र व माया से मुक्त करना एवं ईश्वर व ब्रह्म से तादाम्य स्थापित करना होना चाहिए। शंकराचार्य ने वर्ण पर आधारित ब्राह्मण प्रधान सामाजिक व्यवस्था का समर्थन किया। शंकराचार्य ने संन्यासी समुदाय में सुधार के लिए उपमहाद्वीप में चारों दिशाओं में चार मठों की स्थापना की। 'अवतारवाद' के अनुसार, ईश्वर तब अवतार लेता है, जब धर्म की हानि होती है। धर्म और समाज को व्यवस्थित करने के लिए ही आशुतोष शिव का आगमन आदि शकराचार्य के रूप में हुआ।

**शिक्षा**

**आदि शंकराचार्य प्रतिमा**

हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार आदि शंकराचार्य ने अपनी अनन्य निष्ठा के फलस्वरूप अपने सदगुरु से शास्त्रों का ज्ञान ही नहीं प्राप्त किया, बल्कि ब्रह्मत्व का भी अनुभव किया। जीवन के व्यावहारिक और आध्यात्मिक पक्ष की सत्यता को इन्होंने जहाँ काशी में घटी दो विभिन्न घटनाओं के द्वारा जाना, वहीं मंडनमिश्र से हुए शास्त्रार्थ के बाद परकाया प्रवेश द्वारा उस यथार्थ का भी अनुभव किया, जिसे सन्न्यास की मयार्दा में भोगा नहीं जा सकता। यही कारण है कि कुछ बातों के बारे में पूर्वाग्रह दिखाते हुए भी लोक संग्रह के लिए, आचार्य शंकर आध्यात्म की चरम स्थिति में किसी तरह के बंधन को स्वीकार नहीं करते। अपनी माता के जीवन के अंतिम क्षणों में पहुँचकर पुत्र होने के कर्तव्य का पालन करना इस संदर्भ में अत्यंत महत्त्वपूर्ण घटना है।

**रचनाएँ व व्यक्तित्व**

शंकराचार्य ने उपनिषदों, श्रीमद्भगवद गीता एवं ब्रह्मसूत्र पर भाष्य लिखे हैं। उपनिषद, ब्रह्मसूत्र एवं गीता पर लिखे गये शंकराचार्य के भाष्य को 'प्रस्थानत्रयी' के अन्तर्गत रखते हैं। शंकराचार्य ने हिन्दू धर्म के स्थायित्व, प्रचार-प्रसार एवं प्रगति में अपूर्व योगदान दिया। उनके व्यक्तितत्व में गुरु, दार्शनिक, समाज एवं धर्म सुधारक, विभिन्न मतों तथा सम्प्रदायों के समन्वयकर्ता का रूप दिखाई पड़ता है। शंकराचार्य अपने समय के उत्कृष्ट विद्वान एवं दार्शनिक थे। इतिहास में उनका स्थान इनके 'अद्वैत सिद्धान्त' के कारण अमर है। गौड़पाद के शिष्य 'गोविन्द योगी' को शंकराचार्य ने अपना प्रथम गुरु बनाया। गोविन्द योगी से उन्हें 'परमहंस' की उपाधि प्राप्त हुई। कुछ विद्वान शंकराचार्य पर बौद्ध शून्यवाद का प्रभाव देखते हैं तथा उन्हें 'प्रच्छन्न बौद्ध' की संज्ञा देते हैं।

**हिन्दू धर्म की पुनः स्थापना**

आदि शंकराचार्य को हिन्दू धर्म को पुनः स्थापित एवं प्रतिष्ठित करने का श्रेय दिया जाता है। एक तरफ उन्होंने अद्वैत चिन्तन को पुनर्जीवित करके सनातन हिन्दू धर्म के दार्शनिक आधार को सुदृढ़ किया, तो दूसरी तरफ उन्होंने जनसामान्य में प्रचलित मूर्तिपूजा का औचित्य सिद्ध करने का भी प्रयास किया। सनातन हिन्दू धर्म को दृढ़ आधार प्रदान करने के लिये उन्होंने विरोधी पन्थ के मत को भी आंशिक तौर पर अंगीकार किया। शंकर के मायावाद पर महायान बौद्ध चिन्तन का प्रभाव माना जाता है। इसी **आधार पर उन्हें 'प्रछन्न बुद्ध' कहा गया है।**

**मोक्ष और ज्ञान**

विद्याशंकर मंदिर, श्रृंगेरी पीठ, कर्नाटक

आचार्य शंकर जीवन में धर्म, अर्थ और काम को निरर्थक



मानते हैं। वे ज्ञान को अद्वैत ज्ञान की परम साधना मानते हैं, क्योंकि ज्ञान समस्त कर्मों को जलाकर भस्म कर देता है। सृष्टि का विवेचन करते समय कि इसकी उत्पत्ति कैसे होती है ?, वे इसका मूल कारण ब्रह्म को मानते हैं। वह ब्रह्म अपनी 'माया' शक्ति के सहयोग से इस सृष्टि का निर्माण करता है, ऐसी उनकी धारणा है। लेकिन यहाँ यह नहीं भूलना चाहिए कि शक्ति और शक्तिमान एक ही हैं। दोनों में कोई अंतर नहीं है। इस प्रकार सृष्टि के विवेचन से एक बात और भी स्पष्ट होती है कि परमात्मा को सर्वव्यापक कहना भी भूल है, क्योंकि वह सर्वरूप है। वह अनेकरूप हो गया, 'यह अनेकता है ही नहीं', 'मैं एक हूँ बहुत हो जाऊँ' अद्वैत मत का यह कथन संकेत करता है कि शैतान या बुरी आत्मा का कोई अस्तित्व नहीं है। ऐसा कहीं दिखाई भी देता है, तो वह वस्तुतः नहीं है भ्रम है बस। जीवों और ब्रह्मैव नापरः- जीव ही ब्रह्म है अन्य नहीं।

**निष्काम उपासना**

ऐसे में बंधन और मुक्ति जैसे शब्द भी खेलमात्र हैं। विचारों से ही व्यक्ति बंधता है। उसी के द्वारा मुक्त होता है। भवरोग से मुक्त होने का एकमात्र उपाय है विचार। उसी के लिए निष्काम कर्म और निष्काम उपासना को आचार्य शंकर ने साधना बताया। निष्काम होने का अर्थ है संसार की वस्तुओं की कामना न करना, क्योंकि शारीरिक माँग तो प्रारब्धता से पूरी होगी और मनोवैज्ञानिक चाह की कोई सीमा नहीं है। इस सत्य को जानकर अपने कर्तव्यों का पालन करना तथा ईश्वरीय सत्ता के प्रति समर्पण का भाव, आलस्य प्रसाद से उठाकर चित्त को निश्चल बना देगें, जिसमें ज्ञान टिकेगा।

**बुद्धि, भाव और कर्म का संतुलन**

**श्रृंगेरी पीठ, शारदा, कर्नाटक**

आचार्य ने बुद्धि, भाव और कर्म इन तीनों के संतुलन पर जोर दिया है। इस तरह वैदान्तिक साधना ही समग्र साधना है। कभी-कभी लगता है कि आचार्य शंकर परम्परावादी हैं। लेकिन वास्तविकता ऐसी नहीं है। उनकी छोटी-छोटी, लेकिन महत्त्वपूर्ण रचनाओं से इस बात का स्पष्ट संकेत मिलता है। परम्परा का निर्वाह करते हुए भी उनका लक्ष्य 'सत्य' प्रतिपादन करना है। प्रश्नोत्तरी में कहे इस श्लोकांश से संकेत मिलता है, पशुओं में भी पशु वह है जो धर्म को जानने के बाद भी उसका आचरण नहीं करता और जिसने शास्त्रों का अध्ययन किया है, फिर भी उसे आत्मबोध नहीं हुआ है। इसी प्रकार 'भज गोविन्दम' में बाहरी रूप-स्वरूप को नकारते हुए वे कहते हैं कि "जो संसार को देखते हुए भी नहीं देखता है, उसने अपना पेट भरने के लिए तरह-तरह के वस्त्र धारण किए हुए हैं।"

**व्यवाहरिक सत्य**


जीवन के परम सत्य को व्यावहारिक सत्य के साथ जोड़ने के कारण ही अपरोक्षानुभूति के बाद आचार्य शंकर मौन बैठकर उसका आनन्द नहीं लेते, बल्कि समूचे भारतवर्ष में घूम-घूम कर उसके रूप-स्वरूप को निखारने में तत्पर होते हैं। मानो त्याग-वैराग्य और निवृत्ति के मूर्तरूप हों, लेकिन प्रवृत्ति की पराकाष्ठा है, उनमें श्रीराम, श्री कृष्ण की तरह।

**जगदगुरु**

चार मठों की स्थापना, दशनाम सन्न्यास को सुव्यवस्थित रूप देना, सगुण-निर्गण का भेद मिटाने का प्रयास, हरिहर निष्ठा की स्थापना ये कार्य ही उन्हें 'जगदगुरु' पद पर

## गणेश गीता (गीता भाग 118)

# ब्रह्म की प्राप्ति के उपाय, शंका का समाधान


विश्वनाथ त्रिपाठी

गणेश जी राजा वरेण्य को उपदेश देते हुए आगे बताते हैं :--

यदनादीन्द्रियैहीर्नं,
गुणभुग्गुणवर्जितें
अव्यक्तं सदसद्भिन्नं
इन्द्रयार्थावभासकं`

हे राजन् ! जो अनादि व इन्द्रिय रहित, सत असत तय आदि गुणों का भोक्ता है,किन्तु गुण वर्जित ,अव्यक्त ,सत असत से परे तथा इन्द्रियों का प्रकाशक है..

विश्वभृच्चखिलव्यापि,
त्वमेव नानेव भाषते`
बाह्यभयंतरतः पूर्णसंगमं
तमसः परम्`,

हे राजन् ! वह परमात्मा विश्व को धारण करने वाला है `सभी जगह विद्यमान है ,एक होता हुआ भी अनेक रूपों में भासित है ` वह परमात्मा बाहर भीतर से पूर्ण है` वह असंग और अंधकार से परे है

दुर्ज्ञेयं चादिसूक्ष्मतवात
अदीप्तनामापि भासकें
ज्ञेयं एतादृशं विद्ध,




ज्ञानगम्यं पुरातनें

हे राजन्! परमात्मा अत्यन्त ही सूक्ष्म है जिसके कारण जाना नहीं जाता,वह प्रकाश को भी प्रकाशित करता है,इस प्रकार से ज्ञान से जानने योग्य उस पुरातन पुरुष को ज्ञेय ब्रह्म थानों`

जयदेव परं ब्रह्म
ज्ञेयमात्मा परोऽव्ययः`
गुणान् प्रकृतिजान् भुंक्ते
पुरुषः प्रकृतेः परः`

यही परब्रह्म ज्ञेय है ,यही आत्मा ,पर ,अव्यय तथा प्रकृति से परे पुरुष कहलाता है यही प्रकृति से उत्पन्न गुणों को भोगता है`

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

## प्रत्येक परीक्षार्थी से वसूले गये थे 310 रुपये।

धर्मजीत सिन्हा समाज जागरण (नवादा)

नवादा जिले के पकरीबरावां में अवैध रूप से भू-मापक (अमीन) का तकनीकी प्रशिक्षण देने के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।





पकरीबरावां अंचल के मध्य विद्यालय पकरी में यह प्रशिक्षण दिया जा रहा था। सूचना के बाद अंचलाधिकारी नरेंद्र कुमार ने कार्रवाई करते हुए दो प्रशिक्षकों को गिरफ्तार किया।

इस बावत अंचलाधिकारी ने बताया कि मध्य विद्यालय परी में अवैध रूप से प्रशिक्षण मामले में पूर्वी चंपारण (मोतिहारी) जिले के मधुबन अंचल के बेलवा गांव निवासी रामदयाल राय के पुत्र शंकर कुमार एवं भोजपुर (आरा) जिला के कटारिया निवासी सुनील कुमार सिंह के पुत्र सोनू कुमार को गिरफ्तार किया गया है।

बताया जाता है कि सानवी लोक सेवा-सह-तकनीकी शिक्षण संस्थान पटना, शाखा कार्यालय- अनिसाबाद के माध्यम से भू मापक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा था।

प्रशिक्षणार्थियों से 310 रुपये का प्रशिक्षण शुल्क लिया जा रहा था। साथ ही पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों एवं कई अधिकारियों को बिहार सरकार का मुहर लगाकर पत्र भेजा गया था। जानकारी के बाद तभी सीओ ने जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई किया।

अंचलाधिकारी ने बताया कि जांच के क्रम में पाए गए दस्तावेज तथा स्थानीय प्रशासन तथा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा किसी भी तरह का प्रशिक्षण के संबंध में अनुमति प्राप्त नहीं पाया गया है। प्रथम द्रष्टया यह संस्था मानवीय लोकसेवा सह तकनीकी शिक्षण संस्थान पटना जाली प्रतीत होता है। गिरफ्तार दोनों आरोपितों के खिलाफ थाना को आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराई गई है।

## नवादा के फल गली में एक घर में लगी भीषण आग, मची है अफरा-तफरी, काबू पाने का प्रयास जारी।

नवादा (आर्यन मोहन) समाज जागरण (नवादा)

नवादा नगर के फल गली स्थित एक मकान में भीषण आग लगी है। मंगलवार की दोपहर बाद यह आग लगी। आग लगने के बाद आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई है। फायर बिग्रेड को सूचना दी गई है। आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है। आसमान की ओर उठता धुआं का गुब्बारा आसपास के घरवालों को डरा कर रख दिया है। मकान किसी नीरज कुमार पिता स्व अशोक प्रसाद का बताया जा रहा है। घर के अंदर घी और रिफाइन आदि का कारोबार किये जाने की बात सामने आ रही है।



6 दमकल का पानी खत्म होने के बाद भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका है। आसपास के घरों के लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। आग पर काबू पाने का प्रयास अब भी जारी है। संकरी गली होने के कारण फायर कर्मचारियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। आग कैसे लगी यह बताने की स्थिति में फिलहाल कोई नहीं है। बता दें कि यह इलाका घनी आबादी का है। व्यापारिक क्षेत्र गोला रोड के पास का भी क्षेत्र है।आग कैसे लगी यह बताने की स्थिति में फिलहाल कोई नहीं है। बता दें कि यह इलाका घनी आबादी का है। व्यापारिक क्षेत्र गोला रोड के पास का भी क्षेत्र है।

## जहानाबाद राष्ट्रीय लोक अदालत को ले पदाधिकारियों की बैठक।

### अधिक से अधिक मामलों के निपटारे के लिए सचिव ने दिए कई निर्देश

दैनिक समाज जागरण जहानाबाद से बरुण कुमार

जहानाबाद में 13 अगस्त को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर बैठकों का दौर मंगलवार को भी जारी रहा। अधिक



से अधिक मामलों के निपटारे को लेकर जिले के प्रशासनिक पदाधिकारियों के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अजय कुमार के नेतृत्व में मंगलवार को जिला विधिक सेवा सदन में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने विभागों से जुड़े हुए मामलों के अधिक से अधिक निपटारे को लेकर सहयोग करने का निर्देश दिया गया ।उन्होंने सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित करने का निर्देश दिया। ताकि पक्षकारों को सूचना देकर अधिक से अधिक मामलों के निपटारे को लेकर उन्हें प्रेरित किया जा सके। बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार जिला पंचायत पदाधिकारी संजय कुमार विद्युत बोर्ड के कार्यपालक अभियंता महेश कुमार बीएसएनएल के कार्यपालक अभियंता अमरनाथ चौधरी माप तौल पदाधिकारी पवन कुमार श्रमअधीक्षक पंकज कुमार उपस्थित थे।

## छह लोगो के विरुद्ध बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज, जुमार्ना

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-बिजली विभाग की टीम ने वारिसलीगंज प्रखण्ड के विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर छह लोगो को चोरी से बिजली उपयोग करते पकड़ा। बाद में विभाग के कनीय अभियन्ता मो.रौशन जमाल के आवेदन पर स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर सभी के विरुद्ध अलग अलग जुमार्ना किया गया। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार मंजौर पंचायत की वेल्दरिया टोला स्थित चन्दर पासवान पर 27825 हजार रुपये का पूर्व से बिजली बकाया रहने के कारण कनेक्शन काट दिया गया था। बावजूद नाजायज तरीके से बिजली जलाते पकडा गया जिसके तहत पासवान पर 6750 रुपये का जुमार्ना किया गया। जबकि उसी गांव के चन्द्र चौहान पर चोरी से बिजली की खपत करने को ले 14978, हरि चौहान पर 43732, साधु पासवान की पत्नी कांति देवी पर 43377, अमीरक पासवान की पत्नी सुशीला देवी पर 6750 तथो नगर परिषद के मुसहरी गली निवासी शम्भू साव को बिजली चोरी करने के आरोप में 31065 रुपये का जुमार्ना किया गया।

## मारपीट मामले मे चार को बनाया गया आरोपित

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के दरियापुर गाव में सोमवार को हुए मारपीट कि घटना में चार लोगो को आरोपित किया गया है। ग्रामीण रामविलास महतो की पत्नी करुणा देवी द्वारा दर्ज कराई गई प्राथमिकी में गांव के विकास कुमार उर्फ रणजीत, मदन महतो, खुशबु कुमारी तथा सुंदरी देवी को नामजद किया गया है। कहा गया है कि सभी अरोपितो ने बेवजह नाली विवाद को लेकर घर में घुस कर मारपीट करे जख्मी कर दिया गया।

## नवादा के सदर अस्पताल में सांप निकलने पर लोगों में मचा हड़कंप, लगाने लगे भोलेनाथ का जयकारा

नवादा(आर्यन मोहन)
समाज जागरण

नवादा:सदर अस्पताल में परिषद के सर्जिकल वार्ड में सांप निकलने से हड़कंप मच गया। सांप सर्जिकल वार्ड के 17 नंबर बेड के नीचे निकला। इस दौरान शुरूआती दौर में तो लोग सांप को देखकर भयभीत हो गये। सांप को देखते ही लोग भोलेनाथ का जयकारा लगाना शुरू कर दिया।

सर्जिकल वार्ड के 15 नंबर बेड पर रहे मरीज के परिजन राजकुमारी देवी, वार्ड नंबर 16 पर कुमारी अंजना, बेड 18 पर कारी देवी एवं बेड नंबर 19 पर सुविधा देवी आदि ने कहा कि सांप देखने के बाद वार्ड में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। लेकिन नागपंचमी होने के कारण लोगों ने सांप को किसी प्रकार का नुकसान नहीं पहुंचाया और ना ही सांप ने किसी को परेशान किया। बल्कि थोड़ी देर बाद सांप अपने आप बिल के अंदर घुस गया। लोग



इसे भोलेनाथ का चमत्कार बता रहे हैं।

लोगों ने बताया कि नागपंचमी के दिन सांप का दर्शन होना काफी शुभ माना जाता है। सौभाग्य की बात है कि हम लोगों को नाग पंचमी के सांप के रूप में भगवान भोलेनाथ दर्शन दिए हैं। सांप देखने के बाद हमलोगों ने उन्हें प्रणाम भी किया। उसके बाद सांप सीधा बिल के अंदर चला गया। वहीं इसकी जानकारी मिलते ही उपाधीक्षक डॉ. अजय कुमार के द्वारा बिल को ढक दिया गया।

वहीं सपेरा को अस्पताल बुलाने की कोशिश की जा रही है, ताकि सांप को बील से निकाला जा सके। हालांकि रात होने के कारण थोड़ी परेशानी का भी सामना करना पड़ रहा है। 17 नंबर बेड पर रहे मरीज के परिजन व मरीज को सर्जिकल वार्ड के अंदर शिफ्ट कर दिया गया है। वहीं सांप देखने के बाद सदर अस्पताल में हड़कंप मचा हुआ है।

## पहले आओ पहले पाओ के तहत महिला महाविद्यालय में स्नातक पार्ट वन में नामांकन शुरू

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-मगध विश्वविद्यालय में चल रही अव्यवस्था को लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा स्नातक पार्ट वन में ऑनलाइन नामांकन के जगह ऑफलाइन नामांकन करने का आदेश अपने महाविद्यालय को दिया है।

आदेश मिलने के बाद ही जिले के कई महाविद्यालय में पहले आओ पहले पाओ के तहत नामांकन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

महिला महाविद्यालय वारिसलीगंज में भी मंगलवार से पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर बीए एवं बीएससी में नामांकन शुरू कर दी गई है। यह जानकारी महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार सिंह ने दी।

बता दें कि विश्वविद्यालय के कुलपति पर लगभग पांच माह पहले अनियमितता बरतने का गंभीर आरोप लगे थे। तब से अब तक महाविद्यालय का सभी कार्य ठप है। जिससे विश्वविद्यालय के कॉलेजों में परीक्षा फार्म, रजिस्ट्रेशन, नामांकन आदि सभी प्रकार के कार्य बंद था। जिस कारण इन कॉलेजों में अध्ययनरत हजारों विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिसको लेकर छात्र संगठन द्वारा प्रतिदिन धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इंटर रिजल्ट आए भी करीब दो माह हो चुका है। लेकिन विश्वविद्यालय द्वारा नामांकन शुरू नहीं की जा रही थी। जिससे इंटर पास विद्यार्थियों में असंतोष व्याप्त था। अब विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा सभी कॉलेजों को ऑफलाइन नामांकन लेने की छूट दे दी है। वही वारिसलीगंज स्थित एसएन सिन्हा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सतीश सिंह चंद्रा ने बताया कि विश्वविद्यालय के आदेशानुसार स्नातक पार्ट वन में ऑफलाइन नामांकन लिया जाएगा। जिसकी प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

## वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में प्रीपेड स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का कार्य शुरू

### नगर परिषद क्षेत्र के आठ हजार उपभोक्ताओं का छह माह में लगाया जाएगा प्रीपेड बिजली मीटर।

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-वारिसलीगंज नगर परिषद क्षेत्र में प्रीपेड बिजली मीटर लगाने का कार्य मंगलवार से शुरू किया गया है। प्रथम दिन बिजली विभाग के कर्मियों के द्वारा एक दर्जन घरों में स्मार्ट मीटर लगाया गया।

बिजली बिल में गड़बड़ी एवं मीटर फास्ट और स्लो चलने की शिकायत उपभोक्ताओं द्वारा विभाग को मिलते रहती थी। जिस कारण विभाग को बिजली बिल सुधारने के लिए कैंप आदि लगाना पड़ रहा था। बावजूद बिजली बिल की समस्या से उपभोक्ताओं को निजात नहीं मिल रही थी। जिससे उपभोक्ताओं को निजात दिलाने के लिए सरकार द्वारा प्रीपेड बिजली मीटर लगाने का कार्य शुरू किया गया। लगाए गए मीटर में जिओ कंपनी का सिम लगाया गया है। जिसे जब चाहे रिचार्ज कर



बिजली उपयोग किया जा सकता है। इस संबंध में पूछे जाने पर वारिसलीगंज अनुमंडल कार्यालय में कार्यरत जेई मो. रोशन जमाल ने बताया कि पूर्व के डिजिटल मीटर में जो बिजली दर प्रति यूनिट उपभोक्ताओं से लिया जा रहा था। वही दर प्रीपेड बिजली मीटर में भी रहेगी। बिजली दर में किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया है । बताया गया कि प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगने के बाद उपभोक्ताओं की बिजली बिल से संबंधित शिकायतें समाप्त हो जाएगी। वहीं गलत बिजली बिल की समस्या से बिजली उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही उपभोक्ताओं द्वारा बिना काम किए जा रहे बिजली उपयोग पर लगाम लगेगी। जिससे बिजली की बचत होगी। प्रीपेड मीटर को रिचार्ज करने के लिए बिहार डिजिटल स्मार्ट मीटर एप को मोबाइल में डाउनलोड कर कभी भी किसी भी स्थान से रिचार्ज किया जा सकता है।

## जहानाबाद में बीस लोगो पर बिजली चोरी की प्राथमिकी दर्ज।

दैनिक समाज जागरण
जहानाबाद के (बरुण कुमार)

जहानाबाद बिजली विभाग के द्वारा बिजली चोरी करने वालो के खिलाफ पूरे जिले में ताबड़तोड़ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है ! इसी कड़ी मैं सोमवार को टीम ने मीटर बाइपास कर एवं बिजली बिल बकाया रहने के कारण विद्युत कनेक्शन काट देने के बाबजूद भी चोरी से बिजली का उपयोग करने वाले के खिलाफ द्वारा गठित छापेमारी दल ने बिजली चोरी करते हुए बीस लोगो को रंगे हाथो पकड़ा है। इस आशय की जानकारी देते हुए विधुत कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि जिले के कोहरा शेखपुरा होरिलगंज सत्संग नगर मौर्य नगर आदि जगहों पर मीटर जाँच अभियान चलाया गया। जहाँ बिजली चोरी करते हुए 20 लोगो को पकड़ा गया। पकडे गए लोगो मैं विनय कुमार पर 31644 मो मुर्शिद पर 21735



अबधेश कुमार पर 15882 रंजीत कुमार पर 13143 तयाब हुसैन पर 57506 जनार्दन प्रसाद पर 45067 मो शौकत पर 21735 हीरा कुमार पर 12192 अंजू देवी पर 23051 प्रमिला देवी पर 12363 बृजनन्दन सिंह पर 33743 सुरेश यादव पर 134963 गुलशन खातून पर 69231मुस्तफा अंसारी पर 66860 नूरा खातून पर 90635 हसन अंसारी पर 58198 शशि कुमार पपर 22921सुनील प्रसाद पर 15361कौशल कुमार पता 20213 एवं कौशलेन्द्र कुमार पर 92257 रू का आर्थिक जुमार्ना लगाते हुए संबंधित थाना में प्राथिमिकी दर्ज करवाया है।

इस छापेमारी दल में कनीय विधुत अभियंता प्रदीप कुमार साह आशीष कुमार नवीन कुमार अनिल कुमार सहित अन्य विधुतकर्मी शामिल थे।

## नवादा में चार दिन से संदिग्ध हालात में लापता युवक का नहीं लगा सुराग , पीड़ित परिजन पुलिस से लगा रहे सकुशल बरामदगी की गुहार।

नवादा(आर्यन मोहन)
समाज जागरण

नवादा नगर थाना क्षेत्र के भगत सिंह चौक से हिमाशु राज उर्फ दीपक नामक युवा के संदिग्ध हालात में लापता होने की जानकारी मिली है, जिसकी शिकायत पीड़ित परिजन पुलिस के पास कर दी है. लापता युवा जिसकी आयु लगभग 19 वर्ष है। पिता शिवनंदन प्रसाद ने बताया कि उनका बेटा 15 जुलाई की सुबह घर से लाइब्रेरी के लिए निकला था, लेकिन घर वापस नहीं आया। पीड़ित परिजनों के कथनानुसार लापता हिमांशु कि किसी से कोई कहा-सुनी भी नहीं हुई थी।उसके जाने से घर के सभी सदस्य परेशान हैं. परिजनों ने कहा कि अगर हिमांशु इस खबर को पढ़े तो वह खुद व खुद घर वापस आ जाए।लापता युवक शहर के राजेंद्र नगर स्तिथ पवन साव के मकान में किराए पर पिछले 8 वर्ष से रह कर पढ़ाई करता है।पिताशिवनंदन प्रसाद गोविंदपुर में प्राथमिक विधालय सर्वाह्न में शिक्षक है।पीड़ित पिता ने पुलिस प्रशासन से बच्चे को सकुशल बरामदगी की गुहार लगा रहे।




## डीएओ ने कृषि समन्वयक से केवाइसी के नाम पर किसानों से अवैध वसूली को लेकर किया तलब

समाज जागरण पश्चिम चंपारण(बगहा)

डीएओ ने 24 घण्टा के अन्दर मंगा जबाब

बगहा जिला कृषि पदाधिकारी विजय प्रकाश ने किसानों से केवाईसी के नाम पर अवैध 100 - 100 रुपये की वसूली की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित कृषि समन्वयक बम बहादुर निषाद से 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण की मांग किया है डी ए ओ ने बताया कि किसानों का केवाईसी करने के लिए विभागीय स्तर पर निर्देशित किया गया था कि किसानों का केवाईसी वसुधा केंद्र या सीएससी पर किसान अपने सुविधा के अनुसार मात्र ड्ट15 देकर ऑनलाइन केवाईसी करा सकते हैं लेकिन किसानों का आरोप है कि कृषि समन्वयक द्वारा किसानों से ऑनलाइन केवाईसी के नाम पर 100 - 100 रुपये की अवैध वसूली की गई है जिसको गंभीरता से लेते हुए डीएओ ने किसानों से मिली शिकायत के आधार पर कृषि समन्वयक से स्पष्टीकरण की मांग किया है साथ ही दिए पत्र में यह भी लिखा है कि यदि किसानों के द्वारा लगाया गया आरोप सत्य पाया गया तो उसके विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करते हुए चैन मुक्ति की कार्रवाई की जाएगी

## सर, मेरे मायके वाले पति को मारने की दे रहे धमकी, प्रेम विवाह की जबरदस्त कहानी

नवादा (आर्यन मोहन)
समाज जागरण

नवादा :सर, मैं बालिग हूं और अपनी मर्जी से अपने प्रेमी कादिरगंज ओपी क्षेत्र के बेरमी गांव निवासी गुड्डू से शादी की है। जून महीने में मैंने अपने प्रेमी के संग शादी रचाई है। अब मेरे मायके वाले मेरे पति गुड्डू को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बेरमी गांव की रजनी कुमारी ने नगर थाना में आवेदन देकर मायके वालों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई है। बता दें कि प्रेमी युगल बेरमी गांव के ही रहने वाले हैं।

रजनी ने बताया कि जब उसने गुड्डू के साथ प्रेम करने की जानकारी अपने माता-पिता को दी थी तो वे शादी कराने से इंकार कर गए। फिर वृद्ध से शादी करने को दबाव बनाने लगे। तब वह गुड्डू के पास गई और



शादी का प्रस्ताव रखा। जिसके बाद दोनों ने गत जून महीने में शादी रचा ली। कुछ दिन मेरे मायके वाले पति को नवादा के शोभिया मंदिर से उठाकर लेते गए। किसी तरह पति ने उनसे छुटकारा पाकर उनके चंगुल से भाग निकले। अब मेरे पिता राजेंद्र यादव समेत हरि यादव, विजय कुमार, गोपाल साव, मोहन यादव आदि फोन कर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। युवती ने पुलिस से मामले में कार्रवाई की गुहार लगाई और जानमाल की सुरक्षा की गुहार लगाई है। बता दें कि दोनों प्रेमी जोड़ा बेरमी गांव के ही हैं। दोनों के बीच 1 साल तक मोहब्बत चली उसके बाद दोनों ने मंदिर में जाकर शादी भी रचा ली है

## किस्मत ने लुटेरों की मंसूबे पर फेर दिया पानी, सरिया लदा पूरा ट्रक कर लिया अगवा

नवादा(आर्यन मोहन)
समाज जागरण

नवादा :पटना-रांची पथ पर नगर थाना क्षेत्र के बुधौल बस पड़ाव के समीप बदमाशों ने सरिया लदा ट्रक अगवा कर लिया। घटना देर रात घटी। पुलिस की सक्रियता से ट्रक को बरामद कर लिया गया। साथ ही ट्रक अगवा करने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों में अकबरपुर थाना क्षेत्र के बकसंडा गांव निवासी संतोष सिंह का पुत्र प्रिंस कुमार, सिरदला थाना क्षेत्र के हरना गांव निवासी देवनारायण प्रसाद का पुत्र अंकित कुमार उर्फ नीरज और सिरदला थाना क्षेत्र के कसियाडीह गांव निवासी कुलदीप प्रसाद यादव का पुत्र संगम कुमार उर्फ त्रिवेणी शामिल है।

नगर थानाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने बताया कि झारखंड के बोकारो में ट्रक पर सरिया लोड किया गया था। उसे फतुहा तक पहुंचाना था। ड्राइवर शमशाद ट्रक लेकर बोकारो से निकला। रास्ते में रजौली से अल्टो व बोलेरो सवार बदमाशों ने पीछा करना शुरू कर दिया। फिर नगर थाना क्षेत्र के बुधौल बस पड़ाव के पास ओवरटेक करते हुए रोक लिया। बोलेरो से दो बदमाश उतरे और ट्रक पर सवार हो गए। ड्राइवर शमशाद को बोलेरो में बिठा लिया और



रजौली की तरफ निकल गए। बाद में ड्राइवर को अकबरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर मोड़ के पास छोड़ दिया। अगले दिन सुबह में ड्राइवर ने नगर थाना पहुंच कर आपबीती सुनाई।

सड़क निर्माण कंपनी के कर्मी ने दी पुलिस को जानकारीथानाध्यक्ष ने बताया कि ट्रक को अगवा होने के कुछ ही देर में गश्ती दल वहां पहुंच गई। तब फोरलेन निर्माण कर रही सड़क कंपनी के एक कर्मी ने उन्हें रोक कर पूरी जानकारी दी। उस कर्मी ने बताया कि अकेला रहने की वजह से वह मदद नहीं कर पाया जानकारी मिलते ही गश्ती दल हरकत में आ गई। कर्मी ने बताया कि बदमाश ट्रक लेकर बिहार शरीफ की तरफ बढ़े हैं। जिसके बाद गश्ती दल ने पीछा करना शुरू कर दिया रास्ते में लोहानी बिगहा में पुल के समीप बदमाश ट्रक को वापस मोड़ने की कोशिश कर रहे थे। इस दौरान ट्रक बंद पड़ गया। इसी बीच गश्ती दल वहां पहुंच गई। पुलिस को देखते ही बदमाश ट्रक छोड़ कर फरार हो गए।

## भाजपा ने द्रौपदी मुर्मू की जीत पर आगामी कार्यक्रम और रणनीति पर चर्चा करने का निर्णय लिया गया

जिला ब्यूरो अरवल
मृत्युंजय कुमार

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय बैदराबाद अरवल में जिला अध्यक्ष अजय पासवान के अध्यक्षता में पार्टी की आगामी कार्यक्रम और रणनीति पर चर्चा की गई। जिसमें शक्ति केंद्र और पन्ना प्रमुख की मजबूती पर बल दिया गया। जिले के दोनों विधानसभा के बूथों पर प्रवास कार्यक्रम की रूपरेखा पर जोर दिया गया। राजग के राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रोपति मुर्मू जी के विजयोत्सव पर जिले के सभी दलित बस्तियों में 21 जूलाई 2022 को दीप प्रज्वलित कर दीपावली मनाई जाएगी और 24जूलाई को राष्ट्रपति पद पर आसीन होने के बाद उनके फोटो और तिरंगा झंडा के साथ सभी पंचायत सरकार भवन पर विजय उत्सव मनाया जाएगा की निर्णय लिया गया ओर इसकी तैयारी पर चर्चा की गई। बिहार में पहली बार संजू मंच मोर्चा राष्ट्रीय कार्यसमिति बापू सभागार पटना में किया जा रहा है जिसके उपरांत मंच मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी गण का प्रवास विहार के सभी विधानसभा में होने जा रहा है इसी के अंतर्गत दिनांक 28 29 30 जुलाई अरवल जिले के



दोनों विधानसभा में राष्ट्रीय पदाधिकारी जी को बुथ प्रवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया है इस कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी नियुक्त किए गए हैं अरवल विधानसभा प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष श्री भारद्वाज गिरी जी जो किसान मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी जी को विधानसभा के बूथ भवन और प्रवास करवाएंगे। कुर्था विधानसभा कार्यक्रम प्रभारी के रूप में जिला उपाध्यक्ष श्री रणविजय सरदार जी जी को कुर्था विधानसभ प्रभारी नियुक्त किया गया है युव मोर्चा के राष्ट्रीय पदाधिकारी जी को प्रत्येक बूथों पर भ्रमण करवाएंगे इस बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला उपाध्यक्ष सुनीता सिन्हा जिला महामंत्री शंकर सिंह, चंद्रभूषण चंद्रवंशी, जिला मंत्री चंदन कुशवाहा,मंडल अध्यक्ष रामाशीष दास, संजीत चंद्रवंशी, अति पिछड़ा जिला अध्यक्ष कन्हैया चंद्रवंशी, अनुसूचित मोर्चा जिला अध्यक्ष रणधीर पासवान, महादलित प्रकोष्ठ संयोजक विकास कुमार राम, कार्यालय प्रभारी अजय सिंह, युवा मोर्चा उपाध्यक्ष चंदन सिंह, स्वच्छता अभियान संयोजक शिव शंकर यादव सहीत सभी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए

## वर्षा नहीं होने से धान रोपनी की जगह खेतो में उड़ रही धूल, किसान परेशान

समाज जागरण

वारिसलीगंज (नवादा) (अभय कुमार रंजन):-कृषि प्रधान क्षेत्र वारिसलीगंज में को धान का कटोरा कहा जाता है। लेकिन वर्षा का अभाव एवं सकरी नदी में पानी नहीं आने से क्षेत्र के किसान काफी मायूस हो रहे है। सावन माह में कड़ाके की धूप देखे किसानों में आकाल पड़ने की आशंका पनप रही है। नहरी क्षेत्र होने के बाबजूद वारिसलीगंज प्रखंड में अभी तक धान की रोपनी बाधित है। किसी किसी गाँव में एकाध किसान अपने वैकल्पिक संसाधनों से कुछ भूमि पर धान रोपनी किया है। जिसे प्रति दिन सिंचाई करना परेशानी का सबब है। बिचड़ा बचाने में किसान परेशान है। इस कारण प्रति दिन लागातार पम्पिंग सेट चलाने के कारण क्षेत्र में पेयजल संकट उतपन्न हो रही है। ऊपरी लेयर पर लगा गरीबो का अधिकांश चापाकल पानी उगलना बन्द कर दिया है।

वारिसलीगंज प्रखंड के बीचोबीच से होकर गुजरी पौरा नहर का पूर्वी केनाल में पानी की जगह हरे भरे झड़ी नजर आते है। अब तक एक भी दिन मूसलाधार वर्षा नहीं होने से क्षेत्र के किसान हलकान है। वैकल्पिक ऊर्जा जल स्त्रोतों के माध्यम से बड़े किसान तो बिजड़ा की सिंचाई कर ले रहे है लेकिन छोटे एवं मंझोले किसान अब भी वर्षा की प्रतीक्षा में है।

वारिसलीगंज के किसानों के लिए नगदी उपार्जन का एकमात्र जरिया चीनी मिल बंद हो जाने के बाद क्षेत्र के किसानो का जीवका का मुख्य साधन धान एवं गेंहू की खेती ही रह गई है। जो प्रखंड के हर गांव के सभी खेतों में आच्छादित करते है। पिछले कुछ वर्षों से कम बरसात व नहर



और नदी में पानी कम आने के कारण किसानों के सामने बड़ी समस्या उत्पन्न हो गई है। किसान सालो भर भोजन खाने के साथ-साथ हर प्रकार का घरेलु कार्य कार्य शादी विवाह ,बच्चों की पढ़ाई, घर बनाना, रोग बीमारी का इलाज आदि का खर्चा अपने खेतों में उपजाए गए फसल से करते हैं। प्रखंड क्षेत्र के अधिकांश गांव में पानी रहने के बाद आषाढ़ के मध्य से धान रोपनी किसानों द्वारा शुरू कर दी जाती थी। लेकिन पिछले दो तीन वर्षों से मौसम की बेरुखी और तेज धूप व गर्मी के कारण खेतो में काडो की जगह धूल उड़ रही है। धान कि नर्सरी कड़ाके की धूप से मुरझा रही है।

प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में जिसमे प्रमुख रूप से मकनपुर,शेरपुर, चंडीपुर ,बासोचक, लीला बीघा भुआलचक, गोपालपुर आदि गांव मे नाग पंचमी के दूसरे दिन से युद्ध स्तर पर धान रोपनी शुरू हो जाती थी लेकिन वर्षा के अभाव में किसान काफी परेशान है वैकल्पिक व्यवस्था मे बिजली रानी की आंख मिचौनी किसानों को रुला रही है। शाम को सिंचाई किया धान की नर्सरी सुबह मे खेत सुख जा रहा है। खेतो में नमी नहीं होने से जुताई कूड़ाई भी नही हो पा रहा है। पिछले 2/3 वर्षों के प्राकृतिक आपदा झेल रहे किसान सहमे हुए हैं। बावजूद जीविका के लिए कोई दूसरा विकल्प नहीं होने के कारण बिना परवाह किए धान रोपनी करने के लिए बिचड़ा को जलने से बचाने में जुटे है। इस भीषण गर्मी और तेज धूप से बचाने के लिए 3 से 4 दिनों में पटवन करना जरूरी हो रहा है। अगर दो तीन दिनों में मौसम का मिजाज नहीं बदला तो किसानों को धान रोपनी तो दूर बिचड़ा बचा पाना मुश्किल हो जाएगा। क्योंकि आबादी वाले स्थानों का चापाकलो से पानी निकलना संभव नहीं होगा।

# नवगठित नगर परिषद् जाले एवं नगर पंचायत घनश्यामपुर के गठित वार्डों का 19 जुलाई को होगा प्रारूप प्रकाशन

## 22 जुलाई से 05 अगस्त तक होगा प्रारूप प्रकाशन के दौरान प्राप्त आपत्तियों का निष्पादन 12 अगस्त को होगा अंतिम रूप से गठित वार्डों का जिला गजट में प्रकाशन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा, 19 जुलाई 2022 :- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला दण्डाधिकारी राजीव रौशन द्वारा आदेश निर्गत करते हुए कहा है कि राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार द्वारा निर्गत पत्र में नवगठित नगर परिषद, जाले एवं नगर पंचायत, घनश्यामपुर के प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों (वार्ड) के गठन के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश संसूचित किया गया है।

उन्होंने कहा कि उक्त निर्देश के आलोक में नवगठित नगर निकायों के वार्डों की सूची विहित प्रपत्र - 06 में 19 जुलाई 2022 को संबंधित नगर पंचायत के कार्यालय, जिला कार्यालय एवं जिला के वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएगी। कहा कि वार्डों के गठन के संबंध में विभाग द्वारा निम्न प्रकार समय सारिणी का निर्धारण किया गया है :-

कहा कि 19 जुलाई 2022 को गठित वार्डों का प्रारूप प्रकाशन किया जाएगा। इसके साथ ही 19 जुलाई से 01 अगस्त 2022 तक आपत्तियों की प्राप्ति की जाएगी। 22 जुलाई से 05 अगस्त 2022 तक प्रारूप प्रकाशन के दौरान प्राप्त आपत्तियों का निष्पादन किया जाएगा। वहीं 06 अगस्त से 08 अगस्त 2022 तक वार्डों की सूची तैयार कर उस पर प्रमण्डलीय आयुक्त का अनुमोदन होगा तथा 10 अगस्त 2022 को अंतिम रूप से गठित वार्डों का जिला गजट में प्रकाशन किया जाएगा।

इसके साथ ही 12 अगस्त 2022 तक राज्य सरकार (नगर विकास एवं आवास विभाग) एवं राज्य निर्वाचन आयोग को जिला गजट में प्रकाशित वार्डों की सूची एवं मानचित्र उपलब्ध कराया जाएगा।

उन्होंने कहा कि आयोग के पत्र की कंडिका - 08, 09, 10 एवं 11 में प्रपत्र - 06 में प्रकाशित वार्डों की सूची के संबंध में आपत्ति प्राप्त किये जाने एवं उनके निष्पादन का उल्लेख किया गया है।

पत्र की कंडिका - 08 के अनुसार प्रारूप प्रकाशन की तिथि से उपरोक्त समय सारिणी के अनुसार वार्डों के गठन के बारे में जिला दण्डाधिकारी के समक्ष या जिला दण्डाधिकारी को सूचित करते हुए उनके प्राधिकृत पदाधिकारी के समक्ष आपत्तियाँ दर्ज की जा सकेगी।

आपत्तियाँ प्रारूप प्रकाशित वार्डों के सिर्फ परिसीमन, जनसंख्या तथा वार्डों के संख्यांकन से संबंधित बिन्दुओं पर ही दी जा सकेगी।

कहा गया कि पत्र की कंडिका - 09 के अनुसार अधिकारियों/कर्मियों द्वारा प्रारूप प्रपत्र - 06 में पाई गई खामियों एवं त्रुटियों को प्रारूप प्रकाशन की अवधि में प्राप्त आपत्तियों के रूप में मानते हुए उसका निष्पादन किया जायेगा अर्थात प्रपत्र - 06 में त्रुटियों के संबंध में आपत्तियाँ चाहे नगर निकाय के निवासियों द्वारा दी गयी हो अथवा अधिकारियों द्वारा स्वंय डिटेक्ट की गयी हो, दोनों स्थिति में त्रुटियों का निराकरण/परिमार्जन कर अंतिम रूप से प्रपत्र - 06 का प्रकाशन किया जाना है।

पत्र की कंडिका - 10 के अनुसार जिला दण्डाधिकारी या उनके द्वारा प्राधिकृत अनुमण्डल पदाधिकारी स्तर से अन्यून स्तर के पदाधिकारियों द्वारा प्राप्त आपत्तियों पर सम्यक जाँचोपरांत निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निष्पादित करते हुए आवश्यक आदेश पारित किया जायेगा, जो अंतिम होगा।

राज्य निर्वाचन आयोग के उपरोक्त निर्देश के आलोक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा राजीव रौशन द्वारा नवगठित नगर पंचायतों के वार्डों की सूची प्रपत्र - 06 के प्रारूप प्रकाशन के उपरान्त आपत्ति प्राप्त करने एवं प्राप्त आपत्तियों के नियमानुसार निष्पादन करने हेतु नगर परिषद, जाले के लिए स्पर्श गुप्ता, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर, दरभंगा को प्राधिकृत किया गया है। वहीं नगर पंचायत घनश्यामपुर के लिए रवि प्रसाद चौहान, भूमि सुधार उप समाहर्त्ता, बिरौल को प्राधिकृत किया गया है।

इसके साथ ही उपरोक्त प्राधिकृत पदाधिकारियों को आदेश दिया गया है कि आयोग द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में प्राप्त आपत्तियों का विधिवत निष्पादन करना सुनिश्चित करेंगे एवं तत्संबंधी प्रतिवेदन जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिला दण्डाधिकारी, दरभंगा को प्रेषित कर दिया है!!

# भाकपा माले का अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा सम्पूर्ण प्रखंड को सुखार घोषित करो।

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल भाकपा माले बिरौल एरिया कमिटी के द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा,कार्यक्रम के दूसरे दिन रामसोहाग चौपाल और राधे साहू के संयुक्त नेतृत्व में सभा का कार्यवाही शुरू हुआ,जिसे संबोधित करते हुए एरिया सचिव मनोज यादव ने कहा की बिरौल में अतिक्रमण के नाम पर खानापूर्ति किया गया है,सरकार और बिरौल प्रशासन गरीब के आशियाना उजाड़ने में बढ़ चढ़ कर करवाई किए वही कुछ पूंजीपतियों और वर्तमान विधायक के द्वारा पी डब्लू डी के जमीन को वर्षो पहले कब्जा करके होटल चलाने की खुली छूट दे दी गई है,जिससे अतिक्रमण में घर विहीन हुए गरीबों में काफी आक्रोश व्याप्त है,जिसे अभियान चलाकर अतिक्रमण का कार्य पूरा किया जाय। माले नेता सह मुखिया विसंबर पासवान ने सभा को संबोधित करते हुए कहा की सरकार और अधिकारी का मनसा गरीब दलित,किसानों को



लाभ देने के बजाय प्रक्रिया के आर में उलझाकर रखना चाहते हैं, जल नल योजनाओं में प्रखंड भर का स्थिति काफी खराब है,जिसपर अधिकारी और सरकार पूरी तरह से लापरवाह है।

मनरेगा मजदूर सभा के जिला सचिव बैधनाथ यादव ने कहा की 10 सूत्री मांग के साथ धरना दूसरे दिन भी जारी है,जिसमे पंचायत से लेकर प्रखंड तक गरीब हितेसी योजनाओं में भारी लूट है,जिसपर बात करने से भी अधिकारियों को कतराना भारी परेगा। श्री यादव ने कहा की गरीब भूमिहीनों को जमीन, आवास और रोजगार,बकाया मजदूरी भुगतान तक आंदोलन जारी रहेगा कार्यक्रम में रामसागर राम,संजू देवी,सैबुल खातून,रामकुमारी देवी, चानो देवी,जगरूप सदा ,अभिनाश कुमार राम,सुनीता देवी,शिवकुमारी देवी, शोभी सदा,रामबिलास सदा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे , बीडीओ और सी ओ से संतोषजनक वार्ता के बाद धरना समाप्त करने का फैसला लिया गया।

# दो दिवसीय गंगा दूत का प्रशिक्षण का हुआ समापन

**समाज जागरण लखीसराय**

नमामि गंगे परियोजना अंतर्गत नेहरू युवा केंद्र लखीसराय के तत्वावधान में 18 और 19 जुलाई 2022 तक नमामि गंगे कार्यक्रम में युवाओं की सहभागिता परियोजना के अंतर्गत दो दिवसीय पंचायत स्तरीय गंगा दूत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बड़हिया प्रखंड क्षेत्र के खुटहा पूर्वी ग्राम पंचायत के मध्य विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में बड़हिया ब्लॉक के विभिन्न गंगा ग्रामों से आये हुए 50 गंगा दूतों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन नेहरु युवा केंद्र के जिला युवा अधिकारी द्वारा नेहरू युवा केंद्र के विषय, महत्व एवं उद्देश्य से गंगा दूतों को अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खुटहा पूर्वी के मुखिया, जिला युवा अधिकारी चितरंजन मंडल, ए. पी. एस. वाहिद हुसैन, खुटहा पूर्वी नाट्य कला परिषद के अध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, सहायक प्रधानाध्यापक ललन कुमार जिज्ञासु, समाजसेवी संजय सिंह एवं अरविंद सिंह उपस्थित रहे।



प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से मुख्य अतिथि एवं विभिन्न प्रशिक्षकों द्वारा सभी गंगा दूतों से गंगा को स्वच्छ, निर्मल एवं अविरल बनाए रखने हेतु योगदान देने एवं नमामि गंगे परियोजना में युवाओं को सहभागिता द्वारा जन आंदोलन के रूप में अपने अपने गंगा ग्रामों तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिला परियोजना अधिकारी अभिषेक आनंद द्वारा नमामि गंगे कार्यक्रम के विषय, महत्व एवं उद्देश्य के प्रति गंगा दूतों को अवगत कराया गया एवं नमामि गंगे कार्यक्रम में संचालित होने वाली सभी गतिविधियों के प्रति गंगा दूतों को प्रशिक्षण देकर उन्हें साथ लेकर चलने एवं गंगा स्वच्छता के प्रति जागरूकता कार्यक्रमों को ग्रामीण स्तर पर और भी तेज गति से चलाए जाने का आह्वान किया गया। प्रथम दिवस पर प्रशिक्षकों द्वारा जल संरक्षण, गंगा संरक्षण, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण आदि विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण शिविर के अन्तर्गत गंगा घाट पर योग, गंगा घाट पर स्वच्छता कार्यक्रम, गंगा आरती, गंगा शपथ, गंगा संरक्षण विषयक चित्रकारी प्रतियोगिता, प्रभात फेरी एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का अयोजन किया गया।

# एमएलसी ने सीओ को लगाया फटकार।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-एमएलसी अशोक कुमार ने मंगलवार को नारदीगंज प्रखंड के हंडिया पंचायत की सीतारामपुर गांव पहुंचे। उन्होंने गांव स्थित प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता पूर्ण सुधार लाने के लिए निर्देश शिक्षकों को दिये, उसके बाद ग्रामीणों से रूबरू होकर उनकी मूलभूत समस्या को सुनने के बाद समाधान करने का आश्वासन दिया। सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को मिलेगा। उसके बाद प्रखंड कार्यालय, अंचल कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय का भी निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान एमएलसी अंचल कार्यालय में सीओ अमिता सिन्हा को जमकर फटकार लगाते हुए व्यवस्था में सुधार करने की नसीहत दिये।कहा गया कि आम लोगों की शिकायत है कि शौचालय निर्माण में एनओसी देने में शिथिलता बरती जा रही है, दाखिलखारिज हो बंदोबस्ती या अन्य अंचल के कार्य मे टाल मटोल किया जाता है, काफी मामले लम्बित है,बिना नजराने का कार्य नही होता है,लोग अंचल




कार्यालय का चक्कर लगाते परेशान होते हैं, बावजूद कार्य नहीं होता है। जो व्यक्ति नजराने देते हैं, उन्हीं काम होता है।यह उचित नहीं है। आप समय अवधि में सभी लोगों का कार्य करें,जनता को सहूलियत प्रदान करें, वेवजह किसी भी व्यक्ति को काम के लिए परेशान नहीं करें। सीओ ने लोगों की शिकायत को खारिज करते हुए एमएलसी को भरोसा दिलाया कि सभी का ससमय पूरा किया जाता है।सीएचसी में प्रसव वार्ड,आउटडोर, समेत अन्य वार्ड का निरिक्षण किया, साथ ही रोगियों से भी मुलाकात कर व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की। उसके बाद सीएचसी प्रभारी डा0 अखिलेश प्रसाद,डा 0 विमलेंद्र प्रसाद सिन्हा समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी से मिलकर केंद्र के बारें जानकारी प्राप्त की ।मौके पर राजद के वरीय नेता अनिल कुमार सिंह,एमएलसी प्रतिनिधि शाहिल जी,बाल्मीकि यादव,दीपु यादव,दीपक कुमार उर्फ बाला जी,राजेन्द्र चौधरी, शम्भू मालाकार,दिनेश कुमार अकेला,कुंदन राय, मंटू कुमार,विनय कुमार सिंह,छोटेलाल यादव,वीरेंद्र कुमार समेत अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

# खंडहर बना आंगनबाड़ी केंद्र।

**समाज जागरण**

नारदीगंज, नवादाः- प्रखंड के इचुआकरना पंचायत के अनारपुर गांव में दो आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हो रहा है।एक विद्यालय में,तो दूसरा निजी घर में संचालित हो रहा है। आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 60 है, जो कई वर्षों से उस केंद्र का भवन खंडहर बना हुआ है। जिसे देखनहार कोई नहीं है। इस केंद्र में सेविका रेखा कुमारी व सहायिका गुड़िया रानी पदस्थापित है। भवन जीर्ण शीर्ण अवस्था में है,किवाड़ी,खिड़की की बात करना भी बेईमानी साबित होगा। हालात ऐसा है कि जैसे भूत बंगला है। बावजूद उस भवन की निशानी को बरकरार रखा गया है, और दीवार पर पेंटिंग कर नाम अंकित है। उस दीवार पर समेकित बाल विकास परियोजना, आंगनबाड़ी केंद्र अनारपुर,कोड 60, पंचायत इचुआकरना,प्रखंड नारदीगंज (नवादा), सेविका रेखा कुमारी,सहायिका गुड़िया रानी सुष्पष्ट अक्षर से लिखा हुआ है। अब इस भवन में बच्चों का भविष्य का निर्माण नहीं होता है।सरकार द्वारा चलाये जा रहे कल्याणकारी योजना को लेकर इस केंद्र को गांव में स्थित विद्यालय में स्थानांतरित कर दिया गया है,ताकि छात्रों को लाभ मिल सके।ग्रामीणों ने बताया यह भवन कई वर्ष पहले ही खंडहर हो चुका है।नये भवन का निर्माण भी नहीं हो सका है।इसके लिए अधिकारियों व प्रतिनिधियों दोनों जिम्मेदार है, इनलोगों के अनदेखी के कारण यह हाल बना हुआ है।कई दफा ध्यान दिलाया गया है, वावजूद हालत जस की तस है। अब ग्रामीण उस केंद के दीवार पर गोयठा ठोकने का काम करते हैं,साथ ही कृषि कार्य करने वाले उपकरण रखने का उपयोग कर रहे हैं। वही इस गांव में वर्ष 2018 में एक और भी आंगनबाड़ी केंद्र बनाया गया है, जो कोड संख्या 121 के नाम से जाना जाता है। इस केंद्र में सेविका पुनिता कुमारी व सहायिका सोनी कुमारी पदस्थापित है। सेविका कहती है कि भवन के अभाव में केंद्र घर पर संचालित कर रही हूं। ग्रामीणों का मलाल है कि इस गांव के प्रमुख व मुखिया भी रह चुके हैं,लेकिन उन सभी जनप्रतिनिधि ने भी भवन निर्माण में दिलचस्पी नहीं दिखाई है। अब इस पंचायत के नवनिर्वाचित प्रमुख व मुखिया क्या विकास कर पायेंगे, यह भविष्य के गर्भ में छिपा हुआ है। इस संबंध में सीडीपीओ मंजू कुमारी कहती है कि इस गांव में नये भवन निर्माण के लिए वरीय पदाधिकारी को प्रतिवेदित किया गया है।

# बुनियादी विद्यालय कोसला का परिसीमन वार्ड ग्यारह में करने की मांग।

**समाज जागरण**

नारदीगंज,नवादाः-प्रखंड के राजकीय बुनियादी विद्यालय कोसला का परिसीमन वार्ड ग्यारह में करने की मांग ग्रामीणों ने बीडीओ से किया है।इस संबंध में कोसला पंचायत के वार्ड संख्या ग्यारह के वार्ड सदस्य कृष्णा प्रसाद,रविन्द्र साव, कृष्णा मोची,उमेश रविदास समेत अन्य ग्रामीणों ने बीडीओ समेत अन्य पदाधिकारी को आवेदन देकर बुनियादी विद्यालय कोसला का परिसीमन वार्ड ग्यारह में करने की मांग किया है। बताया जाता है कि यह विद्यालय वार्ड 11 के नजदीक क्षेत्र में स्थित है।जबकि वहां के वार्ड सदस्या नौ बराबर चुनाव में निर्धारित तिथि को अनुपस्थित रहकर चुनाव कार्य प्रभावित कर रही है। जबकि वहां पदेन अध्यक्ष बनी हुई है,जो शिक्षा समिति के अनुसार गलत है।वार्ड सदस्य नौ अपनी मनमानी रवैया के कारण शिक्षा समिति का चुनाव नहीं होने दे रही है।इस परिस्थिति में विद्यालय का सही तरीके से परिसीमन कराया जाय,ताकि शिक्षा समिति का चुनाव किया जा सकें।और विद्यालय का सफल संचालन किया जा सकें।

# एक युवक को धारदार चाकू सहित नशीली पदार्थ के साथ के पुलिस ने किया गिरफ्तार, युवक था नशे में धुत।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर जोकसर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक कुछ अलग ही कारनामा करते दिखा। मानो उसे प्रशासन का कोई खौफ नहीं ।खुलेआम हाथ में चाकू लिए वह बेधड़क नशे की हालत में सड़कों पर नजर आए। एक तरफ सरकार नशा मुक्ति अभियान चला रही है जिसमें अरबों रुपए खर्च कर रही है और लोगों को जागरूक किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर युवा नशे में धुत थे। शायद इस युवक को शायद प्रशासन का कोई खौफ नहीं । ताजा मामला जोक सर थाना क्षेत्र का है। बताते चलें कि सड़कों पर एक युवक धारदार चाकू हाथ में लेकर कचहरी चौक से मनाली चौकी की ओर बेधड़क जा रहा था। इसी क्रम में मनाली चौक पर तैनात पुलिस जवानों




के द्वारा उसे रोका गया और हाथ में लिए हुए चाकू पुलिस ने जप्त कर लिया। वही जब उसकी तलाशी ली गई तब उसके पास से गांजा काटने का एक हथियार, कई पुड़िया गांजा और कफ सिरप की एक बोतल बरामद की गई। वही युवक बार-बार कह रहा था कि उसके घर किसी ने तोड़ दिया है। इसीलिए वह उसकी हत्या करने के लिए जा रहा है। पुलिस की गिरफ्त में आया व्यक्ति अपना नाम अंकेश कुमार राम बता रहा था और बरारी का रहने वाला खुद को बता रहा था। वहीं पुलिस की मुस्तैदी के कारण युवक पकड़ा गया। वही पुलिस युवक को आदमपुर थाना भेज दी है वहीं उससे पूछताछ की जा रही है। युवक साफ तौर पर कह रहा था कि वह गांजा और कफ सिरप का सेवन करता है।

# भागलपुर सुलतानगंज के गनगनियां गांव मे नदी किनारे पुलिस ने किया एक युवती का शव बरामद।

**भागलपुर /सुल्तानगंज समाज जागरण / राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर जिले से अभी-अभी बड़ी खबर सामने आ रही है.जहाँ सुल्तानगंज थाना क्षेत्र के गनगनियां गांव के समीप गंगा नदी किनारे से मंगलवार की सुबह पुलिस ने एक युवती का संदिग्ध स्थिति में शव बरामद किया है। गंगा नदी किनारे से युवती का शव बरामद होने की खबर गांव में आग की तरह फैल गई ।लोग दौड़े-दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे ।इधर घटना की बाबत बताया जा रहा है कि उक्त युवती गंगा स्नान करने गई थी ।तभी गहरे पानी में चले जाने के कारण वह डूब गई।

स्थानीय लोगों द्वारा डूबे युवती को गंगा नदी से बाहर निकाला ।इधर गांव में इस बात की भी चर्चा हैं कि घरेलू विवाद के कारण उक्त युवती की हत्या कर उसे आत्महत्या का रूप





देने उसे गंगा नदी में फेंक दिया गया ।मृतिका की पहचान गनगनियां गांव निवासी विजय कुमार जयसवाल की 27 वर्षीय पुत्री नेहा कुमारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी में जुटी हुई है ।युवती की हत्या हुई है या फिर उसने आत्महत्या करने गंगा नदी में डूबी है ।इन दोनों बिंदुओं पर पुलिस गंभीरता से जांच कर रही है।

# जिस विश्वविद्यालय के कुलपति दिनकर हुआ करते थे, आज वह विश्वविद्यालय स्थाई कुलपति की बाट जोह रहा।

**भागलपुर समाज जागरण /प्रमंडलीय व्यूरो भागलपुर राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी संघ और युवा राजद के कार्यकताओं के संयुक्त तत्वावधान में आज भी विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति की मांग को लेकर प्रदर्शन जारी

विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां बद से बद्तर, छात्रों को हो रही काफी परेशानियां, विश्वविद्यालय बना प्रदर्शनकारियों का अड्डा

भागलपुर। लगातार तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के सभी कॉलेजों के साथ साथ विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी महासंघ और छात्र राष्ट्रीय जनता दल द्वारा प्रदर्शन जारी है। एक तरफ जहां बिहार राज्य विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय कर्मचारी संघ ने बीते दिनों अपनी 13 सूत्री मांगों को लेकर 18 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखा है वही दूसरी ओर युवा राजद के कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों में तालाबंदी कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। आज दोनों संघ एवम पार्टी के संयुक्त तत्वावधान में प्रदर्शनकारियों को एकजुट होकर प्रदर्शन करते देखा गया। जिस विश्वविद्यालय के कुलपति रामधारी सिंह दिनकर हुआ करते थे, आज वह विश्वविद्यालय स्थाई कुलपति की बाट जोह रहा है। विश्वविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियां बद से बदतर होती चली जा रही है। छात्रों जिससे सभी सत्र अपडेट हो जाए और जितने भी छात्रों के डिग्री सर्टिफिकेट फाइल में धूल फांक रहे हैं उन्हें कुलपति के हस्ताक्षर के साथ छात्रों को दे दिया जाए।



के साथ-साथ कर्मचारियों और शिक्षकों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय एक प्रदर्शनकारियों का अड्डा बन गया है। प्रदर्शनकारियों की मांग है विश्वविद्यालय में स्थाई कुलपति जल्द से जल्द बहाल हो और विश्वविद्यालय के शैक्षणिक स्थिति को सुदृढ़ किया जाए ,साथ ही साथ आक्रोशित प्रदर्शनकारियों की मांगे हैं, समय पर परीक्षा हो

कर्मचारियों के विरोध प्रदर्शन के चलते 18 जुलाई से होने वाले पार्ट 2 की परीक्षा भी रद्द कर दी गई । सभी महाविद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा जब कर्मचारी ही हमारे साथ नहीं रहेंगे तो परीक्षा हम कैसे ले सकेंगे। इस कारण से परीक्षा रद्द कर दी गई और इसका ठीकरा प्रदर्शनकारियों पर फोड़ दिया गया।

वही प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती तब तक यह अनिश्चितकालीन हड़ताल तालाबंदी के साथ जारी रहेगा।

# एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर हुआ आयोजित

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

घनश्यामपुर प्रखंड के ई किसान भवन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।शिविर में प्रखंड क्षेत्र के सभी 11 पंचायत के नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य को जिला संसाधन केंद्र से आए कर्मियों के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को उनके कार्य एवं दायित्व के बारे में विस्तार से बताया गया।



लेखा संधारण अंकेक्षण, प्रखंड एवं पंचायत के विभिन्न विकास की योजना, 15वें वित्त आयोग एवं सप्तम वित्त आयोग, ई ग्राम स्वराज ऑडिट ऑनलाइन तथा अन्य योजनाओं के बारे में प्रशिक्षकों के द्वारा सभी नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों को विस्तार से बताया गया।

कार्यक्रम में प्रशिक्षक सुष्मिता सोनी, जगदानंद झा, सुदेश कुमार राय, कुमारी काजल एवं प्रखंड क्षेत्र के सभी नवनिर्वाचित पंचायत समिति सदस्य मौजूद रही।

# हाईवा ने 7 वर्षीय मासूम को कुचला हुई मौत

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

लखीसराय मुंगेर राष्ट्रीय राजमार्ग मेदनी चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत किरणपुर ढाला के समीप मुंगेर की ओर जा रहे गिट्टी लदे हाईवा ने किरणपुर ढाला के समीप सड़क के किनारे जा रहे बच्ची को कुचलते हुए मुंगेर की ओर निकल गई उक्त घटना को लेकर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग को अवरुद्ध कर दिया गया घटना की सूचना पाते ही स्थानीय मेदनी चौकी



पुलिस और सूर्यगढ़ा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉक्टर अखिलेश कुमार एवं सूर्यगढ़ा इंस्पेक्टर के द्वारा ग्रामीणों को समझाने के बाद आवागमन चालू हो पाया उक्त घटना को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा मृतक के परिजनों को 20,000 की राशि का चेक दिया गया मृतका 7 वर्षीय रितु रानी पेशर जुगल महतो की पुत्री थी तथा वह मेदनी चौकी थाना क्षेत्र के किशनपुर गांव की रहने वाली बताया गया

# मजदूर का बेटा बना दरोगा

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

एक मजदूर का बेटा अपने मैरिट के बूते दरोगा बनकर समाज के सामने एक मिसाल पेश किया है ।उक्त बातें जिला परिषद अध्यक्ष रविरंजन कुमार उर्फ टनटन सिंह ने सोमबार को नवचयनित दरोगा दिलीप कुमार के लिए रत्नूपुर ग्राम स्थित कालिस्थान के निकट आयोजित सम्मान समारोह में कही।कार्यक्रम के दौरान नवचयनित दरोगा दिलीप कुमार फूल मलाओ से लाद



दिया गया ।कार्क्रम का डॉक्टर नवलकिशोर गुप्ता ने किया ।कार्यक्रम के दौरान नवचयनित दरोगा श्री कुमार भावुक होते हुए अपने आर्थिक तंगी के बाबजूद किस तरीके से तैयारी कर ये मुकाम हसील किया उसकी कहानी बताई ।कार्यक्रम को जिप अध्यक्ष श्री कुमार,महमदपुर मुखिया प्रतिनिधि पंकज यादव,धीरा पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार एवं चंदनपुरा पंचायत के मुखिया नीलेश सिंह के अलावे जन सहभागिता मंच के संस्थापक अमरजीत कुमार कक्कू,मुरारी महतो,सामाजिक कार्यकर्ता नवल मंडल,जन वितरण प्रणाली के दुकानदार नरेश पासवान,सरपंच प्रतिनिधि शिवंदन साव आदि लोगों ने सम्बोधित कर प्रोत्साहित किया ।मौके पर नवचयनित दरोगा के पिता कमलेश्वरी साव माँ सोनामनी देवी सामाजिक कार्यकर्ता रमन कुमार सिंह,राजीव झा,संजय बिंद,रौतम कुमार एवं गौतम कुमार सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

# अग्निशमनकर्मी के द्वारा स्कूली बच्चों को आग से बचाव की दी गई जानकारी

**समाज जागरण लखीसराय**

जिले के पीरी बाजार थाना में कार्यरत अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार के द्वारा मंगलवार को घोसैठ पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय घोसैठ के शिक्षकों के द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में अग्निशमन कर्मी अखिलेश कुमार के द्वारा विद्यालय के सारे



शिक्षक और स्कूली बच्चों की मौजूदगी में आग से सावधानी और गैस सिलेंडर में आग लगने पर क्या उपाय और सावधानी को लेकर मॉकड्रिल के माध्यम से जागरूक करने का कार्य किया गया एवं साथ ही विद्यालय के शिक्षक और स्कूली बच्चों को आग से सावधानी और बचाव को लेकर पर्चा का भी वितरण किया गया

# तीन वारंटी को भेजा गया जेल

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत नवाबगंज गांव में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है तथा इस संदर्भ में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए सभी अभियुक्त सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के नवाबगंज गांव के रहने वाले गोरेलाल राम मुसहरू



राम और संजय राम है जिसके ऊपर लखीसराय नगर थाना में कांड संख्या 601/15 दर्ज था जिसके आलोक में सूर्यगढ़ा पुलिस ने छापेमारी कर तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लखीसराय जेल भेजा गया है

# रास्ते के विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट

**समाज जागरण सूर्यगढ़ा**

स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत सूर्यपुरा पुरानी बाजार में रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई जिसमें दोनों पक्षों से कुल चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिसे आनन-फानन में सूर्यगढ़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर




ले जाया गया जहां सभी घायलों का इलाज किया जा रहा है घायलों में मोहम्मद सैयद केसर मोहम्मद मकबूल मोहम्मद शमीम पेशर मोहम्मद मुस्लिम की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे लखीसराय रेफर किया गया दोनों पक्षों के लोग सूर्यगढ़ा थाना क्षेत्र के सूर्यपुरा गांव के रहने वाले हैं तथा दोनों पक्ष के द्वारा थाने में मारपीट की घटना को लेकर आवेदन नहीं दिया गया है

## गोराडीह थाना क्षेत्र के एक बहियार में एक अधेड़ महिला और एक 12 वर्षीय बच्चे का मिला शव, इलाके में मची सनसनी।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

भागलपुर।गोराडीह थाना क्षेत्र के हरना महागमा रोड के कोथोटिया बहियार में दो अज्ञात शव को देख ग्रामीण ने गोराडीह पुलिस को सूचना दिया। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने दो अज्ञात शव को बरामद किया।एक महिला एक बच्चे का शव मिला है। महिला का उम्र करीब 50वर्षीय और लड़का का उम्र 12 वर्ष बताया जा रहा है। मौके पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पहचान करने में जुट गई है। वही पुलिस आशंका जाहिर कर रही है कि कहीं अन्य जगह पर हत्या कर शव को लाकर यहां फेंका गया है। वहीं पुलिस मृतक का पता करने में जुट गई है। जिसके बाद ही पता चल पाएगा कि आखिर हत्या क्यों की गई।



## टाइगर स्पोर्ट्स क्लब के 15 खिलाड़ियों का राज्यस्तरीय एथलेटिक्स में हुआ चयन

**दैनिक समाज जागरण हाजीपुर,, बैशाली**

हाजीपुर(वैशाली)जिले के जन्दाहा प्रखंड के लोमा गांव निवासी मशहूर धावक मोहम्मद परवेज आलम उर्फ टाइगर द्वारा संचालित टाइगर स्पोर्ट्स




क्लब ने जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप में दिखाया जलवा। लगभग 15 खिलाड़ी का बिहार राज्यस्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन किया गया।जो दिनांक 29 जुलाई से 31 जुलाई तक पाटलिपुत्र स्टेडियम पटना में होगा। जिला स्तरीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सुभारंभ सुबह 7 बजे अक्षयवट स्टेडियम कचहरी हाजीपुर में हुआ। लगभग 400 खिलाड़ियों ने भाग लिया और 50 से अधिक खिलाड़ियों का बिहार राज्यस्तरीय चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ।जिसमे टाइगर स्पोर्ट्स क्लब के 15 खिलाड़ी शामिल है।जो इस प्रकार है सुमन कुमार पिता अनिल सिंह,वियोग कुमार पिता राम विलास सिंह,जूही कुमारी पिता राजेश कुमार,नेहा कुमारी पिता विशेश्वर सिंह, आरती कुमारी पिता प्रभात पंडित,मोहम्मद प्रवेज आलम पिता अब्दुल मदीना,सोनाली कुमारी पिता अशोक झा,निखिल कुमार,गोलू कुमार,विवेक कुमार,माल्या कश्यप आदि खिलाड़ी शामिल है।

## भोजपुर जिले के बीआरसी भवन आरा में पांच दिवसीय"चहक प्रशिक्षण " कार्यक्रम का उदघाटन।

**दैनिक समाज जागरण (आरा,,अख्तर शफी निक्की )**

जिला शिक्षा पदाधिकारी महोदय मो0 अहसन सर, श्री रमेश पाल सर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी ररअ इँद्गस्त्र४१ के द्वारा किया गया ' इस अवसर पर मंजीत कुमार सिंह स्टेट मास्टर ट्रेनर, श्री मति विनिता कुमारी अवर विद्यालय निरीक्षक सह समन्वयक बीआरसी आरा, मो0गुलाम सरवर प्रखंड शिक्षा




पदाधिकारी, धर्मेंद्र सिंह मेंटर, उमेश कुमार सिंह मेंटर, अरूण कुमार सिंह मास्टर ट्रेनर , अलख निरंजन, केदार नाथसिंह प्रतिभागी सहित सभी सीआरसी के 40शिक्षक प्रतिभागी इस प्रशिक्षण में सम्मिलित हुए

## मतस्यजीवी सहयोग समिति के चुनाव में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर मतस्यजीवी सहयोग समिति के चुनाव में मतदाताओं ने बढ़ चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सुबह सुबह मौशम के बदले मिजाज के साथ हीं मतस्यजीवी सहयोग समिति के विभिन्न पद हेतु प्रखंड परिसर स्थित ई किसान भवन स्थित मतदान केंद्रों पर मतदाता अपने



मताधिकार का प्रयोग करने हेतु पहुंचने लगे। जहां धीरे धीरे मतदाताओं का भीड़ लंबा होने लगा। दोपहर होते होते लम्बी कतार देखी गई। जहां कतार बद्ध मतदाताओं ने अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। सुबह सात बजे शुरू हुआ मतदान शाम के साढ़े चार बजे समाप्त हुआ। जिसके बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई। इस बाबत प्रभारी बीडीओ सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी ने बताया कि 412 मतदाता में 298 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिसमें 120 महिला एवं 178 पुरुष मतदाता सामिल है। बताया कि मतदान के बाद मतगणना की प्रक्रिया शुरू की गई है। मतगणना के बाद जीत हासिल करने वाले प्रत्यासी को जीत का प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इस दौरान एसडीओ मनीष कुमार, मजिस्ट्रेट के रूप में पिपरा सीओ रविन्द्र कुमार चौपाल, आरओ रविकांत, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा सुपौल, थानाध्यक्ष सुमन कुमार मौजूद रहे।

## मड़वा में आवास सहायक को ग्रामीणों ने बनाया बंधक

**दैनिक समाज जागरण**

पकरीबरावां(नवादा) पकरीबरावां प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जूरी पंचायत के मड़वा गांव में मंगलवार को आवास सहायक को बंधक बना लिया गया। आवास सहायक कौशलेंद्र कुमार आवास योजना अंतर्गत निमार्णाधीन मकान की जांच करने पहुंचे थे। इस बीच मुखिया समर्थकों ने नजराना मांगने का आरोप लगाते हुए घेर लिया। जानकारी के अनुसार आवास सहायक के साथ हाथापाई व मारपीट भी हुई। आवास सहायक को 2 घंटे तक बंधक बनाए रखते हुए अधिकारियों को बुलाने की मांग की जा रही थी। इधर, मामलें की जानकारी स्थानीय थाना को मिली, तो थानाध्यक्ष शिशुपाल मड़वा पहुंच मामलें की जानकारी ली। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामलें को लेकर दोनों पक्षों की ओर से आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच कर विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## डाक बम सेवा समिति जहांगीरपुर वैसी के युवकों ने की डाक बम जाने वाले भक्तों की सेवा।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

यादव डाक बम सेवा समिति जगंगीरपुर वैसी गांव के युवकों ने डाक बम और विभिन्न मंदिरों में पैदल यात्रा कर जलाभिषेक करने जा रहे श्रद्धालुओं की सेवा की है. दूसरी तरफ यादव बम सेवा समिति के एक युवकों की एक टोली ने गंगा से जल भर कर गांव के मंदिर में जलाभिषेक भी किया है. विभिन्न कार्यक्रमों में टीम अध्यक्ष चंदन यादव, कोषा अध्यक्ष गौतम यादव, सचिव सुमन कुमार गुप्ता, देवराज यादव, विभाष यादव, गुरुदेव साह, सुमित यादव, प्रकाश यादव, सन्नी कुमार शामिल थे.।

## जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र का डीएम ने किया निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण बैशाली,, हाजीपुर**

हाजीपुर(वैशाली)जिलाधिकारी श्री यशपाल मीणा के द्वारा आज दिन में जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र हाजीपुर का नीरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में केन्द्र पर बिहार स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण प्राप्त करने आये हुये आवेदकों से बात कर जानकारी प्राप्त की गयी कि किस शिक्षा हेतु ऋण ले रहे हैं एवं किस संस्थान में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।प्रबंधक जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र को निदेश दिया गया कि जहाँ पर आवेदकों के बैठने की व्यवस्था है, उसी के समक्ष टेबुल लगाकर बैठे एवं आवेदकों को बिहार स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड के तहत ऋण प्राप्ति हेतु फार्म उपलब्ध कराते हुए उसे सही रूप से भरने में यथोचित सहयोग प्रदान करें।जिलाधिकारी द्वारा वहाँ के कर्मियों की उपस्थिति पंजी की जाँच की गयी। जाँच के क्रम में अनुपस्थित पाये गये कर्मियों के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने पर प्रबंधक द्वारा बताया गया कि कुछ कर्मी आज काउंसलिंग हेतु पूर्व से निर्धारत पंचायतों में गये हैं एवं कुछ कर्मियों द्वारा अवकाश का आवेदन / सूचना दी गयी है।साथ ही कुछ कर्मियों द्वारा 02 घंटा विलम्ब से आने की सूचना दी गई है।इस पर जिलाधिकारी द्वारा वहाँ पर उपस्थित जिला योजना पदाधिकारी वैशाली को निदेश दिया



गया कि उपस्थित के संदर्भ में तथ्यों की जाँच कर प्रतिवेदन देना सुनिश्चित करेंगे ताकि दोषियों के विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जा सके।जिला योजना पदाधिकारी, वैशाली को यह भी निदेश दिया गया कि जिला निबंधन परामर्श केन्द्र का प्रतिदिन निर्धारित समयानुसार अनुश्रवण करना सुनिश्चित करेंगे। प्रबंधक जिला निबंधन परामर्श केन्द्र को निदेश दिया गया कि केन्द्र द्वारा कार्यान्वित करायी जा रही तीनों योजनाओं - मुख्यमंत्री स्वंय सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम तथा बिहार स्टूडेन्ट क्रेडिट कार्ड का प्रतिदिन ऑनलाईन प्रगति प्रतिवेदन तैयार कराकर गोपनीय शाखा को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे तथा अवेदनों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करायेंगे।किसी भी स्तर पर अकारण आवेदन लंबित पाये जाने पर उनके विरूद्ध अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी।जिला योजना पदाधिकारी एवं प्रबंधक जिला निबंधन परामर्श केन्द्र हाजीपुर को निदेश दिया गया कि आगामी स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को जॉब कैम्प लगाने तथा उसी दिन कुशल युवा कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षण प्राप्त युवाओं को प्रमाण-पत्र एवं बिहार स्टुडेन्ट क्रेडिट कार्ड वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित करायी जाए। जिलाधिकारी के द्वारा डीआरसीसी परिसर में वृक्षारोपण कराने,बैनर पोस्टर लगवाने का निदेश दिया गया। कार्यपालक अभियंता भवन को निदेश दिया गया कि इस केन्द्र के आधारभूत संरचना का स्वयं निरीक्षण करें एवं आवश्यकतानुसार मरम्मति के कार्य करायेंगे।

## खजौली प्रखंड़ कार्यालय स्थित प्रखंड़ आपूर्ति कार्यालय बंद रहने से जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती एव खजौली विधान सभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि ने कार्यालय के गेट पर आक्रोस व्यक्त किया.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अमोद कुमार श्रीवास्तव**

प्रखंड़ आपूर्ति कार्यालय में लटका ताला को दिखाते जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती.

आपूर्ति कार्यालय में लटका ताले को दिखाते जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती व अन्य जनप्रतिनिधि लोग.

प्रतिनिधि, खजौलीः प्रखंड़ कार्यालय स्थित मंगलवार को करीब 1.30 वजे दिन में कार्यालय में लटका ताला को देखकर जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती, विधायक प्रतिनिधि शंम्भू नाथ ठाकुर,चंद्रडीह पंचायत के मुखिया जय प्रकाश मंडल सहित अन्य जनप्रतिनिधि ने विभाग के विरोध आक्रोस व्यक्त की.जिला परिषद क्षेत्र संख्या -21 के जिला पार्षद जितेंद्र कुमार भारती अपने पंचायत के आम जनता के लोगो साथ राशन कार्ड की फार्म जमा करने के लिए 11 वजे कार्यालय के गेट पर पहुचे थे. लेकिन कार्यालय के गेट में ताला लगा देखकर आपूर्ति कार्यालय की कर्मी आने की इंतजार कर रहे थे.लेकिन 1.30 वजे तक कोई कर्मी कार्यालय पर नही पहुँचने पर विभाग के प्रति आक्रोस व्यक्त करते हुए




इसकी शिकायत जिला पदाधिकारी से करने की बात बताया गया. जिप सदस्य ने कहा कि प्रखंड़ आपूर्ति पदाधिकारी रहिका प्रखंड़ के एमओ प्रभार में खजौली प्रखंड़ के एमओ के रूप में नूर जहाँ पदस्थापित है.लेकिन एमओ नूर जहाँ को खजौली से तबादला हो गयी है.वही एमओ नूर जहाँ के बदले अभी तक नया एमओ योगदान नही होने से फिलहाल प्रभारी एमओ ही काम काज को देख रही है.जिप सदस्य भारती ने एमओ पर आरोप लगाया है कि कार्यालय में दो दो सहायक कर्मी रहते हुए भी कार्यालय में ताला लटके रहने से प्रखंड़ क्षेत्र के दूर दराज लोगो को राशन कार्ड से लेकर राशन वितरण की समस्या की समाधान को लेकर कार्यालय की चक्कर काट रहे है. वही जिप सदस्य जितेंद्र कुमार भारती ने विभाग के प्रति आक्रोश जाहिर करते हुए जिला पदाधिकारी से उन कर्मियों पर करवाई की मांग की है.इस मौके पर चंद्रडीह पंचायत के मुखिया जयप्रकाश मंडल,विधायक प्रतिनिधि शंम्भूनाथ ठाकुर, सुजीत कुमार सिंह सही अन्य लोग ने विभाग के प्रति आक्रोस व्यक्त की.

## कुमार अमिताभ मोनू जैसा कोई नही,गरीबों के मसीहा है अमिताभ।

### अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल एवं कुमार अमिताभ मोनू के द्वारा लगातार लग रहा है निशुल्क नेत्र जांच शिविर

**दैनिक समाज जागरण सत्येंद्र कुमार/बिहटा**

अखंड ज्योति आई हॉस्पिटल के द्वारा माँ वन देवी महा धाम नेत्र जांच शिविर का आयोजन बिहटा नगर परिषद के भावी अध्यक्ष कुमार अमिताभ मोनू के द्वारा आज बिहटा के अम्हरा हाई स्कूल मे नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमे सैकड़ो लोगों ने इस स्वास्थ्य जांच शिविर का लाभ उठाया, वहा लोगों पे पूछने पे की ये शिविर के माध्यम से जिस तरह से आँखो का इलाज हर माध्यम से बारीकी से हो रहा है उसपे लोगों ने बोला की हमलोगो को पहली बार ये सुविधा आसानी से उपलब्ध हो पा रहा



है !जांच के बाद जिनको आँख मे समस्या है और चस्मा चाहिए उनको चस्मा भी उपलब्ध कराया जायेगा ! !जिन मरीजों को मोतियाबिंद की बीमारी होगी उन मरीजों को मुफ्त मे बस के द्वारा उनका पटना मे निःशुल्क ऑपरेशन भी किया जायेगा ! !

वही कुमार अमिताभ मोनू आज समाज मे अपनी पहचान के मोहताज नहीं है, सामाजिक पुरुष के नाम से वो खुद जाने जाते है, उनका कहना है की हमसे पहले भी जितना हो पाया है मदद हमने की है वजह कोई भी हो, और आगे भी यह मदद हमेशा जारी रहेगी ! !

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार, व्यवहार न्यायालय

**दैनिक समाज जागरण आरा अख्तर शफी (निक्की**

आगामी दिनांक 13 अगस्त, 2022 को होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलतापूर्वक आयोजन हेतु माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार भोजपुर आरा, श्री ब्रजेश कुमार मालवीय के प्रकोष्ठ एवं उनकी अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी के साथ जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष श्री राकेश मिश्रा एवं जिला अधिवक्ता संघ के सचिव श्री जयंत कुमार सिंह उपस्थित थे। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, श्री मिथिलेश



कुमार ने बताया कि आमजन को व्यापक तौर पर प्रचार प्रसार हेतु जिला सूचना जनसंपर्क पदाधिकारी की ओर से आए पदाधिकारी को होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से प्रचार प्रसार करने का निर्देश दिया गया साथ ही जिला पंचायती राज पदाधिकारी की ओर से पदाधिकारी को ग्राम कचहरी में लंबित वादों की सूची एवं सुलह हेतु पक्षकारगण को प्रेरित करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, वही जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष एवं जिला अधिवक्ता संघ के सचिव को अधिवक्तागण के बीच आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में प्रचार प्रसार एवं सुलह के आधार पर निष्पादन हेतु संघ के विद्वान अधिवक्ता को प्रेरित करने को कहा गया।

## नाला निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने की जमकर विरोध प्रदर्शन।

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर एक तरफ सरकार जहां पंचायती राज व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए तरह-तरह योजनाओ मे सात निश्चय योजना के तहत गली नली बना रही है मनरेगा योजना के तहत सड्क पुलिया बना रही है वही योजनाओ के तहत कार्यो मे करोडो रूपए खर्च कर रही है वही दुसरी तरफ स्थानीय अधिकारी व जनप्रतिनिधियो के मिलीभगत से सभी प्रकार का योजना भ्रष्टाचार का भेट चढ गया है जिसका नतीजा है कि सरकारी योजनाओं को स्थानीय ग्रामीण के द्वारा असंतुष्ट पाए जाने पर अधिकारी को लिखित आवेदन के अलावे कई प्रकार के शिकायतें की जाती है लेकिन अधिकारी कभी भी योजनाओं का जांच तक करने नहीं जाते हैं ताजा मामला शिवपुरी पंचायत के वार्ड नंबर 3 का है जहां संवेदक के द्वारा नाला का निर्माण किया जा रहा है जहां योजना खत्म होने के कगार पर है लेकिन अभीतक शीलापट का निर्माण नहीं किया गया है स्थानीय ग्रामीण जब इस योजना का जानकारी लेना चाहता है तो संवेदक के द्वारा ग्रामीणों को ही धमकाया जाता है जिसको लेकर रविवार को स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा योजना स्थल पर पहुंचकर संवेदक के विरुद्ध विरोध प्रदर्शन किया गया प्रदर्शन कर रहे मु मेहर उद्दीन, रुखसाना परवीन, रोशन खातून , आमना खातून, अमीना खातून, दिलीप ठाकुर, ललिता देवी, डॉक्टर इमरान, अशोक यादव, बीबी गुलशन खातून, मु नौशाद आलम व रमेश ठाकुर आदि ने बताया कि यहां नाला का निर्माण किया जा रहा है जिसमें घटिया किस्म का बालू गिट्टी छड का उपयोग कर रहा है जिस पर स्थानीय लोगों के द्वारा इस योजना का जानकारी लेने के लिए संवेदक को कई बार पूछा गया लेकिन संवेदक के द्वारा संतोषप्रद जवाब नहीं दिया जा रहा है वही कार्यों को नियम के विरुद्ध किया जा रहा है जिससे हम लोग काफी परेशान हैं इसके जानकारी नहीं दिया जा रहा है जिससे हम लोग आज आक्रोशित होकर योजना स्थल पर आकर प्रदर्शन कर रहे हैं अगर जब अब भी संवेदक द्वारा इस योजना स्थल पर सिलावट नहीं लगाया जाता है तो हम लोग विरोध प्रदर्शन करते रहेंगे इस संबंध में मुखिया उमेश पासवान ने बताया कि कुछ लोगो के द्वारा काम को बाधित किया जा रहा है।

## हाजीपुर की बिटिया हैनी प्रिया ने जीता सुपर सिंगर का खिताब

**दैनिक समाज जागरण हाजीपुर,, बैशाली**

हाजीपुर(वैशाली)राष्ट्रीय स्तर पर ल्यूमिनस सुपर सिंगर तीन का आयोजन दिल्ली के होटल ताज में संपन्न हुआ।इस कार्यक्रम के जरिये देश के कोने-कोने से छुपी हुई एवं मधुर आवाज की खोज करने के लिए एक मुहिम चलाई गई उसी क्रम में ल्यूमिनस डिस्ट्रीब्यूटर श्रेया वर्ल्ड इंटरप्राइजेज के माध्यम से दिघी निवासी 16 वर्षीय हैनी प्रिया ने मधुर एवं जादुई आवाज से सुरेश वाडेकर म्यूजिक अकैडमी,अजीवासन को प्रभावित किया एवं गानों से दिल जीत लिया और पूरे देश से आये 13000 गाने के वीडियो में से टॉप 15 ग्रैंड फिनाले में ईस्ट जोन के लिए जगह बनाई।बीते दिनों इसका प्रसारण पूरे देश के लिए हुआ।इस प्रतियोगिता का जज पदमश्री प्रसिद्ध गायक हरिहरन ने गायको की प्रतिभा को बहुत बारीकी से सुना।इस रोमांचक प्रतियोगिता में देश के कोने-कोने से आए सभी प्रतिभागियों ने अपना बेहतरीन परफॉर्मेंस देते हुए प्रतियोगिता को कठिन बना दिया। अंत तक रोमांच बना रहा और मधुर संगीत का मुकाबला जारी रहा।अंतिम राउंड में हाजीपुर की बिटिया हैनी प्रिया ने देश के कोने-कोने से आए कलाकारों को पीछे छोड़ते हुए प्रथम पुरस्कार पर कब्जा जमाया।मशहूर गायक हरिहरन ने शाबाशी देते हुए उनकी प्रतिभा को खूब सराहा और भविष्य में सफलता के नए आयाम स्थापित करने का आशीर्वाद दिया एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।





ल्यूमिनस प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से एक लाख का चेक देते हुए पुरस्कृत किया।हैनी प्रिया जीत के बाद उत्साहपूर्वक कहा कि ल्यूमिनस सुपर सिंगर में सेलेक्ट होना और जीत हासिल करना मेरे लिए बहुत बड़ा उपलब्धि है।ल्यूमिनस सुपर सिंगर एक बड़ा प्लेटफार्म है अपने कला और काबिलियत को राष्ट्रीय स्तर पर रखने का।श्रेया वर्ल्ड और ल्यूमिनस लिमिटेड को मौका देने के लिए बहुत-बहुत आभार व्यक्त किया।उन्होंने कहा कि लता जी के गानों ने मुझे काफी प्रभावित किया है।मैं उनके गाने छोटी उम्र से सुनते आ रही हूं।उनके गानों ने मुझे प्रेरित किया म्यूजिक को कैरियर बनाने में।आगे भी मेहनत करती रहूंगी।ल्यूमिनस डिस्ट्रीब्यूटर श्रेया वर्ल्ड इंटरप्राइजेज डायरेक्टर सौरभ कुमार सिंह ने कहा कि हम सभी काफी उत्साहित हैं और हमारे लिए गौरव का पल है।छुपी हुई प्रतिभाएं सामने आ रही है आगे भी प्रतिभागी को अगले मुकाम तक पहुंचाने में जहां भी जरूरत होगी वहां हम खड़े रहेंगे।आगामी कार्यक्रम में नए एवं उभरते टैलेंट को आगे लाने में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेंगे।इस कार्यक्रम में ल्यूमिनस के राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों में प्रीति बजाज (मैनेजिंग डायरेक्टर),अमित शुक्ला, सिनीयर वाइस प्रेसिडेंट (ईएसबी बिजनेस),अरुण तिवारी(सेल्सहेड-ईएसबी बिजनेस),अर्नब पाल (जीएम ईस्ट-ईएसबी बिजनेस),हृषिकेश कुमार (ब्रांच हेड बिहार-ईएसबी बिजनेस) सुमित अभिषेक इत्यादि ने डिस्ट्रीब्यूटर एवं विजेता हैनी प्रिया की कला को सराहना एवं पुरस्कृत किया। वैशाली,ल्यूमिनस डिस्ट्रीब्यूटर श्रेया वर्ल्ड ने प्रसारण के लिए विशेष आयोजन करते हुए प्रोजेक्टर पर हाजीपुर की प्रतिभा को लाइव कार्यक्रम लोगो के बीच दिखाया और प्रेरित किया।इस कार्यक्रम में विनय सिंह,नवनीत कुमार,सतीश कुमार,मंटू कुमार,सनोज,दीपक,आकाश,प्रवीण सिंह इत्यादि सैकड़ो लोगो ने प्रतिभा की तारीफ की और कार्यक्रम का आनंद उठाया।

## बिहार विधान सभा मे 34,बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के विधायक मीणा कुमारी ने विधान सभा मे तारांकित

**दैनिक समाज जागरण, संवाददाता अमोद कुमार श्रीवास्तव**

खजौलीः बिहार विधान सभा मे 34,बाबूबरही विधान सभा क्षेत्र के विधायक मीणा कुमारी ने विधान सभा मे तारांकित प्रश्न उठाकर मधुबनी जिला अंतगर्त खजौली प्रखंड़ के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत में चतरा घाट से चतरा बेलदरही गांव के पास धौरी नदी एव कमला नदी में पुल निर्माण को लेकर आवाज उठाया गया.उन्होंने प्रथम प्रश्न विधान सभा मे उठाकर कर मांग की खजौली प्रखंड़ के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत में कमला, धौरी नदी के चतरा बेलदरही घाट पर पुल नही रहने से आवागमन में कठिनाई होती है.उन्होंने दूसरी प्रश्न में आवाज उठाया कि उक्त प्रखंडों में आमजनों को एक किलोमीटर के बदले 15 किलोमीटर को दूरी तय करनी पड़ती है.वही तीसरी प्रश्न में उन्होंने आवाज



उठाया कि यदि उपयुक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार कमला, धौरी नदी के चतरा बेलदरही घाट पर पुल का निर्माण कराने को विचार रखती है तो कब तक पुल निर्माण होगा.यदि नही तो क्यों, इसकी जानकारी मंत्री जल संसाधन विभाग बतलाने की कृपा करें.वही विधान सभा अध्यक्ष ने प्रश्न के लिखित उत्तर में दशार्या है कि खजौली प्रखंड़ के चतरा गोबरौरा दक्षिण पंचायत में कमला,गागन, धौरी नदी पर पुल नही है.जिसके कारण लदनियां,खजौली एव बाबूबरही प्रखंड़ के 15 हजार लोगों को बाढ़ के समय रास्ता अवरुद्ध हो जाता है.जिस कारण आवागमन में कठिनाई होती है.उन्होंने तारांकित प्रश्न में जवाब देते हुए कहा है कि वस्तु स्थित यह है कि नदी पर पुल निर्माण की कार्य जल संसाधन विभाग द्वारा नही कराया जाता है.उन्होंने पत्र में दशार्या है कि पुल से संबंधित विभाग द्वारा पुल निर्माण हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाने हेतु अपेक्षित करवाई की जाएगी.

## सावन के पहले सोमवारी को श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़।

**दैनिक समाज जागरण जयनगर नित्यानंद झा राजू**

कोरोना को ले लाक डाउन के कारण दो साल बाद आज सावन के पहले सोमवार पर भारत नेपाल सीमावर्ती शिलानाथ धाम, कल्याणेश्वर, जयनगर जागेश्वर महादेव मन्दिर, भेलवा चौक स्थित महादेव मन्दिर, महावीर चौक स्थित नागा बाबा मंदिर समेत सभी शिवालयों में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धलुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने पवित्र सरोवरों एवं नदियों में स्नान किया और शिवमन्दिर मे पूजा अर्चना की। कांवरियों ने पवित्र कमला नदी से जल भर कर कपिलेश्वर, शिलानाथ सहित अन्य शिवालयों में शिवलिंग का जलाभिषेक किया। मंदिर बोल बम एवं हर हर महादेव के जयघोष से गूंज उठा।

मधुबनी जिले के जयनगर स्थित ऐतिहासिक अंकुरित शिलानाथ मंदिर में हर साल कि भांति इस साल भी शिलानाथ शिवालय में अंकुरित शिवलिंग पर जलाभिषेक को लेकर



श्रद्धालुओ की भीड़ देखी गई। श्रद्धालुओं कि जबरदस्त भीड़ को देखते हुए आज सुबह 3 बजे से ही मन्दिर का पट खोल दिए गया था। वही आज देर साम तक श्रद्धालुओं कि जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना जारी रहा। इस मंदिर का इतिहास यह है कि यह नौ धामों में एक धाम से प्रसिद्ध शिलानाथ में चारों ओर से श्रद्धालु जलाभिषेक एवं पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं। इस भीड़- भाड़ में किसी प्रकार कि गड़बड़ी नहीं हो, इसके लिए मंदिर परिसर में मजिस्ट्रेट के साथ महिला एवं पुरूष बल कि प्रतिनियुक्ति कि गई हैं। सूचना तंत्र को और मजबूत कर हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही हैं। वही भीषण गर्मी को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए शीतल जल कि भी व्यवस्था किया गया है। वही साम में आयोजित होने वाले श्रृंगार कार्यक्रम शिवभक्तों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहता हैं। वहीं मंदिर परिसर को रंग बिरंगे बल्ब एवं फूलों से सजाया गया है। कोरोना को लेकर विगत दो सालों से विभिन्न धार्मि

## 30 सितंबर तक 18 से 59 वर्ष के लोगों को नि:शुल्क मिलेगी कोविड टीके की प्रीकॉशनरी डोज

**दैनिक समाज जागरण आरा से अख्तर शफी (निक्की)**

टीकाकरण अभियान में भोजपुर को ने रणनीति के तहत कार्य करने का दिया सुझाव

- कोविड टीकाकरण की धीमी गति वाले प्रखंडों को करना है चिह्नित

आरा, 19 जुलाई जिले में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच राज्य स्वास्थ्य समिति ने कोविड टीकाकरण को तेज करने का निर्देश जारी किया है। इसके लिए राज्य स्वास्थ्य समिति ने भोजपुर जिले को रणनीति के तहत कार्य करने की सलाह भी दी है। ताकि, समय से निर्धारित उम्र वर्ग के सभी लाभार्थियों को टीके की सभी डोज से आच्छादित किया जा सके। वहीं, सरकार ने 30 सितंबर तक जिले में अभियान चलाकर 18 से 59 वर्ष तक के लोगों को कोविड टीके की प्रीकॉशनरी डोज निःशुल्क देने का निर्णय लिया है। ताकि जल्द से जल्द सभी लाभार्थियों को प्रीकॉशनरी डोज दी जा सके। इस क्रम में आगामी 21 जुलाई को फिर से महाअभियान चलाने का निर्देश जारी किया है। साथ ही, विभाग ने वीएचएसएनडी दिवस के अलावा भी सत्रों का संचालन करने को कहा है। इसके लिए आशा कार्यकताओं को अपने अपने क्षेत्र में ड्यू लिस्ट तैयार करना है। वहीं, ऐसे प्रखंडों को भी चिह्नित करना है, जहां पर टीकाकरण की गति धीमी है।

संक्रमण की गंभीरता को समझें, लें अपना निर्धारित टीका :

'जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार अभी धीमी है, लेकिन लगातार नए मरीजों की पुष्टि हो रही है। कोरोना के प्रसार को रोकने के लिए लोगों की सहभागिता जरूरी है। इसलिए लोग संक्रमण की गंभीरता को देखते हुए अपना निर्धारित डोज अनिवार्य रूप से लें। ताकि, टीका लेकर सभी अपनी सामाजिक जिम्मेदारी को पूरा कर सकें।' - डॉ. राम प्रीत सिंह, सिविल सर्जन, भोजपुर

प्रीकॉशनरी डोज पर भी फोकस करने की जरूरत :

जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने बताया, विभाग ने 12 से 14 व 15 से 18 उम्र वर्ग के लाभार्थियों को टीकाकृत करते हुए 18 से 59 वर्ष तक के लाभुकों को प्रीकॉशनरी डोज देने पर अधिक फोकस देने का निर्देश दिया है। इसके लिए जिले के शिक्षा विभाग के साथ सामंजस्य बैठाते हुए सरकारी स्कूलों में टीकाकरण सत्रों का संचालन किया जा रहा है। वहीं, पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी सत्रों का संचालन किया जा रहा है। ताकि, अधिक से अधिक लोगों को टीके की निर्धारित डोज दी जा सके। उन्होंने बताया कि 19 जुलाई तक जिले में 1322318 लोग टीके की विभिन्न डोज लेने से वंचित हैं। जिसका ड्यू लिस्ट तैयार कर लिया गया है। इनमें 12 से 14 वर्ष के 24041, 15 से 18 वर्ष के 64182, 18 से 44 के 796483, 45 से 59 के 244825 तथा 60 से ऊपर के 192787 लाभुकों ने टीके की विभिन्न डोज नहीं ली है।

चार वर्ग में निचले पांच जिलों में शामिल है भोजपुर :

जिले के लोगों में कोविड टीकाकरण को लेकर उदासीनता बढ़ती जा रही है। टीकाकरण अभियान के विभिन्न वर्गों में भोजपुर जिला चार वर्गों में सबसे नीचे है। विभागीय रिपोर्ट पर गौर करें, तो 18 जुलाई तक 12 से 14 वर्ष के उम्र वर्ग के पहली डोज में भोजपुर का प्रदर्शन 40.8 प्रतिशत है। वहीं, दूसरी डोज के वर्ग में 39.8 प्रतिशत ही टीकाकरण हो सका है। 15 से 18 वर्ष के पहली डोज में 54 प्रतिशत और दूसरी डोज 47.9 प्रतिशत ही टीकाकरण हुए हैं। जो अन्य जिलों से सबसे कम हैं। वहीं,18 से 59 वर्ष के लाभुकों में 8.5 प्रतिशत को ही प्रीकॉशनरी डोज लगी है। जिसके कारण इस वर्ग में जिला 20वें स्थान पर है। 60 से ऊपर के लाभुकों को टीका देने में जिला नीचे से छठवें स्थान पर है।

## चार चक्का वाहन की मांग पूरी नहीं होने पर टूट गई शादी

**नवादा( आर्यन मोहन समाज जागरण**

नवादा :- वारिसलीगंज थाना क्षेत्र के खानापुर ग्रामीण श्यामसुंदर सिंह ने स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज कर पूर्व से तय अपनी पुत्री की शादी को चार चक्के का वाहन की मांग पूरी नहीं होने से क्षुब्ध लड़के पक्ष द्वारा इंकार कर दिया गया। फलतः लड़की के स्वजनों द्वारा शादी के खर्च के नाम पर दी गई राशि आठ लाख नकद एवं छह भर सोना का जेवरात नहीं लौटने की बात कही है।




दर्ज मामले में पीड़ित दादा ने कहा है कि अपनी पोती की शादी शेखपुरा जिला के अग्विल चाडे ग्रामीण आत्माचरण सिंह के पुत्र राहुल कुमार के साथ तय किया था। शादी खानापुर ग्रामीण टुनटुन सिंह के सहयोग से तय हुई थी। जिसके तहत उपहार स्वरूप छह भर सोने का आभूषण समेत दीवान पलंग, वाशिंग मशीन, सोफा, मोटरसाइकिल, फ्रीज आदि खरीदने के लिए आठ लाख रुपये नकद दिया गया था। कुछ दिनो बाद जब संबंधित गांव पहुंच कर शादी की तिथि तय करने की बात कही गई। तो लड़के पक्ष में शामिल उनके पिता आत्मा चरण सिंह, उनकी पत्नी टुन्नी देवी, पुत्री अंशु देवी, तरुण देवी, छोटी देवी, दामाद उमेश सिंह आदि ने एक चार चक्के के वाहन की मांग की।

नहीं लौटा रहे आठ लाख रुपए:

जब हमलोंगों ने उनकी मांग पूरी करने में असमर्थता जाहिर की तो उन्होंने रिश्ता तोड़ते हुए शादी करने से इंकार कर दिया। शादी टूट जाने पर जब उपहार के लिए दिये गए राशि समेत आभूषण की मांग की गई तो वापस करने से इंकार कर दिया गया। पीड़ित ने पुलिस से मामले को गम्भीरता से लेते हुए न्याय की गुहार लगाई है

## बिहार में शराब तस्करी कर रहा था इनकम टैक्स कमिश्नर, उत्पाद विभाग सख्त।

**सामाज जागरण पश्चिम चंपारण/गोपालगंज**

गोपालगंज में शराब के साथ भारत सरकार लिखी कार से गिरफ्तार इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का असिस्टेंट कमिश्नर फर्जी निकला. उत्पाद विभाग की टीम ने जब उससे सख्ती से पूछताछ की तो फर्जी असिस्टेंट कमिश्नर दिल्ली का रहने वाला बड़ा शराब माफिया निकला. वो फर्जी असिस्टेंट कमिश्नर बनकर बिहार में शराब की तस्करी करता था. अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार शख्स दिल्ली का शातिर शराब माफिया राजेश है और दूसरा मुजेंद्र, जो उसका ड्राइवर है.दोनों बिहार में शराबबंदी कानून को ठेंगा दिखाते हुए शराब की तस्करी करते थे. इसके लिए कभी इनकम टैक्से डिपार्टमेंट का असिस्टेंट कमिश्नर बनकर तो कभी केंद्र सरकार को बड़ा अधिकारी बनकर लेकिन इस बार इन दोनों की सारी चालाकी नाकाम रही. दिल्ली से आठ कार्टन विदेशी शराब लेकर जैसे ही बिहार-यूपी की सीमा कुचायकोट थाने के बलथरी चेक पोस्ट पर दोनों पहुंचे, उत्पाद टीम ने शराब तस्कर राजेश और उसके सहयोगी ड्राइवर मुजेंद्र को गिरफ्तार किया कर लिया.

## बगहा में चोरो के हौसले बुलंद दरवाजे पर रखी पत्रकार की बाइक चोरी।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा में बाइक चोरी का गिरोह सक्रिय हो गया है इसी संदर्भ में बतादे की बगहा के पत्रकार नरेंद्र पांडेय के निवास स्थान बेलवा डुमरिया से चोरो ने हीरो स्पेलेंडर बाइक चोरी कर चंपत हो गये है। मामले की जानकारी तब हुयी जब तड़के मंगलवार की सुबह पत्रकार की नींद खुली । जब नजर उनके रखे बाइक की जगह पर पड़ी तो देखा कि एक साथ मे तीन बाइक रखी गई थी लेकिन वहां से सिर्फ पत्रकार की ही बाइक गायब हो गई हैं जिसकी आसपास में खोजबीन व जांच पड़ताल की गई लेकिन कहि अतापता नही चलने पर स्थानीय नगर थाना बगहा में चोरी का मामला दर्ज कराई गई हैं चोरी हुयी बाइक का रजिस्ट्रेशन न इफ22 ह8011 अंकित है जब समाज के आईना दिखाने वाले पत्रकार की बाइक सुरक्षित नही तो औरो को क्या कहना जो एक निंदनीय घटना है हम बात करे सुरक्षा को लेकर पुलिस प्रशासन की तो बगहा में चोरी की घटनाएं आयेदिन सामने आती रहती लेकिन ऐसा लगता है कि पुलिस प्रशासन कुंभकर्णी निंदी में सोई हुयी है ।इस मामले में पूछे जाने पर धनाध्यक्ष अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि मामला दर्ज कर ली गई है जल्द ही बाइक चोरी गैंग का भंडाफोड़ कर लिया जाएगा।

## वाल्मीकिनगर मे स्कार्पियो ने मारी ठोकर, एक व्यक्ति बुरी तरह घायल।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

खबर पश्चिमी चम्पारण के वाल्मीकिनगर से है,स्कार्पियो की चपेट में आने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। वाल्मीकि नगर - बगहा मुख्य पथ पर सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे ठाड़ी गांव निवासी हरेंद्र महतो उम्र लगभग 40 वर्ष पिता भिखारी महतो अपने गांव ठाडी से साइकिल से वाल्मीकि नगर बाजार करने जा रहे थे ।इसी क्रम में तेज गति से आ रही एक स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर साइकिल सवार हरेंद्र महतो को हवाई अड्डा चौक के निकट ठोकर मार कर नौ दो ग्यारह हो गया। ग्रामीणों द्वारा घायल हरेंद्र महतों को वाल्मीकि नगर स्थित अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।जहां घायल अधेड़ को उपचार के बाद स्थिति को चिंताजनक देखते हुए बेहतर इलाज के लिए डॉक्टर संजय कुमार सिंह ने अनुमंडलीय अस्पताल बगहा रेफर कर दिया। चिकित्सक ने बताया कि स्थिति काफी नाजुक है। सूचना के अनुसार पता चला है की स्कार्पियों को पीछे से खदेड रहे युवा और ग्रामीणों के सहयोग से भैरोगंज थाना क्षेत्र के तोनवा त्रिभवनी मे पकड़ लिया गया और भैरोगंज थाने को सौंप दिया गया।




## नंदकिशोर राम बने खान व भूतत्व विभाग के आप्त सचिव

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बगहा बिहार सरकार के खान एवं भूतत्व विभाग के मंत्री जनक राम ने विज्ञप्ति जारी कर नंदकिशोर राम कोल्हुआ चौतरवा प चंपारण निवासी को खान व भूतत्व विभाग के आप्त सचिव नियुक्त किया है बता दें कि नंदकिशोर राम जदयू के वरिष्ठ नेता के साथ राज्य परिषद सदस्य के पद पर प्रतिनियुक्त थे ,खान व भूतत्व विभाग के मंत्री द्वारा विभाग के आप्त सचिव बनाए जाने पर जदयू के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने उन्हें बधाई दी है और कहा है कि पार्टी के कार्यकताओं को सदैव सम्मान मिलता रहा है इसी के साथ नंदकिशोर राम को बधाई देने वालों में जदयू के मुख्य प्रवक्ता राकेश सिंह मनोज सिंह प्रखंड अध्यक्ष मुरारी चौधरी जितेंद्र जयसवाल रितु जायसवाल ओम प्रकाश साहू अचिंत्य कुमार लल्ला दीपक राही इम्तियाज अहमद पप्पू गुप्ता जयशंकर प्रसाद आदि ने बधाई दी है



## 21 जुलाई को विशेष अभियान के तहत दिये जायेंगे कोविड के प्रिकॉशन डोज।

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण (बेतिया)**

पश्चिम चंपारण जिलाधिकारी, कुंदन कुमार द्वारा आज स्वास्थ्य विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की गयी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 संक्रमण का फैलाव तेजी से हो रहा है। इसके संक्रमण की रोकथाम के लिए विभाग द्वारा जारी दिशा-निदेशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप टेस्टिंग और वैक्सीनेशन कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निदेश दिया कि बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को दिये जाने वाले नियमित टीकाकरण की दिशा में तीव्र गति से कार्य करें। नियमित टीकाकरण से वंचित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को हर हाल में टीका दिलाना सुनिश्चित किया जाय। उन्होंने निदेश दिया कि ड्यू लिस्ट तथा सर्वे रजिस्टर अपडेशन का कार्य अतिशीघ्र पूरा किया जाय। समीक्षा बैठक में सिविल सर्जन एवं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि कोविड संक्रमण की रोकथाम हेतु नियमित रूप से टेस्टिंग करायी जा रही है। इसके साथ ही प्रिकॉशन डोज भी दिया जा रहा है तथा फर्स्ट एवं सेकेन्ड डोज से अबतक वंचित व्यक्तियों को भी टीका से लाभान्वित किया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि दिनांक-21.07.2022 (गुरूवार) को प्रिकॉशन डोज के लिए विशेष अभियान चलाया जाना है। इस हेतु जिले में 595 टीकाकरण स्थल बनाया गया है। प्रिकॉशन डोज 18 वर्ष से उपर के वैसे व्यक्ति को देना हैं जिन्होंने 60 दिन पूर्व कोविड वैक्सीन का सेकेन्ड डोज ले लिया है। उन्होंने बताया कि अबतक 70 प्रतिशत हेल्थ लाइन वर्कर एवं फ्रंट लाइन वर्कर को प्रिकॉशन डोज दिया जा चुका है। साथ ही घर-घर दस्तक देकर भी प्रिकॉशन डोज से लाभान्वित किया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने कहा कि 21 जुलाई को प्रिकॉशन डोज के लिए आयोजित होने वाले विशेष अभियान की सभी तैयारी ससमय कर ली जाय। प्रिकॉशन डोज से वंचित लोगों को टीकाकरण स्थल पर लाने के लिए आशा, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका, विकास मित्र आदि लोगों को जागरूक एवं प्रेरित करेंगे। सिविल सर्जन विशेष टीकाकरण स्थल पर पर्याप्त डोज, अन्य संसाधन एवं मेडिकल टीम की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

## भारतीय खेल कला संस्कृति संवर्धन के लिए नैतिक जागरण मंच वेलफेयर ट्रस्ट ने किया 20 दिवसीय खेल का आयोजन।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

कबड्डी प्रतियोगिता मे नयागांव जूनियर ने 9 अंक के साथ रही विजेता भारत का राष्ट्रीयर खेल कबड्डी से नैतिक जनमंच वेलफेयर ट्रस्ट ने खेल कला संस्कृति संवर्धन के नाम से कार्यक्रम की शुरूआत की। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय बच्चों में खेल कला और संस्कृति का विकास कर समाज के मुख्यधारा से जोड़ना है ।इसी कड़ी में आज की कबड्डी को दो चरणों में आयोजन किया गया । जिसमें कुल 4 टीम ने हिस्सा लिया। पहले चरण में रामपुर वर्सेज बाँसगाँव के बीच हुआ।जिसमें रामपुर की टीम जीत हासिल की। दूसरे चरण में मलकौली जूनियर वर्सेज नयागांव जूनियर के बीच खेला गया। जिसमे नयागांव जूनियर्स विजेता रही।

फाइनल राउंड में दोनों उपविजेता टीम नयागांव जूनियर्स और रामपुर सीनियर्स के बीच कबड्डी 40 मिनट के लिए शुरू हुआ ।जिसमें निर्धारित समय में ही नयागांव जूनियर्स ने 9 अंको से रामपुर सिनियर्स को हराकर अपना दबदबा कायम किया। कबड्डी के तिकड़म पछाड़ व पकड़ने की कला सैकड़ों दर्शकों को मोहित कर रहा था ।लोग कबड्डी के इस अनोखे अजीब तौर तरीके को देखकर प्रफुल्ल हो रहे थे।जानकारी के लिए बता दें कि इनमें कुछ ऐसे भी खिलाड़ी हैं ।जो राज्य स्तर पर खेल चुके हैं। लेकिन सही गाईड और सहयोग के बिना आज वे हतोत्साहित और ठगे से महसूस कर रहे हैं ।इस बीच नैतिक जागरण मंच का यह कार्यक्रम बच्चों को के लिए काफी उत्साहवर्धक सिद्ध हो रहा है। कबड्डी की शुरूआत मुख्य अतिथि श्री प्रकाश कमांडेंट 21 वीं वाहिनी के उपस्थिति में शुरू हुआ। सबसे पहले सभी ने राष्ट्रगान गाए। उसके बाद नैतिक जागरण मंच के सचिव निपपू कुमार पाठक, खेल व कला विभाग की महिल अध्यक्ष श्रीमती शशि पाण्डेय और श्रीमती लक्ष्मी खत्री श्री टुनटुन प्रसाद, श्री हरिकिशुन जी ने अंगवस्त्र से कमांडेंट श्री प्रकाश का अभिवादन किए। तत्पश्चात आमंत्रित पत्रकार



सच न्यूज के उपसंपादक श्री प्रसून पुष्कर और संवाददाता श्री रवि कुमार गुप्त प्रभात खबर के श्री जयप्रकाश वर्मा को भी अंग वस्त्र से सम्मानित किया गया ।कबड्डी खेल के कोऑर्डिनेटर जनार्दन जनार्दन पटेल के बेहतरीन सहयोग और बेहतरीन कार्य सैली के लिए अंग वस्त्र समर्पित करके सम्मानित किया गया। विजेता और उप विजेता टीम को प्रतिकात्मक ट्रॉफी पुरस्कृत किया गया । खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन हेतु बेस्ट प्लेयर ऑफ द टूनामेंट छोटू को , बेस्ट रेडर राकेश कुमार तथा बेस्ट डिफेंडर के रूप में अजीत कुमार को चयनित किया गया। जहां रेफरी के रूप में परवेज अख्तर और सोनू कुमार ने काम किए ।वहीं कमेंटेटर के रूप में प्रदीप कुमार और स्कोरर के रूप में राजीव कुमार को भी 14 अगस्त को सम्मानित किया जाएगा।

## वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस के प्रहार से महिला जख्मीः ग्रामीण

### ग्रामीण व पुलिसकर्मियों में झड़पः हमलावर पुलिसकर्मी घटनास्थल से फरार ग्रामीणो ने एएसआई भूपेंद्र सिंह को बनाया बंधक।

**सामाज जागरण गौनाहा संवाददाता**

गौनाहा / स्थानीय थाना क्षेत्र के बेलवा मोड व मंझरिया गांव के बीच सहोदरा नरकटियागंज मुख्य पथ पर पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मैनाटांड़ थाना क्षेत्र के एक महिला सुनैना देवी 55 बर्ष की पुलिस कर्मी द्वारा डंडा से किए गए प्रहार के कारण बाइक से गिरकर सर फटने को लेकर ग्रामीण उग्र हो गए। जिसको लेकर ग्रामीण व पुलिस के बीच झड़प की स्थिति उत्पन्न हो गळई। जहां से पुलिस को जान बचाने के लिए उल्टे पांव भागना पड़ा । वही जल्द बाजी में भागने के क्रम में एक एएसआई को घटनास्थल पर ही ग्रामीणों ने पकड़ कर बंधक बना लिया। जिसे छुड़ाने के लिए घटनास्थल पर चार थाना के पुलिस बल पहुंचकर बंधक हुए अधिकारी को मुक्त कराया । बंधक हुए अधिकारी की पहचान ए एस आई भूपेंद्र सिंह के रूप में की गई हैं। घटना को लेकर बताया जाता है कि मंगलवार को सहोदरा नरकटियागंज मुख पथ पर आर्यभट्ट अकैडमी स्कूल के समीप स्थानीय पुलिस द्वारा वाहन जांच किया जा रहा था । ग्रामीणों के अनुसार वाहन जांच के दौरान मैनाटांड़ के दो पति पत्नी वहा



पहुंचे, पुलिस वाहन चेकिंग के दौरान बीएमपी के जवान द्वारा उक्त महिला के सर पर डंडा से प्रहार कर दिया गया। जिससे महिला की सर फुट गया महिला घायल अवस्था में चीखने चिल्लाने लगी जिसको लेकर चिमनी मे काम कर रहे मजदूर व ग्रामीण वहां इकट्ठा हो गये घटना को देख भीड़ आक्रोशित होकर पुलिस के चाहत हाथापाई करने लगे। स्थिति को देखते हुए पुलिस बल किसी तरह जान बचा कर वहां से भाग खड़ी हुई ।वही भागने के क्रम मे ही एएसआई भूपेंद्र सिंह को भीड़ ने पकड़ लिया । वहीं कुछ देर बाद गौनाहा, सहोदरा, शिकारपुर व मानपुर थाना मौके पर पहुंचकर भूपेंद्र सिंह को फिर से छुड़ाया । घायल महिला को पुलिस द्वारा इलाज के लिए भेजा दिया गया। ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस द्वारा आए दिन बेवजह कहीं - कहीं रास्ते में गाड़ी लगा कर वाहन जांच करने लगती है और आने जाने वाले लोगों के साथ दुर्व्यवहार करती है। जिसका जीता जागता प्रमाण बेलवा मोड की घटना है । वही इस संबंध में पूछे जाने पर थानाध्यक्ष राजीव नंदन सिन्हा ने बताया कि महिला अपने आप गिर कर जख्मी हो गयी थी किसी के द्वारा कुछ नहीं किया गया था।

## उघड़ा पंचायत में में उत्पन पेयजल की भीषण संकट को लेकर जिलाधिकारी को सौपा आवेदन

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

दरभंगा जिलाधिकारी को आवेदन देते हुए एमएसयू के जिला सचिव भरत महापात्र ने कहा कि गांव में पेयजल की काफी समस्या है। उघड़ा पंचायत के लोगों के घरों में सबमर्सिबल व चापाकल नहीं है।

कुछ लोगों के घरों में चापाकल है वह भी वाटर लेवल नीचे खिसक जाने से बंद हो गया है। लगभग 50 फीसद से अधिक जनता पड़ोसियों के घर जिनके यहां सबमर्सिबल लगा है उनके यहां से पानी लाकर अपनी प्यास बुझा रही है। आगे उन्होंने ने बताया है कि पीएचइडी विभाग द्वारा गांव को गोद लिया गया है लेकिन पीएचईडी द्वारा किए गए कार्य धरातल पर नगण्य है। कई सरकारी चपाकल फिलहाल वाटर लेवल के नीचे जाने से वह भी बंद है। उघड़ा पंचायत में पिछले पंचवर्षी में ही पीएचईडी द्वारा गोद लिया गया था, लेकिन अभी तक एक बूंद भी लोगों के घरों में पानी नहीं पहुंचा है। आधे से अधिक घरों में नल लगा दिया गया है। लेकिन अधिकांश जगहों पर पाइप लीकेज है। वाटर सप्लाई पाइप को भी पूरे गांव में नहीं जोड़ा गया है। इस संबंध में संवेदक से कई बार संपर्क किया गया। लेकिन आज तक दुरुस्त नहीं किया गया। आगे श्री महापात्र ने कहा कि यदि कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया तो उघड़ा पंचायत की जनता सड़क पर उतरेगी।



## नगर पंचायत चुनाव को लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन ने किया बैठक

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

बिरौल नगर पंचायत चुनाव को लेकर मिथिला स्टूडेंट यूनियन की ओर से बैठक का आयोजन बिरौल प्रखंड अध्यक्ष नवीन सहनी के नेतृत्व में किया गया।

जिसमें नगर पंचायत की वार्ड पार्षद की सभी ग्यारह सीटों, मेयर तथा डिप्टी मेयर के पद पर चुनाव लड़ने की घोषणा की गई। साथ ही दर्जनों साथी मिथिला स्टूडेंट यूनियन की सदस्यता ग्रहण की।



फलस्वरूप वार्ड संख्या 7 के मिथिलावादी पार्षद प्रत्याशी के तौर पर बलराम सहनी को नियुक्त किया गया साथ ही साथ उन्हें मिथिला स्टूडेंट यूनियन के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी भी सौंपी गई।

मौके पर अशोक साहू, संजीत सहनी, चंदन, विक्रम झा, विश्वनाथ सहनी , दिलीप साहू, गंगा प्रसाद सुमन, बादल,सचिन ने भी मिथिलावादी विचारधारा को जन जन के बीच पहुंचाने के लिए मिथिलावादी सदस्यता ग्रहण किया।

## वनपोषकों के मजदूरी का अविलंब भुगतान हेतु अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा और भाकपा माले ने मनरेगा कार्यालय बैरिया पर किया प्रदर्शन

**समाज जागरण पश्चिम चंपारण/चंपारण**

अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा और भाकपा माले ने मनरेगा में मजदूरों के बकाया भुगतान को लेकर बैरिया के मनरेगा कार्यालय पर प्रदर्शन कर बकाया भुगतान का मांग किया।

उक अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए माले नेता सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि नीतीश मोदी राज मजदूरों ने लिए भुखे मारने के राज में तब्दील हो गया है। सरकार ने मनरेगा से बगही रतनपुर पंचायत में वर्ष 2019 में पेंड लगा मजदूरों को बहाल किया। लेकिन तीन साल में अब तक मात्र छः से सात माह का भुगतान हुआ है। लोग भुखे मरने के लिए मजबूर हैं। सरकार मजदूरों के मजदूरों का भुगतान अविलंब करें वर्ना अखिल भारतीय खेत ग्रामीण मजदूर सभा और भाकपा माले आंदोलन के लिए बाध्य होगा।



माले नेता जोखू चौधरी ने कहा कि मनरेगा कार्यालय में मजदूरी के भुगतान के लिए लोग दौड़ लगा रहे हैं। अंचल प्रशासन सुनने के लिए तैयार नहीं है।

मोजम्मिल हुसैन ने कहा कि मनरेगा पी ओ कार्यालय से गायब रहते हैं। मजदूर अपनी समस्या को लेकर आते हैं तो यहां कोई सुनने के लिए मिलता नहीं है। मौके पर भिखारी बैठा,शिवधारी राम , तपस्वी राम, ध्रुव राम, मोहन राम,मतिलाल राम, मोती महतो, शंकर महतो आदि उपस्थित थे।

## सड़क दुर्घटना में दो चचेरे भाइयों की मौत , गांव में पसरा मातम दोनों पत्नियों सहित परिवार का रो-रोकर हो रहा है बुरा हाल।

**सामाज जागरण मोहम्मद आजाद**

गौनाहा / मटियरिया थाना क्षेत्र के मेहनौल कला गांव के दो चचेरे भाइयों की सड़क दुर्घटना में हुई मौत से जहां पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है वही मृतक के पत्नी सहित पूरे परिवार के लोगों का रो रो कर बुरा हाल हो रहा है । दोनों युवक सोमवार को अपने घर से लौरिया थाना क्षेत्र के धोबनी गांव श्रवण राम के ससुराल जा रहे थे । इसी बीच रात्रि करीब 10:00 बजे लौरिया मलाही टोला के बीच धोबी मोड़ के आसपास विपरीत दिशा से तेज गति से आ रहे किसी अज्ञात वाहन द्वारा बाइक सवार दोनों युवकों को टक्कर मार दिया जिसके कारण घटनास्थल पर ही दोनों युवकों की मृत्यु हो गई ।दोनों युवक पेशे से ट्रेक्टर ड्राइवर थे । ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि दोनों मृतकों के परिवार का स्थिति दयनीय है मेहनत मजदूरी के भरोसे परिवार का गुजर बसर चलता है। मृतक श्रवण राम जिनकी उम्र 26 वर्ष है जिसके पिता भरत राम घर से बाहर केरला मजदुरी करने के लिए गए हैं । दोनों मृतकों के माता की साया बाल अवस्था में ही सर से उठ चुकी है । श्रवण राम की 24 साल है चार भाइयों में दो भाइयों से छोटा था । उनसे बड़ा भाई हरदेवराम हरेंद्र राम एक बहन भटूमनी देवी जिनकी शादी एक साल



छोटा भाई श्यामसुंदर राम जो बरसों से घर में बीमार पड़ा है बहन पूजा देवी जिसकी शादी 2 साल पूर्व हो चुकी हैं वह अपने घर बस रही है। वही मृतक की पत्नी प्रतिमा देवी अकेली घर में हैं जिससे कोई संतान भी नहीं है मृतक की पत्नी घटना को सुन कर बेहोश हालत में पड़ी है । वही मृतक वीरेंद्र राम जिनकी उम्र पूर्व हो चुकी हैं । पिता रमियाद राम सभी मजदूरी कर घर परिवार चलाते हैं। वही-पत्नी किशनावती देवी गर्भवती हैं । पति की मौत की खबर सुन बेहोशी हालत में पड़ी है । पोस्टमार्टम के बाद दोनों मृतकों के शव का एक ही साथ उनके गांव के ढोगाही नदी पर अंतिम संस्कार किया गया है।

## हलवा खाने से खेखरिया टोला गांव के एक दर्जन से ज्यादा बच्चे हुए बिमार।

**समाज जागरण बगहा से नीरज मिश्रा**

बीमार बच्चों में दुकानदार का पोता भी है शामिल।

बगहा, मंगलवार की अगले सुबह प्रखण्ड बगहा एक के पंचायत राज नगर पंचायत के खेसरिया टोला गांव में एक दुकान से हलवा खरीद कर खाने के बाद एक ही गांव के एक दर्जन से अधिक बच्चे बीमार हो गए हैं। सभी बीमार बच्चों को आनन-फानन में स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया। जा हालत नाजुक देखते हुए बगहा अनुमंडल अस्पताल में भेज दिया गया हैं। जहां कई बच्चों की स्थिति नाजुक बनी हुई है। इलाज के बाद उनकी स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। मिली जानकारी अनुसार लग भग 20 बच्चों को बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है । वही गांव के अन्य कई बच्चे भी धीरे-धीरे बीमार हो रहे हैं। घटना के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है। दुकानदार रविंद्र चौधरी प्रतिदिन की भांति मंगलवार की सुबह हलवा बनाकर अपने दुकान पर रख दिए। रोज की तरह बच्चे हलवा खरीद कर खाकर खेलने में मशगूल हो गए। तभी कुछ बच्चों को उल्टियां शुरू हो गई। देखते ही देखते या बीमारी तकरीबन एक दर्जन से अधिक बच्चों में शुरू हो गई। इसमें दुकानदार रविंद्र का पोता भी शामिल है। अस्पताल उपाधीक्षक डॉक्टर एके तिवारी ने बताया कि जो भी बच्चे भोजन किए थे वह विषाक्त भोजन नहीं था। हलवा में छिपकली या किसी जीव की गिरने की संभावना ना के बराबर है। बच्चों के लक्षण देखकर लग रहा है कि फूड प्वाइजनिंग हुआ है। फिलहाल बच्चे खतरे से बाहर हैं। सभी बच्चों को डॉक्टरों की टीम के द्वारा लगातार मॉनिटरिंग कराई जा रही है। बिमार बच्चों में प्रेम कुमार के दो वर्षीय पुत्री किरण कुमारी, झुन्नू पटेल की 4 वर्षीय पुत्री संजना और 6वर्षीय पुत्री सुहानी कुमारी, छोटक साह के 8 वर्षीय पुत्री निशा, ओम प्रकाश राय की 3 वर्षीय पुत्र सागनी कुमारी अमरेश साह की 13 वर्षीय पुत्री नेहा रामपुकार शर्मा की 3वर्षीय पुत्री रूपेश, रामपुकार



शर्मा के 4 वर्षीय पुत्र रोहन शर्मा सलाउद्दीन बैठा के 6 वर्षीय पुत्र इरफान बैठा, एल रमजान शर्मा, एक वर्षीय पुत्र अरविंद कुमार व कुंदन कुमार, हीरा लाल चौधरी के 10 वर्षीय पुत्र निरंजन आदि शामिल है। यह घटना की सूचना मिलते ही बगहा एसडीपीओ कैलाश प्रसाद व नगर परिषद सभापति प्रतिनिधि धीरज सहनी अस्पताल में पहुंच कर बच्चों का हाल जाने और ईश्वर से प्रार्थना की कि बच्चे जल्द से जल्द स्वस्थ हो क्योंकि आने वाले समय में यही बच्चे देश के भविष्य हैं इनमें से पता नहीं आने वाले समय में कौन क्या बनेगा। इसके साथ ही अस्पताल की व्यवस्था को देखकर अस्पताल उपाधीक्षक अशोक कुमार तिवारी की प्रशंसा भी किया।

## हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार दूसरा फरार

**समाज जागरण मुरारी झा**

दरभंगा जिला के लहेरियासराय नगर थाने की पुलिस ने सोमवार को लालबाग पानी टंकी के पास छापेमारी कर हथियार के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार कर लिया। वह लालबाग का ही रहने वाला अताउल रहमान उर्फ जुगनू है। थानाध्यक्ष सत्येंद्र चौधरी ने बताया कि जब उन्होंने पुलिस बल के साथ छापेमारी की तो वहां से अपराधी को गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि




अपराध की साजिश में गिरफ्तार आरोपित का भाई जियाउर रहमान शेख उर्फ बौना भी शामिल है। वह मौके से फरार हो गया।

उधर, नगर थाने की पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार चल रहे एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। वह लालबाग का रहने वाला विकास कुमार उर्फ विक्की है

## भ्रष्ट पुलिस पदाधिकरी के हाथ बहादुरपुर थानाध्यक्ष की कमान :- अभिजीत कुमार

**समाज जागरण मुरारी झा दरभंगा**

मानवाधिकार इमरजेंसी सोशल हेल्पलाइन के प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत कुमार में पुलिस मुख्यालय को पत्र लिख बहादुरपुर के वर्तमान थाना अध्यक्ष के विरुद्ध कार्रवाई का अनुरोध किया है प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि बहादुरपुर थाना क्षेत्र में जमीनी की खरीद बिक्री एवं विवाद में भू माफियाओं को अपने लाभ के लिए थानाध्यक्ष प्रत्यक्ष रूप से संरक्षण दे रहें हैं जिसका साक्ष्य मौजूद है जमीनी विवाद हो रहे में गंभीर घटना में भी थानाध्यक्ष द्वारा अपराध की प्रकृति देखने के बावजूद प्राथमिकी दर्ज ना कर अपने बचाव में सीआरपीसी की धारा 107 की मामूली कार्रवाई नाम मात्र कर दी जाती है

वही जब अनुमंडल दंडाधिकारी के यहां से सीआरपीसी 144 का जांच प्रतिवेदन की मांग की जाती है तो एक पक्ष को लाभ प्रदान करने का मकसद से जांच प्रतिवेदन जानबूझ कर विलंब से भेजी जाती है जिस कारण पीड़ित को न्याय नहीं मिल पाता है अन्य और गंभीर अपराध की



प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाना का चक्कर पीड़ित को लगाना पड़ता है अंत में चढ़ावा चढ़ाने के बाद ही प्राथमिकी दर्ज की जाती है इन सारी बातें से विभाग के वरीय अधिकारी भी अवगत हैं उसके बावजूद कार्रवाई नहीं करते आगे प्रदेश अध्यक्ष ने लिखा कि पूर्व प्रभारी एसएसपी के द्वारा कई दागी पदाधिकारी का पोस्टिंग मोटी रकम लेकर की गई थी जिसमें बहादुरपुर थाना भी शामिल था जबकि बहादुरपुर इंस्पेक्टर इंचार्ज का थाना है उसके बावजूद अवर निरीक्षक को कमान सौंपी गई वर्तमान एसएसपी द्वारा कमान संभालते ही कई कर्तव्यहीन लापरवाह थानाध्यक्ष को हटाया गया लेकिन बहादुरपुर एवं अन्य थानाध्यक्ष तरफ ध्यान आकृष्ट नहीं हो पाया जिस कारण थाना क्षेत्र में अपराध और भ्रष्टाचार व्याप्त है ।

## भागलपुर के पर्वती मोहल्लेवासियों ने पानी की किल्लत को लेकर नगर निगम के खिलाफ किया जमकर हंगामा।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

पर्वती मोहल्ले में पानी की किल्लत के कारण लोगों ने जमकर किया हंगामा, पिछले कई दिनों से मोहल्ले में लगी सरकारी बोरिंग खराब हो गया है। जिसके कारण वार्ड नंबर 13 व 14 की जनता बोरिंग खराब होने के कारण पानी की किल्लत से दो-चार हो रही है। जिसको लेकर



आज घर की महिलाएं बच्चे और युवा सड़क पर उतर आए और मोहल्ले की सड़कों पर जमकर नगर निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। मोहल्ले के लोगों का कहना है कि नगर निगम के द्वारा 2-4 टैंकर पानी भेजा जाता है लेकिन उसमें परिवार का कार्य पूरा नहीं हो पाता है। वही आम लोग जल्द से जल्द बोरिंग मरम्मत कराने की मांग कर रहे हैं।

## अनिश्चित कालीन हड़ताल पर शिक्षकेत्तर कर्मी तेरह सूत्री मांग को लेकर।

**नारायणपुर समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रखंड के जयप्रकाश महाविद्यालय के मुख्य द्वार पर शिक्षकेत्तर कर्मचारी संघ ने तेरह सूत्री मांग को लेकर अनिश्चित कालीन हड़ताल किया.कॉलेज कर्मचारी संघ अध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुमार ने बताया कि कर्मचारी का सेवाकाल संपुष्टि सहित



तेरह सूत्री मांग पर किया है जब तक मेरी मांग पूरी नहीं होगा तब तक हड़ताल जारी रहेगा.हड़ताल के चलते बीए पार्ट टु का परीक्षा स्थगित हुआ.मौके पर अमित कुमार, सुनील कुमार, मिथिलेश झा, संजय कुमार यादव, पप्पु मिश्रा सहित अन्य कर्मी मौजूद थे.।

## महाविद्यालय की कृषि योग्य भूमि की बंदोबस्ती साढ़े पन्द्रह लाख रूपया में हुआ।

**नारायणपुर :-----समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

प्रखंड के प्राथमिक शिक्षक शिक्षा प्रशिक्षण महाविद्यालय नगरपारा का कृषि योग्य भूमि की बंदोबस्ती सोमवार को सीओ अजय सरकार व महाविद्यालय प्राचार्य प्रो दीपक कुमार व प्रो ब्रजेश कुमार के नेतृत्व में हुआ. बंदोबस्ती में




सात लोग ने हिस्सा लिया.जिसमें खुला डाक में उच्च बोली पूर्व मुखिया बैरिस्टर सिंह ने साढ़े पन्द्रह लाख रूपया का लगाकर कराया.मुख्य रूप से बोली विवेकानंद सिंह व पूर्व मुखिया में रहा.मौके पर प्रो राजेश कुमार,प्रो रवि कुमार,प्रो रघुनंदन कुमार, भवानीपुर थानाध्यक्ष रमेश कुमार साह, थाना के एएसआई मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे.।

## 13 अगस्त को नवगछिया व्यवहार न्यायालय में किया जाएगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

अगले महीने 13 अगस्त को नवगछिया व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा. एक प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए व्यवहार न्यायालय नवगछिया के एसडीजेएम सह विधिक सेवा समिति के सचिव रविरंजन ने कहा कि लोक अदालत में सुलहनीय वादों का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमती से किया जाएगा. श्री रविरंजन ने कहा कि लोक



अदालत का फायदा अधिक से अधिक लोग ले सके इसके लिये व्यापक पैमाने पर जनजगरूता अभियान चलाने की अपील की गयी है. उन्होंने कहा कि ऋण वाद से संबंधित मामले में बैंकों के प्रतिनिधियों को लचीला रवैया रखने की अपील की गयी है. उन्होंने कहा कि लोक अदालत की तैयारी व्यापक पैमाने पर की जा रही है.

## महिला ने लगाया अपने विरोधियों पर मारपीट का आरोप।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

परवत्ता थाना क्षेत्र के अंजनी देवी ने नवगछिया थाना में एक आवेदन देकर अपने विरोधियों पर मारपीट और गाली गलौज करने का आरोप लगाया है. अंजनी देवी का कहना है कि वह तारीख करने सोमवार को न्यायालय आयी थी. न्यायालय से बाहर निकलने



के बाद उसके विरोधी पक्षकारों ने वकालतखाना के पास उसके साथ मारपीट की. देर शाम अंजनी देवी ने थाने को मामले की लिखित सूचना दी है जबकि नवगछिया पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है.।

## दो पक्ष के बीच विवाद के बाद ग्रामीणों ने अवरूद्ध किया रास्ता।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

दो पक्षों के बीच वाद विवाद के बाद एक पक्ष द्वारा बेलसंडी गांव में बड़ी



संख्या में ग्रामीणों के एक मात्र रास्ते को बांस लगा कर अवरूद्ध कर दिया है.। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त रास्ता निजी जमीन हो कर जाता है.। इसलिये मामले में प्रशासन को हस्तक्षेप कर वैकल्पिक रास्ते की व्यवास्था करना चाहिए।घटना ढोलबज्जा थाना क्षेत्र की है ।

## मिरजाफरी में दो पक्षों के बीच पथराव।

**खरीक समाज जागरण /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

खरीक थाना क्षेत्र के मिरजाफरी गांव में दो पक्षों बीच विवाद के बाद जम कर पथराव होने की सूचना है. मामले की जानकारी मिलते ही खरीक पुलिस मौके पर पहुँची.काफी मशक्कत के बाद स्थिति को नियंत्रित किया.इसके बाद नवगछिया एसपी एसके सरोज,एसडीओ यतेन्द्र पाल, एसडीपीओ दिलीप कुमार,नवगछिया, बिहपुर, झंडापुर, ढोलबज्जा समेत अन्य थाने की पुलिस पदाधिकारी और बड़ी संख्या में पुलिस बलों के साथ घटना स्थल पहुँचे.जहाँ माइकिंग कर दोनों सम्प्रदायों द्वारा लगाया गया भीड़ को हटाया, इसके बाद स्थिति नियंत्रित हुआ.।

# स्वतंत्रता सेनानी देश की धरोहर है उनकी मदद करना देश का कर्तव्य :- हिमांशु शेखर

### स्वतंत्रता सेनानी विष्णु देव नारायण सिंह को चिकित्सीय सुविधा मुहैया कराने को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को को लिखा पत्र

**दैनिक समाज जागरण**
**विश्वनाथ आनंद**

टेकारी (गया बिहार):- देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम शहीदों का जय- जय कार करते है, उनका गुणगान करते हैं,एवं उन्हें नमन करते हैं,लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि हम अपने जीवित स्वतंत्रता सेनानियों को उपेक्षित और असहाय छोड़ चुके हैं। उक्त बातें केसपा निवासी सह सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहीं ' उन्होंने आगे कहा कि गया जिले के एकमात्र जीवित स्वतंत्रता सेनानी टिकारी प्रखंड के चितौखर ग्रामवासी विष्णुदेव नारायण सिंह अपने जीवन और मौत के बीच संघर्ष कर रहे है। इस संघर्ष में किसकी विजय होगी, यह कोई नहीं जानता है, लेकिन उनका परिवार आखरी सांस तक उनके जीवन के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगाए हुए है। महान



स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह गया जिले के एक निजी अस्पताल अर्श सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ,गया में अपनी जीवन और मृत्यु के बीच जूझ रहे है। कुछ वर्ष पूर्व राष्ट्रपति ने उन्हें सम्मानित किया था, लेकिन आज सरकार से गुहार लगाने के बावजूद भी उन्हें चिकित्सीय सहायता भी उपलब्ध नही हो सकी है। उनके पुत्र सुनील कुमार ने गया जिला प्रशासन से उनके बेहतर इलाज के लिए सुविधा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था, लेकिन कोई भी वृद्ध स्वतंत्रता सेनानी की मदद के लिए कोई आगे नही आ रहा है।सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर ने बिहार के मुख्यमंत्री एवं जिला प्रशासन को पत्र लिखकर स्वतंत्रता सेनानी के बेहतर इलाज की मांग किया है। हिमांशु शेखर ने कहा है कि, आज जिनकी बदौलत देश आजाद है,उनके प्रति सरकार का उदासीन रवैया दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकार को तत्काल स्वतंत्रता सेनानी विष्णुदेव नारायण सिंह को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करानी चाहिए। स्वतंत्रता सेनानी देश की धरोहर है,उनकी मदद करना देश का कर्तव्य है।

## जहानाबाद उप विकास आयुक्त ने सभी आवास सहायकों, पंचायत रोजगार सेवकों तथा विकास मित्रों की संयुक्त बैठक, लक्ष्य से बेहद कम आवास निर्माण को लेकर मांगा स्पष्टीकरण।

**दैनिक समाज जागरण**
**जहानाबाद से वरुण कुमार**

जहानाबाद जिले के हुलासगंज प्रखंड कार्यालय में उप विकास आयुक्त परितोष कुमार के द्वारा सभी आवास सहायकों, पंचायत रोजगार सेवकों तथा विकास मित्रों की एक संयुक्त बैठक प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी तथा प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी की उपस्थिति में की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि आवास प्लस योजना के अंतर्गत 1047 लक्ष्य के विरुद्ध मात्र 40 आवासों का निर्माण पूर्ण किया गया है। तृतीय किस्त की राशि मात्र 44 लोगों को दी गई है। पूछे जाने पर कोई भी आवास सहायक यह नहीं बता सके कि लाभुकों को प्रथम किस्त की राशि कब दी गई थी। पाया गया कि किसी भी आवास सहायक के द्वारा आवास निर्माण का अनुश्रवण और पर्यवेक्षण नियमित रूप से नहीं किया जा रहा है। जबकि विभागीय निर्देश के अनुसार प्रातः 7:00 बजे से क्षेत्र में 'प्रातः कालीन भ्रमण' करते हुए आवास के निर्माण का अनुश्रवण किया जाना है। इस लापरवाही के लिए प्रखंड अंतर्गत सभी आवास सहायकों का एक दिन का मानदेय भुगतान स्थगित रखते हुए उनसे स्पष्टीकरण की मांग की गई कि क्यों नहीं एक दिन के मानदेय की स्थाई कटौती कर ली जाए। सहायकों को चेतावनी दी गई थी यदि वे अपने कार्य पद्धति में सुधार नहीं लाएंगे तो उनके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जीविका के पदाधिकारियों को आवास सहायक का कार्य आवंटित कर दिया जाएगा। आवास योजना के भूमिहीन लाभुकों को भूमि उपलब्ध कराए जाने की समीक्षा अंचल अधिकारी से की गई।

उन्हें निर्देश दिया गया कि हुलासगंज प्रखंड में 6 लाभुक भूमिहीन हैं। उन्हें



3 दिनों के अंदर भूमि उपलब्ध कराई जाए। आवास योजना के लाभुकों को 95 दिन की मजदूरी मनरेगा से दिए जाने के प्रश्न पर सभी पंचायत रोजगार सेवकों से पूछा गया कि इस वित्तीय वर्ष में कितने लाभुकों को मनरेगा योजना से 95 दिन की मजदूरी दी गई। इस पर पंचायत सेवकों के द्वारा कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी जा सकी। इससे क्षुब्ध होकर उप विकास आयुक्त के द्वारा सभी पंचायत रोजगार सेवकों से स्पष्टीकरण की मांग की गयी कि मानव दिवस सृजन हेतु आवास योजना के लाभुकों को मजदूरी का भुगतान क्यों नहीं किया जा रहा है। उपस्थित विकास मित्रों को भी निर्देश दिया गया कि आवास निर्माण में लाभुकों की समस्या का निराकरण करें और उन्हें प्रोत्साहित कर आवास निर्माण के कार्य में तेजी लायें। प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि 25 जुलाई तक सभी चयनित लाभुकों को आवास योजना की द्वितीय किस्त की राशि उपलब्ध करा दी जाए। जल जीवन हरियाली अंतर्गत अमृत सरोवर बनाए जाने की समीक्षा में पाया गया कि हुलासगंज प्रखंड में अब तक मात्र दो ही अमृत सरोवर चयनित किए गए हैं। जबकि हर पंचायत में एक अमृत सरोवर चयनित किए जाने का निर्देश पूर्व में ही कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया गया था। इसे गंभीरता से नहीं लेने के लिए प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछे जाने का निर्देश दिया गया। समीक्षा में पाया गया कि अमृत सरोवर योजनाओं में किये जा रहे कार्य की प्रगति काफी धीमी है। निर्देश दिया गया कि एक सप्ताह के अंदर अमृत सरोवर का कार्य पूर्ण किया जाए ताकि भारी बरसात की स्थिति में यह कार्य बाधित ना हो। प्रखंड विकास पदाधिकारी को प्रखंड स्तरीय सभी पर्यवेक्षी पदाधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मियों के साथ समन्वय बैठक करके सभी कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया।

## एक अधेड़ की सड़क दुर्घटना में हुई मौत, मामला लोदीपुर थाना क्षेत्र के बाइपास के समीप का, मृतक करता था गार्ड का काम।

**भागलपुर समाज जागरण /राजीब पाण्डेय /निभाष मोदी।**

सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा, आए दिन सड़क दुर्घटनाएं होती ही रहती हैं। ताजा मामला लोदीपुर थाना क्षेत्र के बाइपास के बिशनपुर जीछो के समीप का है।भागलपुर जिला अन्तर्गत लोदीपुर थाना क्षेत्र के विशनपुर जिछो बाईपास के समीप तड़के सुबह सुबह ट्रक से टकरा कर एक अधेड़ की मौत हो गई। मृतक की पहचान रसुलगंज के निवासी अनिल सिंह के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक



विशनपुर जिछो स्थित आर बी प्लाजा में गार्ड का काम करते थे। वह अपने घर से साईकिल से काम करने जा रहे थे तभी बाईपास चौराहा से आगे ट्रक से टक्कर लग गयी और मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। आनन फानन में लोदीपुर पुलिस घटनास्थल पर पहुँच कर लाश को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया और ट्रक को ड्राईवर सहित आगे की कारवाई के लिए थाने ले गई।

## मंदिर परिसर में डीजे के धुन पर थिरकते श्रद्धालु।कोसी नदी में जलाभिषेक हेतु स्नान करते श्रद्धालु।

**दैनिक समाज जागरण**
**संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में सावन के प्रथम सोमवारी पर काफी संख्या में शिव भक्तों ने बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। सावन के प्रथम सोमवारी पर के विभिन्न शिवालयों में शिव भक्तों ने बाबा भोले नाथ का पूजा अर्चना किया। इसके लिए श्रद्धालु बिभिन्न तलाव एवं कोसी नदी से जल भर कर भगवान शिव को जलार्पण किया। कोसी महासेतु स्थित महादेव मंदिर में शिवभक्तों के जत्था ने जल भर कर बाबा भोलेनाथ शिव लिंग पर अर्पण किया। जहां सैकडों की संख्या में शिव भक्तों की भीड़ लगी रही। इस दौरान एनएच 57 पर वाहनों का भी आवाजाही धीरे धीरे हो रहा था। महासेतु से पश्चिम एवं पूरब श्रद्धालु के गाड़ियों को लेकर जाम की स्तिथि बनी रही।



जहां किशनपुर पुलिस पूरी मुस्तैदी के साथ मौके पर मौजूद थी। महासेतु स्थित कोसी नदी में श्रद्धालु स्नान करने के बाद जल भर कर बाबा भोलेनाथ पर जलाभिषेक किया। किसी अनहोनी से निपटने को लेकर अंचल से नियुक्त 17 आपदा कर्मी भी मौके पर मुस्तैद रहे। जहां आपदा मित्र महेश कुमार ने बताया कि सुबह चार बजे से हम लोग यहां अपना ड्यूटी कर रहे है।। जहां सुबह से दस बजे तक आठ लोगों का रेस्क्यू किया गया है। इस दौरान आपदा मित्र रामविनोद साह, मो समीउल्लाह, मनोज, ताराकांत, संजीव, रंजीत, सुरेंद्र, भुवन, गोपाल सहित अन्य मौजूद थे। जलाभिषेक के दौरान रतनपुरा गांव स्थित बाबा नेमदेश्वर नाथ महादेव, किशनपुर स्थित किसनेश्वर महादेव, मलाढ़, अभुआर, नरही, राजपुर, सिगियावन सहित अन्य शिव मंदिर में शिव भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया।

## प्रखंड कार्यालय में स्वच्छता समन्वयक को दी गई विदाई

**दैनिक समाज जागरण/संवाददाता मो0जियाउद्दीन।**

किशनपुर,स्वच्छता समन्वयक के स्थानांतरण पर प्रखंड कार्यालय में रविवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड प्रधान घनश्याम मिश्रा ने की। इसमें तत्कालीन स्वच्छता समन्वयक श्याम नंदन प्रसाद को बुके व फूल गुलदस्ता चादर देखकर विदाई दी गई। प्रधान सहायक ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के सभी 16 पंचायतों में स्वच्छता के प्रति जो काम कर दिखाया है । वह सराहनीय है उन्होंने कहा की सरकारी सभी कर्मचारियों का तबादला हमेशा लगा रहता है। वही समन्वयक श्री प्रसाद ने बताया कि प्रखंड में अपने कार्यकाल में यहां के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों का कार्य करने में भरपूर सहयोग मिला है। इनको कभी भुलाया नहीं जा सकता । और कहा कि प्रखंड क्षेत्र के लोगों ने जो प्यार सम्मान दिया है उसको हम कभी भुला नहीं सकते। मौके पर मो रहमान स्वच्छता कर्मी सोनू कुमार सिंह, अनिल कुमार ,संतोष कुमार, संजय कुमार, मुकेश कुमार, ललन कुमार यादव अन्य सुरक्षाकर्मी मौजूद थे

# नवादा में बालू तस्करों के सामने सिस्टम नतमस्तक, रोक का असर नहीं, धड़ल्ले से हो रहा खनन

**नवादा ब्यूरो (धर्म जीत सिन्हा)**
**समाज जागरण**

नवादा:नवादा में बालू तस्करों की पौ बारह है। यह सफेद झूठ है कि जिले में बालू का खनन नहीं हो रहा है। हमारा दावा है कि धड़ल्ले से खनन व परिवहन हो रहा है। यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि पूरा सिस्टम या तो उन तस्करों के सामने नतमस्तक है या फिर फेल हो गया है।

हम यह बात यूं ही नहीं कह रहे हैं, बल्कि पूरी पड़ताल के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि बालू खनन और परिवहन सामान्य दिनों की भांति हो रहा है। जो भी नदी घाट है वहां रात-दिन खनन का काम जारी है। संबंधित विभाग और प्रशासनिक अधिकारी भी इससे अंजान नहीं है। हां, यह हो सकता है कि नजरअंदाज कर रहे हों। लेकिन, ऐसा क्यों कर रहे हैं, बड़ा सवाल है। कुछ डीके दवा है की मिलीभगत है।

नवादा जिले में दो कारणों से इन दिनों बालू खनन पर रोक है। एक तो अभी बरसात का समय है। जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीने में बालू खनन पर रोक होती है। शेष नौ महीने खनन की अनुमति होती है। नवादा जिले के साथ एक और समस्या है कि यहां बालू का खनन 01 जनवरी 22 से ही बंद है। दिसंबर 21 में बालू घाटों की नये सिरे से बंदोबस्ती हुई थी। लेकिन, कानूनी पचड़े के कारण संवेदक मे. एकलव्य स्टोन कंपनी को कायार्देश नहीं मिल सका था। परिणाम हुआ कि टेंडर का 46 करोड़ रुपये तो सरकार का गया ही, खनन और परिवहन रात का घूप अंधेरा हो या दिन का उजाला लगातार जारी रहा।

आए दिन जिले के किसी न किसी थाना इलाके में बालू लोड वाहनों की



जब्ती इसके प्रमाण हैं। पिछले सप्ताह की ही बात है, खनन विभाग ने हिसुआ थाना की पुलिस के सहयोग से गोनर बिगहा के पास नदी घाट में छापामारी कर 32 ट्रैक्टर को जब्त किया था। मौके से 4 ड्राइवर को गिरफ्तार किया गया था। तब लगा था कि अब बालू चोरी रुक जाएगी। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। अब भी अवैध खनन जारी है।

नवादा नगर और कादिरगंज थाना इलाके का मुसन बिगहा, कलयुगवा, पौरा के पास से धड़ल्ले से दिन रात बालू खनन किया जा रहा है। तीन-चार दिनों पूर्व यानी गुरुवार को मुसन बिगहा घाट पर कुछ देर के लिए अफरा तफरी मच गई। कहीं से सूचना पहुंच गई कि खनन विभाग की टीम आने वाली है। इसके बाद तो लोड वाहनों को अनलोड कर सभी चालक वाहन लेकर इधर-उधर भागने लगे। जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी।

इसी प्रकार की स्थिति वारिसलीगंज के मिल्की घाट का भी है। राजौली, सिरदला, कौआकोल, अकबरपुर, गोविंदपुर, नारदीगंज, हिसुआ थाना इलाके के नदी घाटों से भी बालू की चोरी जारी है।

नवादा के मुसन बिगहा घाट के बारे में बालू का अवैध खनन तो जेसीबी मशीन से किया जाता है। ढोलाई में हाइवा का इस्तेमाल होता है।खुरी नदी के चमड़ा गोदाम के उत्तर ओर सूर्य मंदिर के दक्षिण से हर रोज 30 गाड़ी बालू का उठाव होता है।

जानकार बताते हैं कि गया से प्रति दिन एक चालान मंगाया जाता है, जिसकी आड़ में रात में धड़ल्ले से खनन और परिवहन किया जा रहा है। गया में कुछ बालू बफर स्टॉक में था। उसी की आड़ में यह धंधा हो रहा है।

नवादा शहर में ही जितने भी सरकारी-गैर सरकारी काम हो रहे हैं, चोरी का बालू इस्तेमाल हो रहा है। यह अलग बात है कि खरीदार को ज्यादा कीमत चुकानी पड़ रही है। सुबह 6 बजे से 9 बजे के बीच शहर के जिस गली मोहल्ले में चले जाएं दो-चार स्थानों पर बालू गिरा हुआ मिल जाएगा। अफसरों के आवास व कार्यालय के पास भी यह नजारा देखने को मिल जाएगा। हम यूं ही नहीं कह रहे हैं कि सिस्टम नतमस्तक है।

## अमरपुर गांव में राजद का मिलन समारोह आयोजित हुआ।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि भागलपुर लोस के पूर्व सांसद शैलेश कुमार उर्फ बूलो मंडल शामिल हुए।इस मौके पर अमरपुर के पूर्व मुखिया प्रतिनिधि राजीव सनगही एवं बिहपुर पूरब भाग दो के पूर्व जिला परिषद सदस्य सह नवगछिया पुलिस जिला भाजपा क्रीड़ा प्रकोष्ठ के पूर्व जिलाध्यक्ष राजीवरंजन उर्फ घंटु सिंह,लत्तीपुर उत्तर पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि बमबम सनगही समेत बड़ी संख्या में ग्रामीणों व युवाओं ने राजद की सदस्यता लिया।सभी को माला पहनाकर व सदस्यता पर्ची देकर पूर्व सांसद बूलो मंडल में सम्मानित किया।इस मिलन समारोह को पूर्व सांसद समेत ग्रामीण चंद्रशेखर सनगही,मुखिया प्रतिनिधि विजय यादव,गोपालपुर विस के विधायक प्रत्याशी शैलेश कुमार यादव,नाथनगर के पूर्व जिला परिषद आलोक कुमार,सबौर राजद प्रखंड अध्यक्ष गुड्डू यादव,गौरव कुमार,राम नारायण



शर्मा,बिहपुर पूरब भाग दो के जिला परिषद सदस्य मोईन राइन,वार्ड सदस्य सुमन कुमार,सुजीत कुमार,दिनेश कुमार,जीतू कुमार,कन्हैया कुमार,राहुल कुमार,हिमांशु कुमार,कन्हैया,डब्लू यादव,नवगछिया पुलिस जिला राजद जिलाध्यक्ष अलखनिरंजन पासवान,जिला उपाध्यक्ष छतीश यादव,नंदु यादव,कांतेश उर्फ टीनू यादव,आभास कुमार,सौरभ कुमार व रंजीत कुमार आदि समेत बड़ी में पार्टी कार्यकर्ता व ग्रामीणों की उपस्थिति थी।इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों की ओर पूर्व सांसद का भी अभिनंदन किया गया।पूर्व सांसद ने कहा कि राजद हवा में नहीं बल्कि जमीन पर रहकर आमजन से जुड़े मुद्दों व किकास की राजनीति व बात करती है।वहीं सभी एक स्वर में बिहपुर विस समेत भागलपुर लोस क्षेत्र में विकास की गाड़ी को रफ्तार देने में अपनी अहम भमिका निभाने एवं आमजन की समस्या के निदान के लिए आवाज बनने का संकल्प लिया।इस मिलन सामारोह का संयोजन अमरपुर के ही ग्रामीणों व युवाओं के द्वारा किया गया था।

## अवैध रूप से 5 तरह के सांपों का कर्तव्य दिखाने वाले सपेरा को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

**नवगछिया समाज जागरण /शक्ति ठाकुर /पुरुषोत्तम ठाकुर।**

वन विभाग के द्वारा अवैध रूप से पांच तरह के सांपों का कर्तव्य दिखाने वाले सपेरा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। मिली जानकारी के अनुसार नवगछिया रेंज पदाधिकारी पी एन सिंह को सूचना मिला कि खरीक थाना क्षेत्र में सपेरा के द्वारा सांप का कर्तव्य दिखाया जा रहा है। जो गैरकानूनी है। इसकी सूचना पर रेंज पदाधिकारी के द्वारा छापेमारी किया गया। जिसमें खरीक के मिजार्पुरी में सपेरे



को हिरासत में लेकर सांप को जप्त किया। रेज पदाधिकारी ने बताया कि सपेरा से जो जप्त सांप है उसमें से सभी को जप्त कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। उन्होंने बताया कि इसमें धामिन, सुग्गा एवं बुआ सांप बरामद किया गया है। इस कार्रवाई को लेकर के पीएन सिंह ने बताया कि इसमें वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर कारवाई किया गया है।

## विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है दीक्षांत समारोह : कुलपति

**समाज जागरण**
**मधेपुरा/डॉ.रूद्र किंकर वर्मा।**


दीक्षांत समारोह विश्वविद्यालय का सबसे महत्वपूर्ण आयोजन है। हर एक विद्यार्थी का यह सपना होता है कि वह दीक्षांत समारोह में प्रमाण-पत्र प्राप्त करे।

यह बात कुलपति डॉ. आर. के. पी. रमण ने कही। वे मंगलवार को प्रेस-वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

कुलपति ने कहा कि दीक्षांत समारोह हम सबका आयोजन है। इसमें सबका साथ जरुरी है। हम सबों को मिलकर इसे शानदार एवं यादगार बनाना है। इस समारोह से विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा जुड़ी है और विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा पर ही हमारी प्रतिष्ठा निर्भर है। अतः सबों को इस आयोजन में अपनी-अपनी सर्वोत्तम भागीदारी सुनिश्चित करनी है। 2020 एवं 2021 में कोरोना के कारण नहीं हुआ दीक्षांत

कुलपति ने बताया कि वे कई महिनों से दीक्षांत समारोह की तिथि निर्धारण हेतु प्रयासरत थे और इसके लिए उन्होंने अपने योगदान के साथ ही राज्यपाल सह कुलाधिपति को प्रस्ताव भेजा था। लेकिन वर्ष 2020 एवं 2021 में कोरोना महामारी के खतरों के कारण समारोह का आयोजन नहीं किया जा सका। खुशी की बात है कि लंबे प्रयास के बाद विश्वविद्यालय के प्रस्ताव पर सम्यक विचारोपरांत कुलाधिपति फागू चौहान ने चतुर्थ दीक्षांत समारोह के लिए 3 अगस्त, 2022 की तिथि निर्धारित करने की कृपा की है।

कुलपति ने बताया कि इसके पूर्व विश्वविद्यालय का पहला दीक्षांत कार्यक्रम 29 जून, 2016 को, द्वितीय 23 दिसंबर, 2018 को और



तृतीय दीक्षांत 17 दिसंबर 2019 को हुआ था। सौभाग्य की बात है कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह तीन अगस्त को निर्धारित है।

गोल्ड मेडल में छात्राएं आगे

कुलपति ने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में कुल 45 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किया जाएगा। इनमें 25 छात्राएं हैं, जबकि छात्रों की संख्या मात्र 20 है।

स्नातकोत्तर एवं पीएचडी वालों को मिलेगी उपाधि

उन्होंने बताया कि चतुर्थ दीक्षांत समारोह में पीएच. डी. एवं स्नातकोत्तर के विद्यार्थी भाग लेंगे। इस निमित्त 14 दिसंबर, 2019 से अद्यतन पीएच. डी. डिग्री और स्नातकोत्तर 2016-18 एवं 2017-19, एमडी एवं एमएस 2020 ( ), एमएलआईएस 2019-20, एमएड 2017-19, 2018-20 एवं 2019-21 के विद्यार्थियों का प्रमाण पत्र बन रहा है। कुल 571 विद्यार्थियों द्वारा आवेदन प्रपत्र जमा किया गया है।

साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान

समारोह के निमित्त साफ- सफाई एवं सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है और पूरे परिसर को दुल्हन की तरह सजाने की योजना है। दीक्षा मंच पर मधुबनी पेंटिंग लगाया जा रहा है। अतिथिगृह सहित सभी प्रमुख भवनों के रंग-रोगन का कार्य जारी है। मुख्य द्वार पर लाइट लगाने का प्रस्ताव है।

सबों से सहयोग की अपील

कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह को लेकर विश्वविद्यालय के सभी लोगों से सहयोग की अपील की गई है। पहले सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यों की बैठक हुई थी। सोमवार को विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं स्नातकोत्तर विभागों में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की एक बैठक हुई। मंगलवार को सभी संकायाध्यक्षों एवं विभागाध्यक्षों की बैठक हुई।

इस अवसर पर वित्तीय परामर्शी नरेंद्र प्रसाद सिन्हा, अध्यक्ष, छात्र कल्याण डॉ. पवन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, सीसीडीसी डॉ. इम्तियाज अंजुम, कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर, परीक्षा नियंत्रक आर. पी. राजेश, निदेशक अकादमिक डॉ. एम. आई. रहमान एवं जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. सुधांशु शेखर आदि उपस्थित थे।